संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 28 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



हरियाणा के सीएम मनोहर लाल एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 178 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

**फास्ट न्यूज**

## बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटक रहे पीएम मोदीः कांग्रेस

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मामला उठाया है। वह बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई सहित मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर कोई बात नहीं करते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मणिपुर जल रहा है और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार भी शांति की अपील तक नहीं की है। जबकि वहां बीते 60 दिनों से हालात गंभीर है। वेणुगोपाल ने कहा कि बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए पीएम मोदी ने समान नागरिक संहिता की बात की है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भोपाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से एक घर दो कानूनों से नहीं चल पाएगा, ठीक उसी तरह से एक देश में दो कानून नहीं हो सकते हैं।

## पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में दो गुटों में फायरिंग

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले हिंसा की घटनाएं कम नहीं हो रही हैं। कूच बिहार के गीतलदाहा में मंगलवार सुबह दो गुटों में हुई झड़प में 5 लोगों को गोली लगी है, जिसमें से एक शख्स बाबू हक की मौत हो गई। इस घटना को लेकर स्थानीय भाजपा नेता अजय रॉय ने कहा है कि जो लोग यहां माहौल खराब कर रहे हैं और जिस व्यक्ति की मौत हुई वो बांग्लादेश से आए हैं। उन लोगों के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर लड़ाई हुई थी। इसमें राजनीति का कोई लेनादेना नहीं है।
वहीं, एक स्थानीय टीएमसी नेता अनारुल हक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आधी रात को उनकी पार्टी के लोगों पर हमला किया, जिसके बाद दोनों गुटों में लड़ाई हुई। उन्होंने बताया कि तृणमूल कार्यकर्ता रात को सो रहे थे, तभी कुछ भाजपा समर्थक उनके घरों में घुसे, छह लोगों पर गोली चलाई और एक व्यक्ति को बेरहमी से मार डाला।
**पुलिस तलाश रही बांग्लादेशी कनेक्शन:** कूच बिहार के एसपी सुमित कुमार ने बताया कि कूच बिहार के गीतलदाहा में दो गुटों के बीच मंगलवार सुबह झड़प हुई। फिलहाल मौके पर पुलिस मौजूद है और इस बात की जांच कर रही है कि कहीं स्थानीय नेता बांग्लादेश के अपराधियों की मदद से माहौल खराब करने की कोशिश तो नहीं कर रहे हैं।

# एक घर दो कानून से नहीं चल सकताः मोदी

### यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भ्रम दूर करेगी बीजेपी, तीन तलाक का इस्लाम से संबंध नहींः पीएम

**टो टूक**

> 'भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो सीमा के उस पार भी मार सकता है'

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भोपाल में कहा कि तीन तलाक से इस्लाम का कोई संबंध नहीं है। इसकी वकालत करने वाले वोट बैंक के भूखे हैं। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भड़का रहे हैं। एक घर दो कानूनों से नहीं चल सकता। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर बीजेपी भ्रम दूर करेगी। बिहार में विपक्षी दलों की बैठक पर कहा कि इन सभी दलों के घोटालों को मिला दिया जाए, तो 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी है। प्रधानमंत्री भोपाल में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में इसी साल होने वाले विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने आए थे। उन्होंने मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में मेरा बूथ, सबसे मजबूत अभियान के तहत 543 लोकसभाओं के 10 लाख और मध्यप्रदेश के 64,100 बूथ के कार्यकर्ताओं को डिजिटली संबोधित किया। यहां सभी राज्यों के विधानसभा क्षेत्रों से 3 हजार कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। पीएम ने भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से देश में 5 नई वंदे भारत ट्रेन की भी शुरूआत की। प्रधानमंत्री ने 1 घंटा 52 मिनट बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसकी खास बात यह रही कि पहली बार उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूछे गए सवालों का विस्तार से जवाब देते हुए अपनी बात कही।

### यूनिफॉर्म सिविल कोडः सुप्रीम कोर्ट कह रही कॉमन सिविल कोड लाओ

**पीएम** ने कहा कि **आज** हम देख रहे हैं कि यूनिफॉर्म सिविल कोड के नाम पर भड़काने का काम हो रहा है। एक घर में परिवार के सदस्य के लिए एक कानून हो, परिवार के दूसरे सदस्य के लिए दूसरा कानून हो, तो क्या वो घर चल पाएगा? फिर ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा। भारत के संविधान में भी नागरिकों के समान अधिकार की बात कही गई है। सुप्रीम कोर्ट कह रही है कि कॉमन सिविल कोड लाओ। प्रधानमंत्री ने कहा, 'भाजपा की सबसे बड़ी ताकत आप सभी कार्यकर्ता हैं। आप सिर्फ बीजेपी ही नहीं, आप सब सिर्फ दल ही नहीं, देश के संकल्पों के सिद्धी के भी मजबूत सिपाही हैं।'

**पसमांदा मुस्लिमः इनका शोषण इनके धर्म के एक वर्ग ने किया:** पसमांदा मुस्लिम भाई-बहन हैं। वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने इनका तो जीना मुश्किल करके रखा है। वे तबाह हो गए, कोई फायदा नहीं मिला। कष्ट में गुजारा करते हैं। उनकी आवाज सुनने के लिए कोई तैयार नहीं। उनके ही धर्म के एक वर्ग ने पसमांदा मुसलमानों का शोषण किया है।






### विपक्षः घोटालों में इनका मीटर डाउन नहीं होता

**पीएम** ने कहा कि 2014, 2019 का हाल याद है न। भाजपा के कोर विरोधी दलों में दोनों चुनाव में इतनी छटपटाहट नहीं दिखी, जितनी आज दिख रही है। 2024 में फिर एक बार भाजपा की प्रचंड विजय तय है।

इसी वजह से ये सारे विपक्षी दल बौखलाए हुए हैं। आजकल एक नया शब्द गारंटी बहुत पॉपुलर किया जा रहा है। सारे दलों का घोटाला मिला लिया जाए तो 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी है।

### महंगाईः जिन राज्य में बीजेपी सरकार, वहां पेट्रोल 100 रु. से कम

**भारत** में महंगाई दर नियंत्रण में है। हमारे पड़ोस में पाकिस्तान में महंगाई दर 38% से ज्यादा है। श्रीलंका में 25% से ज्यादा है। भारत में ये 5% से भी कम है। कोरोना के खिलाफ इतने समय से चले आ रहे युद्ध के बावजूद भारत में हमने महंगाई को बेकाबू नहीं होने दिया। भाजपा सरकार का जोर तो लोगों को ज्यादा से ज्यादा बचत कराने पर है। आज हर भारतीय, हर महीने करीब 20 जीबी डेटा इस्तेमाल करता है।

## मणिपुर हिंसा पर सेना का विडियोः हमें कमजोर न समझें...



**हिंसा**

> 24 जून को भीड़ ने प्रतिबंधित संगठन के 12 लोगों को छुड़ाया था, महिलाएं ढाल बनी थीं

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर में** कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर पिछले 54 दिनों से हिंसा जारी है। इस बीच सेना ने एक वीडियो शेयर किया। 2 मिनट 14 सेकेंड के इस वीडियो में मणिपुर के लोगों से सेना के ऑपरेशन में सहयोग करने की अपील की गई है। सेना ने कहा है कि सुरक्षाबलों के ऑपरेशन के दौरान ऐसा कई बार हुआ जब कुछ लोगों ने इसमें दखल डालने की कोशिश की। सेना ने कहा कि हमारे मानवीय व्यवहार को कमजोरी न समझें। आप हमारा सहयोग करेंगे तभी हम मणिपुर में शांति और कानून-व्यवस्था बहाल कर पाएंगे।
24 जून को सेना और मणिपुर पुलिस ने ईस्ट इंफाल में एक जॉइंट ऑपरेशन चलाया था। इसमें प्रतिबंधित संगठन कांगलेई यावोल कन्ना लुप के 12 कैडर्स को पकड़ा था। डिफेंस ने बताया कि सेना ने खुफिया सूचना के बाद इंफाल पूर्व के इथम गांव (एंड्रो से 6 किमी पूर्व) में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था।

### सीएम ने बांटे एक-एक हजार रुपए

**मणिपुर** के सीएम एन बीरेन सिंह ने मंगलवार को राज्य में हिंसा से प्रभावित और राहत शिविरों में रह रहे लोगों को मदद के रूप में रुपए बांटे। सिंह ने बताया जो लोग राहत शिविरों में हैं, जो विस्थापित हैं, उनमें से हर एक को 1,000 रुपए दिए जा रहे हैं।
**हिंसा में अब तक 131 लोगों की मौतः** हिंसा को देखते हुए राज्य में रविवार देर रात को 30 जून तक इंटरनेट पर प्रतिबंध बढ़ा दिया गया है। सर्वदलीय बैठक में गृह मंत्रालय ने हिंसा में अब तक 131 लोगों की मौत की जानकारी दी।

## उराखंड का ऐतिहासिक गोपेश्वर मंदिर एक तरफ झुका

**टीम एक्शन इंडिया/चमोली**
**उत्तराखंड** में बद्रीनाथ और केदारनाथ मंदिर के बीच स्थित ऐतिहासिक गोपेश्वर मंदिर एक तरफ झुक गया है। मंदिर में कई जगह दरारें दिख रही हैं और छत से पानी भी टपक रहा है। मंदिर चमोली के गोपेश्वर मुख्यालय में स्थित है। मंदिर के पुजारी हरीश भट्ट और अतुल भट्ट ने बताया कि मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन, उत्तराखंड सरकार और पुरातत्व विभाग को भी चिट्ठी लिखकर जानकारी दी गई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।
**संरक्षण की जिम्मेदारी पुरातत्व विभाग कीः** गोपीनाथ मंदिर का गर्भग्रह 30 वर्ग फुट पर फैला हुआ है। यह रुद्रनाथ भगवान के शीतकालीन गद्दी पड़ाव का प्रसिद्ध मंदिर माना जाता है। इसके निर्माण की शैली कत्यूरी बताई जाती है, जिसके चलते मंदिर के संरक्षण की जिम्मेदारी पुरातत्व विभाग को दी गई है।
**जोशीमठ और कर्णप्रयाग में मानसून ने चिंता बढ़ाईः** इसी साल जनवरी में जोशीमठ और कर्णप्रयाग में सैकड़ों घरों, होटलों और दुकानों में दरार आई थी। मानसून आने के बाद एक बार फिर यहां के लोगों की चिंता बढ़ गई है।



**दरारें**

> कई जगह दरारें, छत से पानी भी टपक रहा, जोशीमठ-कर्णप्रयाग में मानसून ने बढ़ाई चिंता

## केजरीवाल के बंगले पर जांच की आंच

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास की मरम्मत में हुए खर्च का नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) स्पेशल ऑडिट करेगा। उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना की सिफारिश पर गृह मंत्रालय ने कैग से स्पेशल ऑडिट कराने को मंजूरी दी है। एलजी सचिवालय ने 24 मई, 2023 को मुख्यमंत्री के घर की मरम्मत में हुए खर्च को लेकर गंभीर वित्तीय अनियमितता और नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए गृह मंत्रालय को पत्र लिखा था। इससे पहले 27 अप्रैल को मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर एलजी ने चीफ सेक्रेटरी को मामले में जांच कर तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा था।



वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पूवी ट्रेन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों से बात करत हुए और अपना ऑटोग्राफ दिया।

## कानपुरः ज्वैलरी कारोबारियों के यहां छापेमारी



**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
**कानपुर** में बुलियन, ज्वेलरी और रियल एस्टेट कारोबारियों के प्रतिष्ठानों में चार दिन से चल रही आयकर विभाग ( आईटी) की छापेमारी मंगलवार को खत्म हो गई। 300 अफसरों ने 95 घंटे की रेड में 600 करोड़ के फर्जी लेन-देन पकड़े। ज्वैलर्स के ठिकानों पर रेड के दौरान 25 करोड़ रुपए की नकदी और करीब 70 किलो सोना-चांदी सीज किया है। इसकी तस्वीरें भी सामने आईं हैं। दरअसल, अधिकारियों ने सोमवार सुबह तक 16 करोड़ का कैश जब्त किया था। उन्हें बिरहाना रोड पर एक बंद दुकान में बड़े पैमाने पर कैश होने की जानकारी मिली। टीम सोमवार शाम को वहां पहुंची, यहां शटर खुलवाकर जब जांच की गई, तो कपड़े के एक गट्ठर में 9 करोड़ कैश मिला था। इसी तरह मंगलवार सुबह तक करीब 25 करोड़ कैश टीम जब्त कर चुकी है। आईटी अफसर का दावा है कि यूपी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए सबसे बड़ी कार्रवाई है।
**50 से ज्यादा बेनामी संपत्ति, 100 करोड़ टैक्स चोरीः** आईटी सूत्रों के मुताबिक, टीम ने 50 से अधिक बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए हैं। साथ ही, 100 करोड़ रुपए की कर चोरी

**टैक्स चोरी**

> 300 अफसरों ने 95 घंटे की रेड में 600 करोड़ के फर्जी लेन-देन पकड़ा, 50 से ज्यादा बेनामी संपत्ति

## अगले एक महीने तक महंगा बिकेगा टमाटर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**टमाटर** के दामों में अगले एक महीने तक कमी नहीं आने का अनुमान है। अभी देश के ज्यादातर बाजारों में टमाटर की कीमत 100 रुपए प्रति किलो के पार निकल गई है। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के मुताबिक अभी केरल के एनार्कुलम में टमाटर सबसे महंगा है। यहां दाम 113 रुपए प्रति किलो पहुंच गए हैं।
एक महीने पहले यानी मई में तो उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में टमाटर 2-5 रुपए प्रति किलो बिक रहा था। टमाटर के दामों में आई इस तेजी की वजह भारी बारिश है। बारिश के कारण टमाटर की फसल को नुकसान पहुंचा है जिससे इसकी सप्लाई घट गई है। इसके पहले गर्मी ज्यादा होने से सब्जियां खराब हुई हैं।
**बीते 3 सालों में भी दिखा बारिश में टमाटर के दाम बढ़ने का ट्रेंडः** बीते तीन सालों में भी बारिश में टमाटर के दामों में बढ़ोतरी का ट्रेंड दिखा है। पिछले साल यानी 2022 के जून महीने में टमाटर के दाम 60-70 रुपए किलो तक पहुंच गए थे। इससे पहले 2021 में दाम 100 रुपए और 2020 में दाम 70-80 रुपए प्रति किलो के करीब पहुंच गए थे।




**जेब पर चपत**

> बारिश के कारण फसल को नुकसान; केरल में 113, तो एमपी-गुजरात में 100 रुपए किलो दाम

## अमरनाथ यात्रा- स्वास्थ्य से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्रालय और डीजीएचएस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं और पर्याप्त गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर को हर संभव सहायता देने के साथ भक्तों को यात्रा के दौरान सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## एअर इंडिया प्लेन में पैसेंजर ने फिर शौच-पेशाब किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एअर** इंडिया की मुंबई-दिल्ली फ्लाइट में ट्रैवल कर रहे एक पैसेंजर ने प्लेन में शौच और पेशाब कर दिया। आरोपी को दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया गया। घटना 24 जून की है, जो सोमवार 26 जून को सामने आई। इस मामले में मंगलवार को एअर इंडिया ने कहा कि फ्लाइट में पैसेंजर ने घिनौना व्यवहार किया जिसके बाद हमने उसे फौरन बाकी पैसेंजर्स से अलग किया। दिल्ली लैंड होते ही हमने उसे सिक्योरिटी के हवाले कर दिया। पैसेंजर ने केबिन सुपरवाइजर की चेतावनी भी नहीं मानी एअर इंडिया ने बताया कि 24 जून को मुंबई से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में रो नंबर 9 की सीट पर ट्रैवल कर रहे पैसेंजर ने प्लेन में ही शौच, पेशाब कर दिया और थूका भी।

**प्रौद्योगिकी** उभरते डिजिटल परिदृश्य और बदलती आवश्यकताओं के साथ डिजिटल प्रौद्योगिकी और शासन को एकरूप करने पर बलः मुख्यमंत्री

## प्रदेश के डिजिटल रुपान्तरण पर ध्यान केंद्रित कर रही राज्य सरकारः सीएम

**डिजिटल**

> सुगम एवं सुलभ बनाने में आज के दौर में डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग से क्रांति आई है...

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकारी सेवाओं को सुगम एवं सुलभ बनाने में आज के दौर में डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग से क्रांति आई है। डिजिटल सूचना और सेवाओं तक पहुंच के संबंध में नागरिकों की बढ़ती आकांक्षाओं के अनुरूप सरकारी विभागों के डिजिटल रूपान्तरण में तेजी लाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का नाम बदलकर डिजिटल प्रौद्योगिकी और गवर्नेंस विभाग करने को मंजूरी दी है। साथ ही इससे विभाग का दायरा भी व्यापक हुआ है।उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी और गवर्नेंस विभाग ऑनलाइन सरकारी सेवाओं, डिजिटल भुगतान प्रणाली, विभिन्न ई-गवर्नेंस पहलों तथा अन्य डिजिटल सेवाओं को लागू करने और इनके प्रबन्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन प्रयासों का उद्देश्य सरकारी सेवाओं में दक्षता, पारदर्शिता और इनके प्रति लोगों के समग्र अनुभव को बढ़ाना है।
सरकार के इस कदम से यह विभाग अपनी जिम्मेदारियों पर और अधिक केन्द्रित होकर कार्य कर सकेगा। मुख्य रूप से शासन और सार्वजनिक सेवा वितरण में सुधार के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग के नाम में यह बदलाव पर्याप्त संसाधनों और उपयुक्त संरचना के माध्यम से वर्तमान जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की दिशा में भी कारगर होगा।



### उभरती प्रौद्योगिकी को बढ़ावा मिलेगा

**सूचना** प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली डिजाइन और विनिर्माण ईएसडीएम क्षेत्र में निवेश के साथ उभरती प्रौद्योगिकी को बढ़ावा मिलेगा और निवेश भी आकर्षित होगा। शिक्षा जगत, उद्योग और सरकार के बीच सहयोग और साझेदारी भी मजबूत होगी।

# पौधारोपण अभियान को लेकर एसडीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**एसडीएम** अम्बाला छावनी सतिन्द्र सिवाच ने अपने कार्यालय में पौधारोपण अभियान के तहत बीईओ, सरकारी व निजी स्कूल मुखिया तथा वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए स्कूलों व अन्य स्थानों पर पौधारोपण किये जाने बारे चर्चा की। इस दौरान एसडीएम ने इस विषय को लेकर 15000 पौधे रोपित करने का जो लक्ष्य रखा गया है, उसे बारे सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने कहा कि जहां पौधारोपण किया जाना है, वहीं पौधों के संरक्षण बारे भी हमें स्कूली विद्यार्थियों व अन्य को प्रेरित करना है। धरती को हरा-भरा बनाये रखने के लिये पौधारोपण अति आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान के तहत जिन स्कूलों में यदि



जगह की कमी है, वहां पर गमलों में पौधों को लगाना है, हर्बल वाटिका के तहत जहां पर पौधे लगाए जाएंगे, उस पौधे से सम्बन्धित पट्टिकाएं भी लगानी हैं ताकि पौधे की विशेषता बारे सभी को जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि पौधारोपण अभियान के तहत विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए जाएंगे। पौधारोपण अभियान के तहत विद्यार्थियों को

**निर्देश**

**8 एसडीएम ने इस विषय को लेकर 15000 पौधे रोपित करने का जो लक्ष्य रखा गया है, उसे बारे सम्बन्धित को दिशा-निर्देश भी दिये**

कैसे पौधे लगाने है, उनका संरक्षण कैसे करना है, इसकी भी जानकारी देनी है। पौधारोपण की महत्वता बारे स्कूलों में प्रतियोगिताएं भी हों ताकि सभी को इस बारे जानकारी मिल सके और पर्यावरण संरक्षण में अपना सहयोग दे सकें। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को बेहतर समन्वय के साथ सभी जगहों पर पौधे उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिये। एसडीएम ने यह भी कहा कि यह मौसम पौधों को लगाये जाने के लिये अनुकूल है। उन्होंने बताया कि पौधारोपण अभियान के तहत नीम, अर्जुन, पीपल, साल, गुलमोहर, अशोका, बेलपत्र, बोटलब्रश, जामुन, आम, बेहड़ा, आंवला, हरश्रृंगार, मोगरा इत्यादि किस्म के पौधे लगाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि हर्बल वाटिका के तहत बरगद, पीपल, नीम, तुलसी, गिलाये इत्यादि रोपित किये जाएंगे। पौधारोपण अभियान के तहत जो स्कूल अच्छा कार्य करेंगे, उन्हें पर्यावरण दिवस के साथ-साथ अन्य राजकीय समारोह के दौरान सम्मानित करने का काम भी किया जाएगा। एसडीएम ने बैठक के दौरान जहां सभी को पौधारोपण के लिये प्रेरित किया, वहीं यह भी कहा कि वर्षा के दौरान स्कूलों में पानी का संचय हो, उस दिशा में भी कार्य करें। पेड़ों की जो पत्तियां हैं, उनसे कम्पोस्ट बनाने बारे भी कहा। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल मुखिया यह भी सुनिश्चित करें के स्कूल भवन की छतें हैं।

# आशा एक प्रयास ट्रस्ट का प्रथम स्थापना दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
आशा एक प्रयास ट्रस्ट का प्रथम स्थापना दिवस स्थानीय ग्रोवर टावर कचहरी चौक पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के द्वारा वर्ष भर में किए गए सेवा कार्यों का विस्तार से वर्णन किया गया तथा आगामी सेवा योजना पर चर्चा की गई ट्रस्ट के प्रधान प्रेम भाटिया ने बताया हमारा ट्रस्ट पिछले 1 वर्ष से निरंतर समाज में जरूरतमंद लोगो की सेवा कर रहा है। विशेष तौर पर गरीब विद्यार्थियों को किताबें कापियां एवं किसकी सहायता प्रदान की गई तथा समय-समय पर आंखों का फ्री चेकअप कैंप हेल्थ चेक अप कैंप लगाकर लोगों की सेवा की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक ब्रिगेडियर जिनेश खेड़ा डॉ प्रदीप स्नेही प्रदीप ग्रोवर कांट्रैक्टर आशा एक प्रयास संस्था के महासचिव मनोज गई दो उपाध्यक्ष डॉक्टर यू डी शर्मा एवं अजय बक्शी कथा कार्य करने के सदस्य एवं एकम न्यास इंडिया यूके ट्रस्ट के पदाधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# अंबाला के खिलाड़ी राज्य स्तर व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर रहे नाम रोशन

**सुविधाएं**

**8 खिलाड़ी सुविधाओं का लाभ उठाकर अम्बाला का राज्य स्तर पर तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करें**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** उपायुक्त डॉ. शालीन ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में खिलाडियों को खेल सम्बधी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। अम्बाला में भी खेल सम्बधी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। खिलाड़ी इन सुविधाओं का लाभ उठाकर जिला अम्बाला का राज्य स्तर पर तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करें। डॉ. शालीन अम्बाला डिस्ट्रीकट बेडमिन्टन एसोसिएशन द्वारा शहीद लैफ्टिनेंन्ट मुकेश आनन्द मैमोरियल स्पोटर्स कॉम्पलेक्स अम्बाला छावनी में आयोजित अम्बाला ओपन डिस्ट्रीक्ट बैडमिंटन चैम्पियनशीप के समापन अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहीं। उपायुक्त डॉ. शालीन ने इस मौके पर चैम्पियनशीप में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि खेल ऐसी चीज है जिसे हर व्यक्ति खेल सकता है, जिस प्रकार हम गाना गुनगुना सकते है, उसी प्रकार हम खेल भी खेल सकते हैं। हरियाणा राज्य में अन्य राज्यों की अपेक्षा खिलाड़ियों को बेहतरीन खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। अम्बाला जिले में भी खिलाड़ियों को खेल सम्बधी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं और खिलाड़ी भी अपनी प्रतिभा से अपने जिले, प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहें हैं। उन्होनें उपस्थित सभी खिलाड़ियों को कहा कि वे खेल सम्बधी इन सुविधाओं का लाभ उठाते हुए अम्बाला जिले का नाम रोशन करें ताकि अन्य खिलाड़ियों को भी इससे प्रेरणा मिल सकें। अम्बाला जिले के खिलाड़ी खेल जगत में हमेशा आगे आकर जिले का नाम रोशन करें। इस मौके पर वशिष्ठ अतिथि के तौर पर कर्नल विक्रांन जैन ने शिरकत की।

मुख्यअतिथि व वशिष्ठ अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों के साथ-साथ रनरअप खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि व वशिष्ठ अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर उनका यहां पहुंचने पर भव्य अभिन्नदन किया।

अम्बाला डिस्ट्रीक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के जर्नल सैक्रेट्री राजेश कुमार ने एसोसिएशन की ओर से मुख्यअतिथि व वशिष्ठ अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि 24 जून से 26 जून तक तीन दिन यहां पर प्रतियोगिता करवाई गई हैं। जिसमें पुरूष व महिला सिंगलस, डबल व मिक्सड डबल बैडमिंटन अन्डर-11, अन्डर-13, अन्डर-15, अन्डर-17, अन्डर-19 आयु वर्ग के साथ-साथ सीनियर पुरूष व महिला सिंगलस, डबल व मिक्सड डबल बैडमिंटन की प्रतियोगिता शामिल रहीं। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया हैं। यहां से जो विजेता खिलाड़ी है उसमें खिलाड़ी राज्य स्तर पर जो प्रतियोगिताएं रोहतक, रेवाड़ी व बहादुरगढ़ में होगी उसमें भाग लेगें। इस मौके पर डीएसओ रामनिवास, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, बैडमिंटन एसोसिएशन के जर्नल सैक्रेट्री राजेश कुमार, एसपी सहगल, आरके शर्मा, सुमेश शर्मा, ललित आन्नद, पूर्णिमा, अनिल गर्ग, मुकेश गुप्ता, प्रियंका जैन, सहगल जी, प्राध्यापक बिन्दू के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता कैंप का किया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा-निर्देशानुसार डीएलएसए द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस को लेकर 26 जून से 3 जुलाई 2023 तक जागरूकता कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पीएलवी जोगिंद्र कौर द्वारा गांव मिजार्पुर व बारवा में नालसा स्कीम 2015 के तहत जानकारी प्रदान की गई। कैंप में गांव मिजार्पुर के सरपंच सुशील कुमार बल्ली ने अधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मिजार्पुर में अवैध तस्करी एवं नशीली दवाओं को किसी भी तरह से पनपने नहीं दिया जाएगा।

# छावनी के महेशनगर क्षेत्र से 10 ग्राम हैरोइन सहित आरोपी गिरतार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना महेशनगर क्षेत्र अम्बाला जगाधरी रोड अम्बाला छावनी के पास से नशा तस्करी के मामले में 25 जून 2023 को सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक संदीप कुमार के नेतृत्व में सूचना के आधार पर तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी प्रतीक उर्फ राज निवासी सोनिया कालोनी थाना महेशनगर अम्बाला छावनी को 10 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार 2 दिन का रिमाण्ड प्राप्त किया। 25 जून 2023 को सीआईए-2 अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि



आरोपी मादक पदार्थों की अवैध तस्करी का कार्य करता है, जो ग्राहकों को मादक पदार्थ देने के लिए थाना महेशनगर क्षेत्र अम्बाला जगाधरी रोड अम्बाला छावनी इन्डोसा फैक्टरी के पास खड़ा है यदि सही समय पर कार्यवाही की जाए तो उसे मादक पदार्थ सहित काबू किया जा सकता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना महेशनगर क्षेत्र अम्बाला जगाधरी रोड अम्बाला छावनी इन्डोसा फैक्टरी के पास से आरोपी को काबू कर तलाशी लेने पर उससे 10 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान प्रतीक उर्फ राज निवासी सोनिया कालोनी थाना महेशनगर अम्बाला छावनी के रूप में हुइ।

# युवाओं को नशे से दूर रखना एनसीबी का लक्ष्य

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री अमिताभ सिंह ढिल्लों आईपीएस साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक श्री शशांक कुमार सावन आईपीएस साहब के कुशल नेतृत्व में कुरुक्षेत्र जिले में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा राज्य परिवहन कुरुक्षेत्र में चालक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों के साथ प्रभारी सुरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा इस कार्यक्रम में साइकिल पर सवार होकर पहुंचे हुए थे। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे हुए उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों बारे अवगत कराया और कहा कि यह समस्या विश्वव्यापी है।



नशे के कारण युवा समय से पूर्व मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं। इस समस्या से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सभी देश एक दूसरे का सहयोग करते हैं।

# 10 लोग आमजन को दे रहें स्वस्थ रहने का संदेश



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
10 लोग और 10 मिनट की तालियां ताऊ देवी लाल पार्क में सालों से एक आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इन तालियों की आवाज ताऊ देवी लाल पार्क में रोजाना सुबह 6 बजकर 5 मिनट पर शुरू होती है और लगभग 6 बजकर 15 मिनट पर हंसी-ठहाकों के साथ तालियों की प्रक्रिया संपन्न होती है। अहम पहलू यह है कि पिछले कई सालों से अलग-अलग विभागों से सेवानिवृत्त अधिकारियों का यह ग्रुप देवी लाल पार्क में एकत्रित होकर सैर करता है और तालियों के दौरान अपने मन की बात को भी साझा करता है।ताऊ देवी लाल पार्क में वैसे तो दर्जनों लोग सुबह के समय सैर करने के लिए पहुंचते है। लेकिन इन सेवानिवृत अधिकारियों का ग्रुप अपने आप में एक अलग पहचान बनाए हुए है। इस ग्रुप में गवर्नर हाउस से लेकर सेना से सेवानिवृत अधिकारी शामिल है। इस ग्रुप के सदस्यों में एमएल शर्मा, डा. डीपी बत्रा, श्याम सुंदर शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, बिशनदास तनेजा, एसएस रोहिल्ला, भारद्वाज, जीएस उप्पल, गुरविंद्र सिंह, यशबीर सिंह, नरेश सैनी, डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह शामिल है, रोजाना सुबह 5 बजे के आसपास देवी लाल पार्क में पहुंचते है और फिर शुरू होती है, इन सेवानिवृत अधिकारियों की नियमित व्यायाम करने की दिनचर्या। सबसे पहले इस ग्रुप के लोग पूरे पार्क के दो या तीन चक्कर लगाते है जो लगभग 3 से 4 किलोमीटर की सैर बनती है।

**पहल**

**8 लगभग 6 बजकर 15 मिनट पर हंसी-ठहाकों के साथ तालियों की प्रक्रिया संपन्न होती है**

# भाजपा के शासनकाल में करवाए गए विकास :सुभाष सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** थानेसर के विधायक सुभाष सुधा ने कहा है कि बडे-बुजुर्गों का आशीर्वाद परमात्मा के आशीर्वाद से कम नहीं होता क्योंकि घर परिवार के बड़े-बुजुर्ग ही परमपिता परमात्मा का साक्षात स्वरुप हैं। प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं परम्परा के अनुसार घर से बाहर किसी भी कार्य के लिए बडे-बुजुर्गों का आशीर्वाद सफलता की ओर पहला कदम होता है। वे रविवार को पिपली रोड़ पर स्थित अल्पाइन होटल में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी सिनियर सिटिजन फोरम के 13वें वार्षिकोत्सव के शुभ



अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर केयू सीनियर सिटीजन फोरम के प्रधान केके चौधरी ने मुख्यातिथि सुभाष सुधा, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद के वाईस प्रेजीडेंट धर्मपाल एवं अतिविशिष्ट अतिथि आईडीबीआई बैंक के ब्रांच मैनेजर रमणीक जैन को पुष्पगुच्छ देकर व दौशला औढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सरस्वती वंदना की संगीतमयी प्रस्तुति केयू सीनियर सिटीजन फोरम के प्रैस सचिव डीआर भटनागर द्वारा की गई।

**आशीर्वाद**

**8 बडे-बुजुर्गों का आशीर्वाद परमात्मा के आशीर्वाद से कम नहीं होता, परमपिता परमात्मा का साक्षात स्वरुप हैं**

विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं, क्योंकि वे भाजपा के शासनकाल में लगातार दूसरी बार सत्तासीन हुए है तो उसके पीछे सिर्फ उनके बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद ही वरदान स्वरूप है। उन्होंने भाजपा के शासनकाल में करवाए गए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों का विस्तार से बताया। उन्होंने कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी सीनियर सिटीजन फोरम द्वारा निर्मित 120 पृष्ठीय रंगीन डायरेक्टरी का विधिवत विमोचन करते हुए फोरम के सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का हृदय की गहराई से आभार भी व्यक्त किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला परिषद के वाइस प्रेजिडेंट धर्मपाल चौधरी ने कहा कि बड़े-बुजुर्गों ही समाज में नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों की नींव को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्होंने फोरम को अपनी ओर से 21 हजार रुपये देने की घोषणा भी की।

# महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर मुख्य ट्रेनों के ठहराव के लिए उपकुलपति ने रेलवे मंत्री को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़।** केन्द्रीय विश्वविद्यालय के उपकुलपति ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि महेन्द्रगढ़ रेल्वे स्टेशन पर तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव किया जाए।

इस बारे में श्री सुण्डाराम ट्रस्ट के प्रधान संदीप मालड़ा ने उपकुलपति से पिछले दिनों मुलाकात कर अनुरोध किया था कि विद्यार्थियों की सुविधा एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण ट्रेनों का महेन्द्रगढ़ रेल्वे स्टेशन पर ठहराव होना ही चाहिए। केन्द्रीय विश्वविद्यालय में देश के विभिन्न राज्यों से हजारों बच्चे पढ़ते हैं।

# पदोन्नति में आरक्षण व बैकलॉग को लेकर हजरस 20 अगस्त को करनाल में करेगा विरोध: ओम प्रकाश सरोहा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की एक महत्वपूर्ण मीटिंग आज डॉ अंबेडकर भवन करनाल में राज्य प्रधान डॉ दिनेश निंबड़िया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के राज्य प्रधान डॉ दिनेश निंबडिया और राज्य कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सरोहा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने संत कबीर जयंती व सन्त रविदास जयंती के अवसर पर दो दो बार की गई पदोन्नति में आरक्षण की घोषणा को पूरा न होने के चलते हजरस आज से ही अपने पांचवें चरण के आंदोलन का आगाज करेगा। उन्होने कहा कि जब से हरियाणा बना है क्लास वन व क्लास टू की पदोन्नति में आरक्षण लागू नहीं हुआ जिसके चलते सभी विभागों में प्रथम व द्वितीय श्रेणी के पदों पर अनुसूचित जाति का प्रतिनिधित्व न के बराबर है। उन्होने कहा कि वर्ष 2015 से पी राघवेंद्र राव कमेटी, अनिल



कुमार आईएएस कमेटी से लेकर आज तक केवल और केवल डाटा इकट्ठा करने का काम पूरा नहीं हुआ जिससे लगता है हरियाणा सरकार की मंशा अनुसूचित जाति वर्ग को उनका संवैधानिक प्रतिनिधित्व प्रदान करने की नहीं है। माननीय मुख्यमंत्री ने खुद माना है अनुसूचित जाति के कर्मचारियों ने लंबे समय तक इस प्रथम व द्वितीय श्रेणी की पदोन्नति में आरक्षण की लड़ाई लड़ी है । उन्होंने यह भी कहा कि पदोन्नति में आरक्षण लागू करने की कोई कानूनी बाधा नहीं है हमने अपने महाधिवक्ता से पूछ लिया है इसके बावजूद भी पदोन्नति में आरक्षण की घोषणा लागू नही की गई जिसके चलते हजरस सभी एस सी कर्मचारी संगठनो को साथ लेकर व समाज की सभी सभाओं व युवाओं को साथ लेकर के सड़कों पर उतरने का काम करेगा क्योंकि पदोन्नति में आरक्षण की लड़ाई एक सामाजिक लड़ाई है इस पदोन्नति से नीचे का रोस्टर खाली होता है और बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। राज्य महासचिव श्री चन्द्रमोहन व प्रेम बकोलिया व जिला प्रधान कुरूक्षेत्र राज पाल बाम्णिया ने कहा की अब मुख्य सचिव महोदय की ओर से जो पत्र जारी हुआ है उसमें सभी विभागों द्वारा रोस्टर रजिस्टर मेंटेन करने की बात कही गई है जबकि हकीकत यह है की अनेक विभागों में रोस्टर रजिस्टर तैयार नहीं है जिसके चलते पदोन्नति में आरक्षण असंभव सा जान पड़ता है। रोस्टर रजिस्टर मेंटेन ना होने की वजह से हजारों का बैकलॉग अनुसूचित जाति वर्ग का खाली पड़ा है जिसके बारे में कोई अता पता नहीं है। उन्होंने कहा की हजरस ने पिछले दो सालों में 200 ज्ञापन खंड स्तर, जिला स्तर,उपायुक्तों के माध्यम से एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का काम किया। जिसमे कैबिनेट मंत्री डॉ बनवारी लाल, एमएलए सत्य प्रकाश जरावता , ईश्वर सिंह, रामकरण काला व श्रीमती गीता भुक्कल , कृष्ण बेदी, उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर अपनी मांगों का समाधान करने के लिए ज्ञापन प्रदान किया है। अब बारी हमारे अनुसूचित जाति वर्ग का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रतिनिधियों की है। लेकिन हमारी मांगों का कोई समाधान नहीं हुआ।

**प्रदर्शन करेंगे**

**8 क्लास वन व क्लास टू की पदोन्नति में आरक्षण लागू नहीं हुआ जिसके चलते सभी विभागों में प्रथम व द्वितीय श्रेणी के पदों पर अनुसूचित जाति का प्रतिनिधित्व न के बराबर**

# नशे के दुष्प्रभावों के बारे में करेंगे जागरूक

## मुख्यमंत्री ने सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार अभियान की विवरणिका का भी किया विमोचन, मुख्यमंत्री ने लोक रंग सांझ कार्यक्रम में की शिरकत, कलाकारों ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किया प्रस्तुत

**नशा मुक्त**

**8 रागिनी एवं नाटक के माध्यम से हरियाणवी भाषा में लोगों को नशे की आदत को छोडने के लिए प्रेरित किया जायेगा**





**टीम एक्शन इंडि/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भजन, नाटकों द्वारा नशे के दुष्प्रभावों के बारे लोगों को जागरूक किया जायेगा ताकि प्रदेश को नशा मुक्त बनाया जा सके। इसके लिए सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष प्रचार अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री पंचकूला में नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर सोमवार देर सायं नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत आयोजित लोक रंग सांझ कार्यक्रम में बोल रहे थे।
मुख्यमंत्री ने सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा चलाए जाने वाले प्रचार अभियान की विवरणिका का विमोचन भी किया।
मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नशा मुक्त अभियान में लोक कलाकारों द्वारा फोक, रागिनी एवं नाटक के माध्यम से हरियाणवी भाषा में लोगों को नशे की आदत को छोडने के लिए प्रेरित किया जायेगा। इस विशेष प्रचार-प्रसार अभियान में गांवों के सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों और कॉलेजों में भजन एवं नाटक मण्डलियों द्वारा लगातार कार्यक्रम किए जाएगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे से व्यक्ति, पैसे तथा विचारों से बर्बाद हो जाता है। इसके साथ ही नशे से पीड़ित व्यक्ति मानसिक एवं शारीरिक रूप से खोखला हो जाता है, जिसकी भरपाई नामुमकिन हो जाती है। इसलिए हरियाणा में पहली बार नशे को दूर करने के लिए नशा मुक्ति मुहिम चलानी आवश्यक हो गई ताकि प्रदेश से इस सामाजिक बुराई का उन्मूलन किया जा सके।
मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रचार अभियान में सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं का भी भरपूर सहयोग लिया जाएगा और इस मुहिम को गांव, स्कूल, कॉलेज स्तर से ही सक्रिय कर हर व्यक्ति को नशा मुक्त अभियान से जोड़ा जाएगा।
**मुख्यमंत्री ने कलाकारों का जताया आभार:** लोक रंग सांझ सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा रागिनी - दारू दुश्मन हो मानस की ना पीनी प्यानी चाहिए, करे शरीर का नाश आदमी न अक्कल आनी चाहिए- सुनाई गई व बेटी बचाओ-नशा भगाओ नाटक का मंचन किया गया, जिस पर दर्शकों ने खूब तालियां बटौरी। इसके अलावा, नौ साल करै कमाल, हैल्थ कार्ड बनवा लो, चिरायु का फायदा उठा लो नामक विकासात्मक गीत भी प्रस्तुत किए गए। मुख्यमंत्री ने शानदार प्रस्तुति देने के लिए सभी कलाकारों का आभार जताया।
इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल, हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन जयदीप आर्य, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार बी बी भारती, डीआईजी पुलिस पंकज नैन, पंचकूला की अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती वर्षा खंगवाल, बाल कल्याण परिषद की महासचिव रंजीता मेहता, चीफ मीडिया कोर्डिनेटर रमनीक सिंह मान, विशेष कार्यकारी अधिकारी प्रचार गजेंद्र फोगाट, पब्लिसिटी एडवाईजर तरूण भण्डारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### 'योगशालाओं के संचालन में यूथ क्लबों की सक्रियता बढ़ाई जाए'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में योगशालाओं/ व्यायामशालाओं के संचालन में यूथ क्लबों की सक्रियता बढ़ाई जाए, इसके लिए ग्रामीण विकास विभाग तत्काल मैपिंग करे कि किन गांवों में रजिस्टर्ड यूथ क्लब हैं। इसके अलावा गांवों में कोई न कोई पार्क या ऐसा कोई स्मार्ट स्थान होना चाहिए जहाँ लोग अपनी दिनचर्या के बारे चर्चा कर सकें। मुख्यमंत्री आज यहाँ योगशालाओं/ व्यायामशालाओं के निर्माण, हस्तांतरण व रखरखाव के संबंध में विभिन्न विभागों की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर गृह, स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री अनिल विज भी उपस्थित थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत करवाया गया कि पहले चरण में 1000 योगशालाओं/ व्यायामशालाओं का निर्माण किया जाना है जिनमें से 729 का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। 648 योग सहायकों को नियुक्त किया गया है जो लोगों को योग प्रशिक्षण दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योगशालाओं/ व्यायामशालाओं की कैटेगरी बनाई जाए ताकि उनका मूल्यांकन किया जा सके और आदर्श व्यायामशाला की अवधारणा चरितार्थ हो सके। उन्होंने कहा कि योजना आरंभ करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को योग के अलावा कबड्डी व अन्य ग्रामीण पृष्ठभूमि के पारंपरिक खेलों से जोड़ना है। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई कि आरंभ में इनके निर्माण के कार्य ग्रामीण विकास विभाग को पूरे स्टेट फण्ड से करवाने की जिम्मेवारी दी गई थी। अब इसे 20 :80 अनुपात में किया जायेगा।

# नशे कारोबार में संलिप्त आरोपियों पर होगी सत कार्रवाई: विज



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि नशे के कारोबार में संलिप्त आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने और मामले को मजबूती से कोर्ट में रखने हेतु जल्द ही थाना स्तर पर लीगल ऐड मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कार्रवाई जारी है और यह लीगल ऐड व्यवस्था जल्द ही थाना स्तर पर उपलब्ध होगी ताकि 45 प्रतिशत कनविक्शन रेट को और अधिक बढ़ाया जा सके। श्री विज पंचकूला में आयोजित पुलिस कर्मियों के साथ संवाद कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित पुलिसकर्मियों को तथा अन्य को संबोधित कर रहे थे।
नशे के कारोबार में लिप्त लोगों का कनविक्शन रेट 45 परसेंट है: उन्होंने बताया कि नशे के कारोबार में लिप्त लोगों का कनविक्शन रेट 45 परसेंट है और कनविक्शन रेट को बढ़ाने के लिए लीगल ऐड हेतु कार्यवाही की जा रही है ताकि कनविक्शन रेट को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि कुछ कानूनी अड़चनों और कमियों के कारण ड्रग डीलर छूट जाते हैं लेकिन यदि नशे के मामले में पकड़े गए व्यक्तियों के विरुद्ध मामले को शुरू में ही लीगल ऐड मिल जाती है तो मामले को मजबूत बनाया जा सकता है। इसलिए हमारी सरकार जल्द ही थाना स्तर पर लीगल ऐड देगी ताकि पुलिस द्वारा पकड़े गए किसी भी आरोपी का अगला जीवन जेल में ही बीत सके। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कार्रवाई जारी है और जल्द ही यह सहयोग पुलिस को मिलेगा।
**चिट्टे का अवैध कार्य करने वाले लोगों को डेपोट करने हेतु जल्द ही केंद्र सरकार से बातचीत की जाएगी:** इसके अलावा, श्री विज ने बताया कि चिट्टे का अवैध कार्य करने वाले लोगों को डेपोट करने हेतु जल्द ही केंद्र सरकार से बातचीत की जाएगी और इस संबंध में हल निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसने के लिए सरकार द्वारा कई ऐप, कानून और नियम बनाए गए हैं। इसी कड़ी में अपराधियों का रिकॉर्ड रखने के लिए हॉक सॉफ्टवेयर बनाया गया है जिसमें सभी क्रिमिनल का रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा।

### पुलिसकर्मियों को 30 पुरस्कार दिए जाएंगे

**विज** ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को 30 पुरस्कार दिए जाएंगे जिनमें से 10 पुरस्कार मुख्यमंत्री, 10 पुरस्कार गृहमंत्री तथा 10 पुरस्कार पुलिस महानिदेशक द्वारा दिए जाएंगे। इस संबंध में जल्द ही घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बारे में आने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में मामला रखा जाएगा और इसे पास किया जाएगा ताकि नियमित तौर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को यह पुरस्कार मिले।

# साइबर फ्रॉड से रहे सावधान...

## बिजली कटने के फेक मैसेज के लिंक को न करें क्लिक, बिजली बिल का ऑनलाइन भुगतान निगम की वेबसाइट से ही करें

**ठगों से सावधान**

**8 ठगों से सतर्क रहें क्योंकि आजकल फेक संदेश के माध्यम से उपभोक्ता के साथ साइबर फ्रॉड कर रहे**




**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाण के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने प्रदेश के सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे ठगों से सतर्क रहें क्योंकि आजकल फेक संदेश के माध्यम से उपभोक्ता के साथ साइबर फ्रॉड होने की जानकारी मिल रही है। बिजली उपभोक्ता उनके पास आने वाले मैसेज "बिजली बिल जमा करें, अन्यथा कुछ घंटों में आपका बिजली कनैक्शन काट दिया जाएगा" आदि से सतर्क रहें। इस तरह के लिंक को क्लिक न करें और साइबर अपराधों से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि बिजली निगमों की ओर से उपभोक्ताओं को सतर्क करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। ऐसे में बिजली उपभोक्ताओं को ध्यान रखना होगा कि साइबर ठग लोगों को ठगने के लिए प्रतिदिन नए नए तरीके अपना रहे हैं। इन दिनों साइबर ठगों द्वारा लोगों को नए तरीके से फांसने की कोशिशों के तहत बहुत से बिजली उपभोक्ताओं के पास मोबाइल पर एक मैसेज आ रहा है कि आपका बिजली का बिल बकाया है और इस एवज में आपका कनेक्शन काट दिया जाएगा।
इतना ही नहीं बकायदा कनेक्शन काटने का समय भी बताया जा रहा है कि आज रात कनेक्शन कटेगा। बाद में एक नंबर भेजा जा रहा है और उस पर बात करने की सलाह दी जा रही है।

### 1033 यूरिया खाद के बैग हुए गायब, जांच हो: किसान संघ

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में किसानों ने मंगलवार को गांव खजूरी के किसान सहकारी बैंक के मैनेजर प्रमोद कुमार व कर्मचारी रमना के खिलाफ यूरिया खाद की कथित कालाबाजारी से संबंधित जांच को लेकर कृषि उपनिदेशक यमुनानगर को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह चौहान व गन्ना आयाम प्रमुख हरियाणा के प्रताप सिंह खजूरी ने बताया कि गांव खजूरी में किसान सहकारी बैंक है, जिसमें सोमवार को दो गाड़ियों में 1033 यूरिया खाद के बैग आए थे, लेकिन जब किसान खाद मांगने गए तो किसानों को खाद देने से मना कर दिया गया।

# अगले वर्ष से किसी भी खेत में 4 घंटे से अधिक नहीं रुका रहेगा पानी: दुष्यंत



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश के सभी गाँवों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करवाई जाएंगी। एक हजार गांवों में लाइब्रेरी स्थापित करने का कार्य पूरा हो चुका है, इस वर्ष के अंत तक 4000 गांवों में लाइब्रेरी स्थापित करने का कार्य पूरा हो जाएगा और वर्ष 2024 में सभी गांवों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने यह बात हिसार जिला के गॉव घिराय में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बरसाती पानी से फसलों को नुकसान से बचाने के लिए 1100 करोड़ रुपए की राशि से स्थाई व्यवस्था करवाई जा रही है। इस व्यवस्था के बनने के बाद अगले वर्ष से किसी भी किसान के खेत में 4 घंटे से अधिक पानी खड़ा नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों के दौरान हरियाणा प्रदेश में 34 हजार करोड़ रुपए की राशि का निवेश हो चुका है, इससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के बेशुमार अवसर उपलब्ध होगें। उन्होंने कहा कि जो ग्राम पंचायतें 1 से 3 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाएंगे।

# किसान परेशान, बीमा कपनी मालामाल



**किसान परेशान**

**8 नष्ट हुई फसलों के मुआवजे के लिए दर-दर भटक रहे हैं किसान, नही हो रही सुनवाई**

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा/नारनौल**
**जिला के** किसान भारी दुविधा में हैं कि खराब फसलों के मुआवजे के लिए आखिर किससे फरियाद करें। 2022 में खराब हुई खरीफ की फसल का लगभग 10 हजार किसानों का 3 करोड़ रुपये का मुआवजा आज तक किसानों के खाते में नही आया है, जबकि किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर भी अपनी रिपोर्ट दर्ज करवा दी थी। मुआवजे के लिए किसान दर्जनों बार कृषि विभाग के कार्यालय में चक्कर काट चुके हैं जबकि फसल का बीमा करने वाली रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी का तीन साल का टेंडर 31 मार्च 2023 को समाप्त भी हो चुका है। यहां तक कि इंश्योरेंस कंपनी के किसी भी कर्मचारी या अधिकारी के बारे में किसानों को कुछ जानकारी ही नहीं है। अधिकांश किसान तो बीमा करने वाली कम्पनी का नाम भी जानते हैं। इस सम्बंध में 21 जून को भी किसानों ने सांसद धर्मवीर सिंह को ज्ञापन देकर उनकी फसलों का मुआवजा शीघ्र दिलवाने की मांग भी की थी, लेकिन वहां भी किसानों को सिर्फ आश्वासन ही मिला है।
उल्लेखनीय है कि जिला में किसानों के साथ कृषि बीमा के नाम पर मजाक किया जा रहा है। जिन किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बीमा करवा रखा था उन किसानों को आज तक मुआवजा नहीं मिला, किसान दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर हैं।
अनेकों किसान तो ऐसे है जिनकी खून पसीने से सिंचित की गई फसल लगातार प्रकृति की मार से नष्ट हो रही है लेकिन उन्हें फसल बीमा योजना के तहत आज तक एक पैसा भी नहीं मिला है। इतना जरूर है कि इनके खातों से बीमा के प्रीमियम की राशि हर वर्ष अपने आप कटती रहती है।

# विकास कार्यों को गति प्रदान करना हमारा दायित्व: मूलचंद



**जनसंवाद**

**8 समस्त विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा: परिवहन मंत्री**

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
विकास कार्यों को गति प्रदान करना सरकार का दायित्व है। घोषणाओं के अनुरूप विकास कार्यों को और अधिक तेजी से करवाया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में आगामी डेढ वर्ष में जनमानस की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए समस्त विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। यह बात कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मंगलवार को बडौली खंड के गांव थंथरी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में कही। इस जनसंवाद कार्यक्रम में पलवल के विधायक दीपक मंगला, भाजपा नेता हरेंद्रपाल राणा, सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, एसडीएम शशि वसुंधरा मौजूद रहे। जनसंवाद कार्यक्रम में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निदान के लिए मौके पर ही मौजूद विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के समक्ष सडक, बिजली, स्कूल में कमरे बनवाने, पशु अस्पताल, आंगनवाड़ी केंद्र खुलवाने, गांव से शराब के ठेके को हटाने बारे संबंधी मांगे रखी। ग्रामीणों द्वारा रखी गई ज्यादातर मांगों को कैबिनेट मंत्री ने मौके पर ही निपटाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। परिवहन मंत्री ने गांव थंथरी के लिए सुबह-शाम एक रोडवेज बस चलाने के निर्देश भी दिए।
उन्होंने कहा कि गांव के सरकारी स्कूल में जिन कमरों के निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा है उस मांग को पूरा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी व एसडीओ को दो दिन में काम शुरू करवाने के कड़े निर्देश दिए।

# जमीन बंटवारे से नाखुश युवक ने अपने ही भाई पर चलाई गोलियां

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिले के गांव दहमान में जमीन के बंटवारे को लेकर हुए पारिवारिक समझौते से नाखुश युवक द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर अपने ही भाई पर गोलियां चलाने का समाचार है। गांव में गोली चलने की आवाज सुनकर हडकंप मच गया। इस फायरिंग में किसी को गोली नहीं लगी। भूना पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव दहमान निवासी प्रदीप कुमार ने कहा है कि 22 जून को जब वह खेत में काम कर रहा थ तो उसका भाई जगदीश अपने साथी मनीष शर्मा के साथ आया और उस पर हवाई फायर कर दिया। उस समय वह घर आ गया और डर के चलते पुलिस को शिकायत नहीं दी। अब 26 जून को जमीन के बंटवारे के को लेकर घर पर परिवार के सदस्यों के सामने समझौता हुआ था। इससे उसका भाई जगदीश खुश नहीं था। इसके बाद रात करीब साढ़े 10 बजे उसका भाई जगदीा और मनीष दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और जगदीश ने उस पर 3-4 फायर किए और कुछ हवाई फायर भी किए। इस फायरिंग में वह बाल-बाल बच गया।

# बल्लभगढ़-पलवल की मेट्रो कनेटिविटी के लिए धरातल पर काम शुरू

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दो दिन पहले की थी घोषणा, बल्लभगढ़ और पलवल के बीच बनने वाले मेट्रो प्रोजेक्ट की टैक्नो फिजिबिलिटी स्टडी आज से शुरू



**प्रस्तावित**

**8 बल्लभगढ़ से पलवल तक कॉरिडोर पर स्टेशनों की संभावित संख्या 10 प्रस्तावित है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणा के दो दिन बाद ही बल्लभगढ़ से पलवल की मेट्रो कनेक्टिविटी के लिए धरातल पर काम शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति के बाद मेट्रो प्रोजेक्ट की टैक्नो फिजिबिलिटी स्टडी के लिए 26 जून को आदेश जारी हुए और आज से इस पर काम भी शुरू हो गया। एक टीम जिसमें एचएमआरटीसी के प्रधान सलाहकार एस.डी. शर्मा, राइट्स के एसडीजीएम राज किशोर, राइट्स की प्रबंधक सुनेहा गंभीर और डीआईपीआरओ फरीदाबाद कार्यालय से सन्नी दत्ता शामिल हैं, ने बल्लभगढ़ से पलवल तक प्रस्तावित एमआरटी कॉरिडोर का मंगलवार को दौरा किया। इस कॉरिडोर की कुल लंबाई लगभग 24 किलोमीटर है। बल्लभगढ़ से पलवल तक कॉरिडोर पर स्टेशनों की संभावित संख्या 10 प्रस्तावित है। कॉरिडोर सेक्टर 58-59, सीकरी, सोफ्ता, पृथला, बघौला, आल्हापुर और पलवल के औद्योगिक क्षेत्र को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। प्रस्तावित कॉरिडोर के लिए एमआरटी प्रणाली के विकल्पों का अध्ययन किया जाएगा।
एनएचएआई और अन्य हितधारकों के साथ चर्चा के बाद एलाइनमेंट तय किया जाएगा। बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन, बल्लभगढ़ बस स्टैंड, राजा नाहर सिंह मेट्रो स्टेशन और पलवल बस स्टैंड के साथ एकीकरण की योजना बनाई जाएगी। परिवहन परामर्श और इंजीनियरिंग क्षेत्र में अग्रणी कंपनी राइट्स लिमिटेड द्वारा आगामी कुछ दिनों में इस रूट की टैक्नो फिजिबिलिटी स्टडी पूरी कर ली जाएगी। इसके अलावा पलवल के लिए कंप्रीहैंसिव मोबिलिटी प्लान भी तैयार किया जा रहा है। यह एलिवेटेड मेट्रो रूट होगा और इस पर 180 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर की अनुमानित लागत आएगी। पूरे प्रोजेक्ट पर 4320 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन पूरा होने के बाद प्रोजेक्ट को अप्रूवल के लिए हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एचएमआरटीसी) के पास भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में जल्द ही बोर्ड की बैठक बुलाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने रविवार को पलवल जिला के गांव गजपुरी में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की गौरवशाली भारत रैली के दौरान इस मेट्रो प्रोजेक्ट की घोषणा की थी। घोषणा के तुरंत बाद संबंधित विभागों ने अमलीजामा पहनाने का काम शुरू किया और अब काम धरातल पर भी दिखने लगा है। प्रोजेक्ट से बल्लभगढ़ और पलवल के बीच बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

## न्यूज फ्लैश

### रसोई गांव में हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम में कांग्रेस नेता का किया भव्य स्वागत



**राई:** राई **हलके** के गांव रसोई में कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस नेता संजय आंतिल का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। आंतिल ने ग्रामीणों को राहुल गांधी व सोनियां गांधी द्वारा अपने कार्यकाल में जनहित में बनाई गई नीतियों से अवगत करवाया। संजय आंतिल ने कहा कि आज देश व प्रदेश का हर नागरिक महंगाई व भ्रष्टाचार की मार को –ेल रहा है। कांग्रेस के शासनकाल में आम आदमी की जरूरत की चीजे बहुत सस्ती थी लेकिन अब आम आदमी के लिए घर की रसोई के लिए घरेलू गैस सिलेंडर को भरवाना भी मुश्किल हो गया है। लोगों को सुविधाएं भी नही मिल रही है। आंतिल ने कहा कि अब समय आ गया है देश व प्रदेश से महंगाई देने वाली सरकार को उखाड़ फैकने का। सभी आपस में भाईचारा बनाकर कदम को आगे बढ़ाए ताकि उन्हें अपने अधिकार मिल सके। रसोई गांव के लोगों ने बताया कि उनका गांव पहले भी कांग्रेस के साथ था और आगे भी रहेगा। कांग्रेस की नीतियों के प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल था। इस मौके पर सतीश हवलदार, प्रदीप, हरीश, मनोज, महेश, इन्द्रसिंह, देवकिशन, राजीव, रामप्रकाश, सुरजभान, विनोद, भगत, मनजीत, सुनीता, राजबाला, गीता, अजय, पी के सिंह आदि मौजूद थे।

### बरसात में निमार्णाधीन सड़क की मिट्टी कटाव से जगह-जगह से सड़क टूटी

**गन्नौर:** बादशाही रोड पर कुछ दिन पहले ही निर्माण की गई सड़क प्री मानसून की पहली ही बरसात में सड़क के सड़क के साथ लगाई गई मिट्टी पानी में बहने से जगह- जगह कटाव हो गया। अगर समय रहते निमार्णाधीन एंजेसी ने ठीक नही करवाया जो सड़क भी टूट जाएगी। एक दो जगह तो सड़क के नीचे से भी मिट्टी खिसक गई है। ऐसे में मानसून की जब बारिश आएगी तो मिट्टी कटाव बढ़ सकता है। उस स्थिति में इस मार्ग का सफर मुश्किल हो सकता है, क्योंकि मिट्टी का कटाव बढ़ जाएगा तो वह सड़क के लिए भी खतरा बनेगा।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# सेवाओं का लाभ पहुंचाने में करनाल का सरल केन्द्र शीर्ष पर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया सरल केन्द्र** के माध्यम से जनता को भिन्न-भिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए करनाल जिला 9.6 के आरटीएस स्कोर के साथ प्रदेश में शीर्ष पर आ गया है, पहले यह छटे पायदान पर था। यमुनानगर, कुरूक्षेत्र और रेवाड़ी, तीन जिलों की परफोर्मेंस भी करनाल के समकक्ष है, जबकि अन्य जिले इनसे पीछे हैं। इलैक्ट्रोनिकी और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र में आई.टी. के निदेशक महीपाल सीकरी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि करनाल में सरल केन्द्र का उद्घाटन बीती 9 मई 2015 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से किया गया था। पहले इसे ई-दिशा के नाम से जाना जाता था। तब से लेकर अब तक सरल केन्द्र के माध्यम से 1 लाख 57 हजार 157 आवेदक भिन्न-भिन्न सेवाओं का लाभ ले चुके हैं। इनमें से 1 लाख 52 हजार 692 आवेदनों पर सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत कार्रवाई मुकम्मल की गई है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस में औसतन 500 से 600 नागरिक सरल केन्द्र में आते हैं। अपने डॉक्यूमेंट्स वेरीफाई करवाने के बाद टोकन लेना होता है। नागरिकों को लाईन में न लगना पड़े, इसके लिए पहले आएं-पहले पाएं के आधार पर टोकन दिया जाता है। टोकन प्राप्त करने के बाद नागरिक वातानुकुलित कक्ष में अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हैं, जहां एल.सी.डी. स्क्रीन पर टोकन प्रदर्शित होते हैं। इसके बाद सेवा काउंटर पर दस्तावेज जमा करने से लेकर भुगतान तक का काम, सिंगल विंडों पर होता है। इस



प्रक्रिया में बमुश्किल आधा घंटा ही लगता है। आर.सी. और लाईसेंस जैसे दस्तावेज आवेदक द्वारा दिए गए पते पर पहुंच जाते हैं।

महीपाल सीकरी ने बताया कि करनाल के पंचायत भवन परिसर में मौजूद अंत्योदय सरल केन्द्र में स्कीमों का लाभ दिया जाता है, जबकि सरल केन्द्र में सेवाओं के लिए आवेदन लिए जाते हैं। इससे पूर्व व्यक्ति को योजनाओं व सेवाओं के लिए अपनी पात्रता की जानकारी न होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, कई बार बिचौलियों को सहारा भी लेना पड़ता था। अब उनकी भूमिका खत्म हो गई है।

उन्होंने बताया कि योजनाओं तथा सेवाओं को एक ही ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध करवाना अंत्योदय सरल योजना का उद्देश्य है। आवेदन प्रक्रिया, ऑनलाईन व पेपरलेस तरीके से होती है। सेवा का अधिकार अधीनियम के तहत सभी योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित होता है। खास यह है कि सरकार की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। उन्हें सरकार की सभी योजनाओं व सेवाओं का लाभ एक ही छत के लिए मिल रहा है।

क्या है सरल- एस.ए.आर.ए.एल., एस-सिम्पल, ए-ऑल इन्क्ल्यूसिव, आर-रियलटाईम, ए-एक्शन ऑरिएंटिड और एल से लॉंग लास्टिक पोर्टल है।

बता दें कि सरल केन्द्र के माध्यम से विभिन्न विभागों की करीब 450 सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इनमें गृह विभाग, एमएसएमई निदेशालय, सहकारिता, एच.एस.वी.पी., भवन एवं अन्य निर्माण कार्मिक बोर्ड, कृषि विभाग, एस.सी. व बी.सी. कल्याण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, हाऊसिंग बोर्ड, शहरी स्थानीय निकाय, पी डब्ल्यू डी भवन एवं सडकें, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, उद्योग एवं वाणिज्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, परिवहन, स्वास्थ्य, एच.एस.आई.आई.डी.सी., यू.एच.बी.वी.एन., आबकारी एवं कराधान, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पशुपालन एवं डेयरी, नगर एवं ग्राम नियोजन, मतस्य, वन विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास, एच.एस.ए.एम.बी., लेबर वेल्फेयर बोर्ड, बागवानी, रोजगार व पुलिस विभाग शामिल हैं।

## सड़क हादसे में पांच वर्षीय बालक की मौत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। काछवा** रोड पर सडक हादसे में एक पांच साल के बालक की मौत हो गई, जबकि बच्चे का फूफा व उसकी दादी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज के लिए करनाल के सिविल अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

मृतक बच्चे के पिता हरपाल ने बताया कि वह मूल रूप से कैथल का रहने वाला है। अब गर्मियों की छुट्टियां थी तो उसका बेटा दुष्यंत कुछ दिन बुआ के पास रहने के लिए अपने फूफा कुलविंदर व अपनी दादी के साथ करनाल के गांव भैणी कलां आ रहा था।

हरपाल ने बताया कि उसका बेटा दुष्यंत बाइक पर आगे बैठा था, जबकि जीजा कुलविंदर बाइक चला रहा था। पीछे उसकी मां बैठी हुई थी। जब वह दोपहर करीब साढ़े 12 बजे गांव काछवा के पास पहुंचे तो बाइक के आगे एक टाटा ऐस चल रहा था। इस दौरान टाटा ऐस चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे बाइक सीधे टाटा ऐस से जा टकराई।

## आकाशीय बिजली से बचाव हेतु दामिनी ऐप की गई लॉन्च

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया उपायुक्त अनीश** यादव ने बताया कि भारत सरकार के मौसम विभाग द्वारा आकाशीय बिजली से बचाव हेतु दामिनी ऐप लॉंच की गई है। यह ऐप बारिश के समय प्रत्येक व्यक्ति के लिए मददगार साबित होगी। इस ऐप के माध्यम से 4 घंटे पहले आकाशीय बिजली के संबंध में सूचना प्राप्त हो जाएगी जिससे आमजन को सुरक्षित स्थान तक पहुंचने में मदद मिलेगी और इस प्रकार मवेशियों की जान को भी समय रहते बचाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि दामिनी ऐप मौसम विभाग की ओर से तैयार किया गया एक मोबाइल ऐप है। बिजली गिरने से लोगों को सावधान



करने के लिए भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन भारतीय ऊष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे ने दामिनी ऐप विकसित किया है।

**क्या और कैसे काम करता है**

**दामिनी ऐपः** दामिनी ऐप समय से पहले ही बिजली, वज्रपात, ठनका वगैरह की संभावना की सटीक जानकारी देता है। इसके लिए ऊष्णदेशीय मौसम विज्ञान के वैज्ञानिकों ने देशभर में करीब 48 सेंसर के साथ एक लाइटनिंग लोकेशन नेटवर्क स्थापित किया है। इस नेटवर्क के आधार पर ही दामिनी ऐप को विकसित किया गया है, जो 40 किलोमीटर के दायरे में बिजली गिरने के संभावित स्थान की जानकारी देता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह नेटवर्क बिजली गिरने का सटीक पूवार्नुमान बताता है। बिजली की गडगडाहट के साथ ही यह वज्रपात की स्पीड भी बताता है।

**वज्रपात की स्थिति में क्या करें, यह भी बताता है ऐपः** इस ऐप में नीचे काफी इंफॉर्मेटिव जानकारियां दी गई है। बिजली गिरने पर बचाव कैसे करें, इस बारे में बताया गया है। सुरक्षा के उपाय के अलावा प्राथमिक चिकित्सा संबंधी जानकारी भी दी गई है। बिजली गिरने की घटना इंसानों और मवेशियों के लिए घातक होती है। इसे रोका तो नहीं जा सकता, लेकिन इससे बचा जा सकता है।

बिजली गिरने की स्थिति के बारे में जागरूकता बहुत जरूरी है। दामिनी ऐप के माध्यम से इसका पूवार्नुमान लग जाता है और ऐसे में लोगों के पास पर्याप्त समय होता है कि वे सुरक्षित जगह पर चले जाएं।

## जो व्यक्ति संकल्पित है, वही सच्चा साधक हैः दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत फव्वारा पार्क में योग गुरु दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में चल रही योग कक्षा में साधकों ने बरसात के बावजूद योग क्रियाओं का अभ्यास किया। बरसात भी योग शिक्षकों व साधकों के 365 दिन योग करने का संकल्प को नहीं तोड़ पाई। सडकों और पार्क में पानी भरे होने के बावजूद सभी योग के लिए कक्षा में पहुंचे। साधकों के उत्साह में कोई कमी नहीं थी। दिनेश गुलाटी ने कहा कि यदि हम एक संकल्प मन में धारण करें तो योग करने से कोई भी बाधा कोई भी परिस्थिति हमें विचलित नहीं कर सकती और



प्रकृति के सानिध्य में योग करें। तभी हम लोग का सही लाभ और सही महत्व समझ पाएंगे। मन के हारे हार है मन के जीते जीत, जो व्यक्ति संकल्पित है, वही सच्चा साधक है और योग साधक किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकते हैं।

कक्षा में आज मिशन की सह महिला प्रमुख निधि गुप्ता ने सूक्ष्म व्यायाम, आसन का अभ्यास करवाया। मिशन की वरिष्ठ शिक्षिका वीना धीर ने प्राणायाम का अभ्यास करवाया। योग साधकों ने कहा कि नित्य प्रयोग करना बहुत आवश्यक है और वह एक दिन भी योग को छोड़ नहीं सकते, इसलिए बरसात के मौसम भी यहां पहुंचे हैं और दैनिक क्रियाएं की।

## प्री मानसून की बरसात से मूंग की फसल हुई खराब, किसान चिंतित

**गन्नौर। पिछल्ले** दिनों हुई तेज बरसात से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं मूंग की बिजाई करने वाले किसानों में निराशा देखी जा रही है। कई किसानों की मूंग की फसल में बरसात का पानी भर गया। खेतों में भरे पानी की निकासी न होने के कारण किसानों द्वारा बिजी गई मूंग की फसल का नुकसान हो रहा है। धान की फसल की बिजाई से पहले किसान मूंग की फसल पका देता है ताकि धन की फसल से पहले वो मूंग की फसल उगा लेता और फिर मूंग की फली निकाल कर उसको खेतों में खड़ी बहा देता है।

## 'हम अपना हर बूथ जीतते है तो चुनाव भारी बहुमत से जीतेंगे'



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। मंगलवार** को रेलवे रोड चिराग गार्डन में सांसद रमेश कौशिक व विधायक निर्मल चौधरी के नेतृत्व में भोपाल से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत देश के सभी बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को वर्चुअल संवाद से जुड़ें। भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने काफी संख्या में एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को देखा। कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की शुरूआत से पूर्व भारत माता की जय के नारे लगाए। कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद रमेश कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बूथ के कार्यकर्ता को बताया कि मेरा बूथ सबसे मतबूत है। इसी से हम अपना हर बूथ जीतते है तो चुनाव भारी बहुमत से जीतेंगे।

इसी तरह से गुजरात में जो चुनाव लड़ा था उसमें भारी मतों से जीत प्राप्त हुई थी। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश भोपाल से दस लाख बूथ कार्यकर्ता को संदेश दिया है। प्रधानमंत्री ने कार्यकताओं को अपने संदेश में विदेश से आते ही बताया है कि दल से पहले देश है। सांसद कौशिक ने कहा कि मेरा बूथ, सबसे मजबूत जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र का आधार है और लोकतंत्र में मतदाता होना गौरव की बात है। इन सबमें सबसे महत्वपूर्ण इकाई है मतदान बूथ। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि पूरे विश्व में आज तक के सबसे बड़े बूथ कार्यकर्ता संवाद मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद में अपने बूथ से जुड़ें और संकल्प लिया कि राष्ट्र की प्रगति में मेरा बूथ मोदी सरकार के साथ सशक्त रूप से खड़ा है। इस मौके पर भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा, नगर पालिका के चेयरमैन अरुण त्यागी, पूर्व चेयरमैन ईश्वर कश्यप, नपा उपाध्यक्ष दिनेश अधलखा, भाजपा गन्नौर मंडल अध्यक्ष विकास त्यागी, पूर्व पार्षद सतीश जैन,कष्ट निवारण समिति सदस्य, योगेश कौशिक, सुभाष सरोहा, हरीश मदान, विद्याभूषण हसीजा,भगवान सहाय मल्होत्रा, राकेश त्यागी के अलावा काफी संख्या में पार्टी पदाधिकारी गण मौजूद थे।

## मोदी ने पूरी दुनिया में बढाई भारत की शान : राणा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के भोपाल मध्य प्रदेश में चल रहे मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम को आज रामनगर मंडल में मुख्यमंत्री निवास प्रेम नगर में सभी भाजपा कार्यकताओं ने एक साथ बैठकर सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के 16 हजार संगठनात्मक मंडलों, दस लाख मतदान बूथों पर तीन करोड़ कार्यकताओं को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि मोदी ने पूरी दुनिया में भारत की शान बढ़ाई है। दुनिया में भारत का



मान बढ़ता जा रहा है, मोदी बदलाव के नेता हैं। मोदी के कारण भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है तथा गरीबी का स्तर कम हुआ है। उन्होंने कहा कि बीजेपी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और बीजेपी को जानने के लिए दुनिया उत्सुक है।

उन्होंने बताया कि बीजेपी का मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम देशभर के 10 लाख बूथों पर किया जा रहा है। खास बात यह है कि देश की अलग-अलग लोकसभा सीटों से पांच-पांच कार्यकत्रा आए हैं, जिन्हें पीएम मोदी जीत के टिप्स देंगे तथा इसी के साथ बीजेपी के महा जनसंपर्क अभियान की भी शुरूआत हो गई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन मंत्री रविन्द्र राजू, मेयर रेणु बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मुख्यमंत्री के निजी सचिव अभिमन्यु, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण गर्ग, जिला महामंत्री सुनील गोयल, रामनगर मंडल अध्यक्ष राजेश अग्घी, निसिंग मंडल प्रभारी हरपाल कलामपुरा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नन्दलाल पांचाल, कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक श्याम सिंह चौहान सहित अन्य सभी भाजपा कार्यकत्रा मौजूद रहे।

## गड्ढे में गिरा बाइक सवार मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया जिले के** गांव गुनियाना-गोंदर रोड पर गड्ढे से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सुबह जब लोग अपने खेतों की तरफ  जा रहे थे तो व्यक्ति का शव व उसकी बाइक गड्ढे में पड़ी हुई मिली। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान गांव गुनियाना निवासी 40 वर्षीय नरेश के रूप में हुई है। वह मोटर बांधने का काम करता था। रात को वह काम से अपने गांव गोंदर जा रहा था। रास्ता कच्चा था। प्रशासन ने बीच रास्ते में ही पानी की निकासी के लिए गहरा गड्ढा खोद रखा था। परिजनों का आरोप है कि जब वह खाई के पास पहुंचा तो किसी गाड़ी ने उसकी बाइक को पीछे से टक्कर मारी है, जिस कारण वह बाइक समेत गहरे गड्ढे में जा गिरा।

मृतक के भाई ने बताया कि सोमवार देर रात जब नरेश घर नहीं पहुंचा तो रातभर भाई की तलाश करते रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। सुबह उन्हें सूचना मिली कि उसके भाई का शव गड्ढे में पड़ा है। परिजनों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण उसके भाई की मौत हुई है। थाना निसिंग के जांच अधिकारी सुल्तान सिंह ने बताया कि सुबह उन्हें शव पड़े होने की सूचना मिली थी। परिजनों का आरोप है कि किसी गाड़ी ने पीछे से उनके भाई की बाइक को टक्कर मारी है।

## 'विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवायें'

**टीम एक्शन इंडिया/राई। कुंडली नपा** कार्यालय में मंगलवार को विधायक मोहनलाल बड़ौली ने नपा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों व पार्षदों की बैठक की। नगर पालिका की चेयरपर्सन शीला देवी तथा वाइस-चेयरमैन अशोक भारद्वाज ने भी हिस्सा लिया। बैठक में विस्तार से कुंडली नपा क्षेत्र के विकास को लेकर सकारात्मक चर्चा की गई। साथ ही क्षेत्रवासियों की समस्याओं और मांगों पर भी विस्तृत मंथन किया गया। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुंडली नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण



करवायें। कुंडली नपा क्षेत्रवासियों को हर प्रकार की बेहतरीन मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं तथा मांगों की सुनवाई और निवारण में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि कुंडली नपा क्षेत्र के तहत आने वाले लोगों को हर प्रकार की अच्छी सुविधाएं प्रदान करना ही उनका लक्ष्य है। वे स्वयं निजी तौर पर कुंडली नपा क्षेत्र के विकास को लेकर सजग रहते हैं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कुंडली के विकास कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करें। इस मौके पर कुंडली नपा की चेयरपर्सन शीला देवी ने विधायक मोहनलाल बड़ौली का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास में विधायक का पूर्ण सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने पार्षदों का भी आह्वान किया कि वे अपने-अपने वार्ड की मांगें व समस्याएं प्रस्तुत करें ताकि उनका समाधान हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे पार्षदों द्वारा बताये जाने वाले विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवायें।

संपादकीय

# नई ऊंचाइयों पर भारत-अमेरिका संबंध

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की अभूतपूर्व और ऐतिहासिक अमेरिका यात्रा पूर्ण हो चुकी है। इस यात्रा पर पूरे विश्व की दृष्टि थी । अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत का प्रत्येक क्षण भारतवासियों के लिए गर्व का क्षण था। यह यात्रा दोनों देशों के बीच मित्रता का एक नया स्वर्णिम अध्याय प्रारम्भ करने वाली रही है। इस यात्रा से जहां एक ओर भारत के शत्रु देशों चीन व पाकिस्तान को कड़ा सन्देश दिया गया है वहीं दूसरी ओर उन ताकतों को भी सन्देश दे दिया गया जो अल्पसंख्यकों के हितों, मानवाधिकार, अभिव्यक्ति की आजादी आदि विषयों को लेकर तथ्यहीन समाचार प्रसारित कर प्रधानमंत्री मोदी की छवि बिगाड़ने का प्रयास करते रहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में ऐतिहासिक योग सत्र का नेतृत्व करते हुए आरम्भ हुई। यहीं से अमेरिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भारतीय संस्कृति की लोकप्रियता का आभास होने लगा। न्यूयॉर्क में आयोजित कार्यक्रम में मोदी के साथ योग करने के लिए वहां के लोगों का उत्साह अद्भुत था। योग कार्यक्रम में ॐ सहित संस्कृत श्लोकों का भी उद्घोष किया गया। यह भारतीय संस्कृति व योग के लिए गौरवशाली पल थे। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों का प्रतिफल है कि आज योग पूरे विश्व में छा गया है और विश्व को एक सूत्र में बांध रहा है । अमेरिका यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका की कई महत्वपूर्ण हस्तियों से भेंट की। सबसे प्रमुख कार्यक्रम के रूप में अमेरिकी संसद को सम्बोधित किया तथा अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के साथ द्विपक्षीय वार्ता और उसके बाद आयोजित प्रेस वार्ता की । यात्रा के अंतिम चरण में उन्होंने रोनाल्ड रीगन सेंटर में अमेरिका में बसे भारतीयों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के सकारात्मक परिणाम अभी से ही सामने आने लगे हैं। यात्रा का बड़ा नतीजा यह है कि अमेरिका ने भारत की उन 100 प्राचीन मूर्तियों व धरोहरों को वापस लौटाने का निर्णय लिया है जो विगत 70 वर्षों में किसी न किसी माध्यम से अमेरिका व अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहुंचा दी गयी थीं। इसके अतिरिक्त भारत और अमेरिका के मध्य रक्षा, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, विनिर्माण को बढ़ावा देने और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए समझौते हुए हैं। वैश्विक मुद्दों पर दोनों देशों के रुख में समानता है। यह मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड से जुड़े प्रयासों को बढ़ावा देंगे। प्रधानमंत्री ने अमेरिका में बड़ा संदेश दिया। वह यह है कि भारत लोकतंत्र की जननी है तो अमेरिका आधुनिक लोकतंत्र का चैंपियन। विश्व इन दो महान लोकतंत्रों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत होता देख रहा है। निश्चिततौर पर भारतीय- अमेरिकी समुदाय दोनों देशों के संबंध की वास्तविक क्षमता को साकार करने में बड़ी भूमिका निभाएगा। यह भारत में अधिक से अधिक निवेश करने का उपयुक्त समय है। प्रधानमंत्री ने कहा हम साथ मिलकर न सिर्फ नीतियां और समझौते तैयार कर रहे हैं बल्कि हम जीव ,सपनों और नियति को भी आकार दे रहे हैं। अमेरिका में बसे भारतीयों को संबोधित करते हुए जब प्रधानमंत्री ने बताया कि अब एच- 1 बी वीजा का नवीनीकरण अमेरिका में ही हो जाएगा तो वहां पर उपस्थित जनसमुदाय प्रसन्नता से झूमा और मोदी- मोदी के गगनभेदी के नारों से गूंज उठा।

# विपक्षी एकता की पथरीली राह



राजेश माहेश्वरी

" इसमें दो राय नहीं कि देश में स्वस्थ लोकतंत्र के लिये मजबूत विपक्ष अपरिहार्य ही है। यदि देश में विपक्ष मजबूत होगा तो सत्ता पक्ष के निरंकुश व्यवहार पर अंकुश लगाने की कोशिशें सिरे चढ़ सकेंगी। कह सकते हैं कि विपक्षी एकजुटता के लिये अभी कई परीक्षाएं शेष हैं। यह भी हकीकत है कि पटना बैठक में कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आए। लेकिन आगे संवाद की स्थिति बनी रहने की जरूरत पर बल दिया गया। अगली बैठक का शिमला में आयोजित किया जाना विपक्ष की एकता की इन्हीं कोशिशों का ही विस्तार है। फिलहाल विपक्ष ने जो शुरूआत की है, वह सकारात्मक है, छोटा कदम है, लेकिन निर्णायक होने का रास्ता अभी लंबा और टेढ़ा-मेढ़ा है। अब सबकी निगाहें शिमला में होने वाली बैठक पर टिकी हुई हैं। "

**2024** के आम चुनाव से पूर्व देश में विपक्षी एकता की कोशिशें एकबार फिर से शुरू हो गई हैं। बीती 23 जून को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आमंत्रण पर पटना में विपक्ष के 15 से ज्यादा दलों के नेता एकजुट हुए। खास बात यह रही कि विपक्षी एकता की इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए। तीन घंटे की बैठक से कोई ठोस नतीजा तो नहीं निकला, लेकिन यह बैठक देशवासियों को विपक्षी एकता का मैसेज देने में कामयाब रही। बैठक के बाद साझा प्रेस ब्रीफिंग में, केजरीवाल और स्टालिन को छोड़कर, शेष सभी नेताओं ने संकल्प-सा दशार्या कि वे प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे, ताकि 2024 में देश में सत्ता-परिवर्तन किया जा सके। लेकिन जिस तरह के मतभेद और मनभेद विपक्षी दलों के मध्य व्याप्त हैं, और बैठक से पूर्व और बाद में उजागर हुए, उससे ऐसा आभास हो रहा है कि विपक्षी एकता का रास्ता आसान नहीं है। विपक्षी एकता में बड़ी बाधा और अड़चने आम आदमी पार्टी का रवैया फिलवक्त दिखाई देता है। बैठक में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गर्मागर्मी की खबरें आ रही हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने केजरीवाल को अनुच्छेद 370 की याद दिलाई। संसद में इस विशेष प्रावधान को जब रद्द किया गया था, तब केजरीवाल ने मोदी सरकार के उस फैसले का समर्थन किया था। महबूबा मुफ्ती ने भी यही सवाल किया। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस के राजनीतिक रवैये और धरना देने पर आपत्ति जताई। केजरीवाल की आप ने बाद में बयान देकर स्पष्ट किया कि यदि अध्यादेश पर कांग्रेस ने रुख साफ नहीं किया, तो पार्टी के दोनों मुख्यमंत्री-केजरीवाल और भगवंत मान-विपक्ष की ऐसी बैठकों में शिरकत नहीं करेंगे। बहरहाल ये चंद उदाहरण हैं, जो विपक्षी एकता के यथार्थ पर सवाल करते हैं, लेकिन इनके बावजूद आप को छोड़ कर सभी विपक्षी दल एक ही छतरी के तले लामबंद होकर 2024 का आम चुनाव लडने के पक्षधर हैं। इसके साथ ही मतदाताओं में विश्वास पैदा करने के लिये कई जटिल मुद्दों को अभी सुलझाने की जरूरत होगी। बहरहाल, अभी विपक्षी



एकता की कोशिशें शुरू हुई हैं और विभिन्न राजनीतिक दलों को लेकर राज्यों में सामंजस्य बैठाने की जरूरत होगी। लोकसभा चुनाव में करीब दो सौ से लेकर ढाई सौ तक ऐसी सीटें हैं जहां पर बीजेपी और कांग्रेस की सीधी टक्कर होती है। उस सीधी टक्कर में अगर कांग्रेस मजबूत नहीं होती है, तो विपक्षी एकता का कोई मतलब नहीं रह जाता है। ऐसे में अभी कांग्रेस की मजबूत स्थिति और कांग्रेस के साथ विपक्षी दलों का मजबूत गठबंधन का प्रयास एक गंभीर प्रयास है। विपक्षी एकता की इस बैठक में बीजू जनता दल, भारत राष्ट्र समिति, वाईएसआर कांग्रेस, तेलुगूदेशम पार्टी, बसपा, जनता दल-एस, इंनेलो, अकाली दल, मुस्लिम लीग, केरला कांग्रेस, आरएलपी, आरएसपी, अकाली दल-मान आदि दलों के नेता नहीं आए और ज्यादातर को आमंत्रित भी नहीं किया गया था। इन दलों के 68 सांसद मौजूदा संसद में हैं। ये दल न तो कांग्रेस-समर्थक हैं और न ही भाजपा-विरोधी हैं। इन दलों में ऐसे समीकरण भी नहीं हैं कि वे तीसरा मोर्चा बना सकें। अलबत्ता कुछ दल भाजपा के साथ एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं या कोई और राजनीतिक समीकरण बना सकते हैं। राजनीतिक विशलेषकों की माने तो 2014 व 2019 के आम चुनावों में प्रचंड जीत दर्ज करने वाली भाजपा को हटाना इतना आसान भी नहीं है, क्योंकि विपक्षी पार्टियों खासकर कांग्रेस की ताकत अभी के कुछ वर्षों में कम हुई है। हालांकि, हाल के वर्षों में पहली बार कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल पटना में जुटे, लेकिन मतभेद-मनभेद दूर करने के लिये अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। खासकर दिल्ली सरकार की शक्तियों पर केंद्र सरकार के अध्यादेश के मुद्दे पर कांग्रेस व आम आदमी पार्टी में मतभेद बने हुए हैं। जिसे विपक्षी एकता के प्रयासों को लेकर अच्छा संकेत नहीं कहा जा सकता। जिसका आम जनता में अच्छा संदेश तो कदापि नहीं जाएगा। बीजेपी के साथ उसके पुराने सहयोगी ही आज नहीं है, न नीतीश कुमार न अकाली दल उनके साथ हैं. उद्धव उनके साथ नहीं हैं. शिवसेना को बिल्कुल उन्होंने तोड़ दिया है. इन सब प्रकरण ने क्षेत्रीय दलों को आज सोचने पर मजबूर किया है. लेकिन ये जरूर है कि अगर बंगाल में चुनाव होगा तो ममता और कांग्रेस में किस तरह से सीट शेयरिंग होगी, इसका क्या स्वरुप होगा? वहीं सीटों के बंटवारे को लेकर भी अड़चन सामने हैं। दिल्ली और पंजाब में आप, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, महाराष्ट्र में एनसीपी-शिवसेना (ठाकरे), यूपी में समाजवादी पार्टी कांग्रेस को ज्यादा भाव देने के मूड में नहीं हैं। मित्र दलों का इरादा कांग्रेस को लोक सभा की आधे से भी कम सीटें देने का है। महाराष्ट्र में अब तक कांग्रेस और राकांपा मिलकर चुनाव लड़ती रही हैं। लेकिन अब शिवसेना (उद्धव गुट) के साथ आने के बाद कांग्रेस को भी अपनी सीटें छोड़नी पड़ेगी। इसी प्रकार बिहार में आधा दर्जन पार्टियों को मिलकर भाजपा से मुकाबला करना है। बिहार में राजद और जदयू को लोकसभा की ज्यादा सीटें मिलनी तय है। ऐसे में कांग्रेस, भाकपा, माकपा और भाकपा (माले) के खाते में कितनी सीटें आती हैं, देखना दिलचस्प रहेगा। क्या अकेले दम कर्नाटक जीत चुकी कांग्रेस इसके लिए मान जाएगी? पटना बैठक में केंद्र सरकार के अध्यादेश के विरोध के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी व कांग्रेस पार्टी में सहमति नहीं बन सकी, लेकिन इससे एकता के प्रयासों को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। विपक्षी दलों के लिए ब्रांड मोदी के खिलाफ चेहरा एक बड़ा मुद्दा है कि फेस के बदले फेस कौन होगा. बीजेपी भी यही सवाल उठा रही है। लेकिन 2004 चुनाव हमें नहीं भूलना चाहिए जब एक तरफ अटल जी का बड़ा चेहरा था, लेकिन दूसरी तरफ विपक्ष का कोई बड़ा चेहरा नहीं था। लेकिन जनता ने चेहरा को भुलाकर मुद्दे पर वोट किया था. ऐसे में हो सकता है कि विपक्ष चेहरा लाए या फिर चेहरा न लाकर मुद्दे पर ही जाए. सवाल ये भी है कि विपक्ष अंतर्विरोध को खत्म कर साथ आ भी पाएगा या नहीं आ पाएगा? इसमें कोई दो राय नहीं है कि देर-सवेर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयास रंग लाते नजर आ रहे हैं। अभी तो यह सबसे महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया जाना है कि एक सीट पर विपक्ष का एक ही, साझा उम्मीदवार कैसे उतारा जा सकता है। ममता और अखिलेश यादव कांग्रेस से ही अपेक्षा कर रहे हैं कि कांग्रेस बड़ा दिल दिखाए। इन दोनों बड़े राज्यों में अपने उम्मीदवार उतारने की जिद न करे। यह कैसे संभव है? क्षेत्रीय दलों की अपनी महत्त्वाकांक्षाएं हैं। इसमें दो राय नहीं कि देश में स्वस्थ लोकतंत्र के लिये मजबूत विपक्ष अपरिहार्य ही है। यदि देश में विपक्ष मजबूत होगा तो सत्ता पक्ष के निरंकुश व्यवहार पर अंकुश लगाने की कोशिशें सिरे चढ़ सकेंगी। कह सकते हैं कि विपक्षी एकजुटता के लिये अभी कई परीक्षाएं शेष हैं। यह भी हकीकत है कि पटना बैठक में कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आए। लेकिन आगे संवाद की स्थिति बनी रहने की जरूरत पर बल दिया गया। अगली बैठक का शिमला में आयोजित किया जाना विपक्ष की एकता की इन्हीं कोशिशों का ही विस्तार है। फिलहाल विपक्ष ने जो शुरूआत की है, वह सकारात्मक है, छोटा कदम है, लेकिन निर्णायक होने का रास्ता अभी लंबा और टेढ़ा-मेढ़ा है। अब सबकी निगाहें शिमला में होने वाली बैठक पर टिकी हुई हैं।

**-लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।**

## कविता

परछाइयों में तेरी रंग मिलाता हूं,
तेरे एहसासों के संग बहा जाता हूं।

तेरा एहसास बडा इंद्रधनुषी जानम,,
तेरे ख्यालो में ही जिया जाता हूँ।।

तेरे सांसों की खुशबू से इतर,
कोई और खुशबू नहीं ले पाता हूं ।.

न जाने कितने गुलशनों में भटका,
हसीन तुझसा फूल नहीं चुन पाता हूं।

महकती आ जाओ कभी मेरी तरफ,
सारी रतिया आंखों में ही गुजार जाता हूं।

तेरी खुशबू से तरबतर अभी तक हूं,
उसके एहसास से ही शर्मा जाता हूं।।

बंदीशें तो तुझ पर भी है बहुत, संजीव,
हवाओं में ही तेरे नाम पैगाम लिख जाता हूं।

संजीव ठाकुर

## कस ली है कमर अब तो कुछ कर दिखायेंगे

**ललित गर्ग**

**भारत** की आजादी का यह अमृतकाल है, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आबादी वाला देश होने का गौरव तभी प्राप्त होगा जब हम कुछ कर दिखायेंगे। हमारे देश की आजादी के 75 सालों के दौरान, भारत भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, गरीबी, कुपोषण, उचित स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और पुरुषों और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसी कुछ बीमारियों से संक्रमित रहा है। विश्व खुशी सूचकांक में भारतीय 144वें, लिंग विकास सूचकांक में 141वें और वैश्विक बोझ सूचकांक में 145वें स्थान पर हैं। विभिन्न विकास सूचकांकों में भारत की रैंक इन कुछ वर्षों में सुधरी है तो इसका कारण सबका विकास-सबका साथ है। भारत इन सभी सूचकांकों में रैंक में सुधार करने का एकमात्र तरीका है कि देश का हर नागरिक कमर कसे और अपने-अपने क्षेत्र में अनूठा एवं विलक्षण करते हुए देश को सशक्त बनाएं। हर व्यक्ति को देश-निर्माण के कार्यभार को संभालने और बेहतर कल के लिए लड़ने के लिए आगे आने की जरूरत है। एक चित्रकार रंगों से, लेखक शब्दों से, संगीतकार धुनों से, अभिनेता भावों से, व्यवसायी व्यापार से, राजनेता नेतृत्व से, धर्मगुरु धर्म से, शिक्षक शिक्षा से एवं कर्मी कर्म से देश के लिये कुछ कर दिखाये, यह अपेक्षित है। आजादी की बात भी हमेशा आर्थिक-सामाजिक-राजनीतिक दायरों में कैद ही रहती है जब यह कहते हैं, मैं आजाद हूं तो इसका क्या अर्थ होता है गुलामी से आजादी। देश को दूसरों की कैद से मिली आजादी। आर्थिक कर्जों से छुटकारा मिलने की आजादी। पुराने घिसे-पिटे रीति-रिवाजों को तोड़कर आगे आने की आजादी या फिर एक इंसान होने के नाते स्वतंत्रता से सोचने, विचार कर अपने फैसले स्वयं लेने की आजादी। गलतियां करने की आजादी, ठोकरें खाने की आजादी, ठोकरों से कुछ सीखने की आजादी। जैसा कि रिल्के कहता है, बने बनाए रास्तों पर चलने के बजाय अपने लिए नई पगडंडियां बनाओ़ क्या ऐसा करने की आजादी हम हासिल कर पाए हैं? देश आज दुनिया की ह्यनई उम्मीदद्ध के रूप में उभरा है। ऐसा प्रतीत होता है नया भारत, जो नई सोच और सदियों पुरानी संस्कृति, दोनों को एक साथ लेकर आगे बढ़ने के लिये कमर कस चुका है। पूरी मानवजाति को दिशा देने, शांति, अहिंसा, समतामूलक दुनिया को निर्मित करने के लिये उसने स्वयं को संकल्पों में ढ़ालने की तैयारी कर दी है। दुनिया में जहां चुनौतियां बड़ी हैं, भारत वहां उम्मीद बन रहा है, जहां समस्या है, भारत वहां समाधान पेश कर रहा है। निश्चित ही यह कुछ कर गुजरने की दृढ़ता का द्योतक है। कुछ बड़ा करना है तो सोच भी बड़ी रखनी होगी। कुछ भी हो पर अब तक हमारे भीतर की एक ऐसी शक्ति रही है जो हमेशा आसान रास्तों की तलाश में रहती रही है लेकिन अब कुछ नये साहस की अनुभूति जटिल-से-जटिल कार्यों को करने को प्रेरित करती है। चुनौतियों भरे रास्तों पर अग्रसर होने के लिये हमारे देश की आबादी में 65 प्रतिशत युवा शामिल हैं।

## विचार

# युवा भारत बनाम नशे की लत

**किशन भावनानी गोंदिया**

**अंतरराष्ट्रीय** स्तरपर मादक पदार्थों के सेवन और नशीली दवाओं के दुरुपयोग तथा उसकी अवैध तस्करी के मामलों से करीब-करीब हर देश पीड़ित है और यह समस्या दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। खासकर मानवीय युवा पीढ़ी जिन्हें भविष्य की बागडोर संभालनीं है, यानें हमारी अगली पीढ़ी बनने वाले युवा और बच्चों की रुचि मादक पदार्थों में बढ़ती ही जा रही है हम अपने आसपास भी देखते होंगे कि बच्चे भी सिगरेट, बीड़ी, बीयर पीने की ओर आगे बढ़ते दिखाई दे रहे हैं जो वैश्विक समस्या बनती जा रही है।इसलिए प्रतिवर्ष आम जनता में नशे के खिलाफ जन जागृति उत्पन्न करने के लिए नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस 26 जून मनाया जाता है। चूंकि भारत में भी यह दिवस गृह मंत्रालय स्तरपर बड़े कार्यक्रम करके मनाया गया इसलिए हम आज इस आर्टिकल के माध्यम से इसपर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम नशीली दवाओं के दुरुपयोग की करें तो, ड्रग्स एंड क्राइम पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (यूएनओडीसी) ने उल्लेख किया है, एक साथ, हम विश्व नशीली दवाओं की समस्या से निपट सकते हैं। मजबूत दृढ़ संकल्प और नशीली दवाओं से संबंधित ज्ञान साझा करके, हम सभी नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त एक अंतरराष्ट्रीय समाज के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।जब ड्रग्स का दुरुपयोग व्यापक रूप से समाज के अमीर और गरीब वर्ग के बीच फैल जाता है तो उस समय सबसे अधिक अनिवार्य है नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सामुदायिक सहायता की जरूरत की। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ युद्ध में प्रसिद्ध कहावत रोकथाम इलाज से बेहतर है काफी प्रासंगिक है। ड्रग्स के दुरुपयोग और इससे जुड़ी अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के दिन जनजागृति बढ़ाना जरूरी है। साथियों बात अगर हम इस नशीली दवाओं के दुरुपयोग व अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर माननीय केंद्रीय गृहमंत्री के संबोधन की करें तो अपने संदेश में कहा कि आज 26 जून 2023 को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस केअवसर पर मैं ड्रग्स के विरुद्ध लड़ाई लड़ रही सभी संस्थाओं और लोगों को दिल से बधाई देता हूँ। यह अत्यंत हर्ष की बात है कि नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो इस बार भी अखिलभारतीय स्तर पर नशा मुक्त पखवाड़ा का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम भारत में नारकोटिक्स का व्यापार नहीं होने देंगे और ना ही भारत के माध्यम से ड्रग्स को विश्व में कहीं बाहर जाने देंगे। ड्रग्स के खिलाफ इस मुहिम में देश की सभी प्रमुख एजेंसियाँ, विशेषकर नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्युरो निरंतर अपनी जंग जारी रखे हुए है। इस अभियान को सशक्त करने के लिए गृह मंत्रालय ने 2019 में एनकॉर्ड की स्थापना की एवं हर राज्य के पुलिस विभाग में एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया, जिसका पहला राष्ट्रीय सम्मेलन अप्रैल 2023 में दिल्ली में हुआ। उन्होंने कहा कि चाहे ड्रग्स की खेती को नष्ट करना हो या जनजागरण हो गृह मंत्रालय सभी संस्थाओं और प्रदेशों के समन्वय से ड्रग्स मुक्त भारत के लिए हर सम्भव प्रयास कर रहा लेकिन इस लड़ाई को बिना जनभागीदारी के नहीं जीता जा सकता। आज इस अवसर पर मैं सभी देशवासियों से यह अपील करता हूँ कि अपने आप को और अपने परिवार को ड्रग्स से दूर रखें। ड्रग्स न केवल युवा पीढ़ी और समाज को खोखला बनाता है, बल्कि इसकी तस्करी से अर्जित धन देश की सुरक्षा के खिलाफ प्रयोग में लाया जाता है। इसके दुरुपयोग के विरुद्ध इस युद्ध में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें। अपने आस-पास हो रहे ड्रग्स के व्यापार की जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को दें। साथियों बात अगर हम मादक पदार्थों की करें तो गुटखातंबाकू तंबाकू के उपयोग से होने वाली हानियां, मदिरा अफीम, कोकीन, भांग,चरस,गांजा हशीशएलएसडी आदि अन्य पदार्थ भी मादक पदार्थों के रूप में प्रचलन में है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# श्रम ही जीवन का शक्तिशाली पक्ष

**संजीव ठाकुर**

**अनवरत श्र**म हमेशा सफलता की ओर मार्ग प्रशस्त करता है इसमें यदि दृढ़ संकल्प ,संयम की युती भी हो तो सोने पर सुहागा होगी' हर कदम पर सफलता आपके कदमों पर होगी' हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि "आशाओं पर आकाश टिका हुआ है" और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है।

## पागलपंती का चैलेंज

**डॉ. सुरेश कुमार**

**आजकल** फेसबुकिया निठल्लों पर कपल चैलेंज का भूत सिर चढ़कर बोल रहा है। बोल नहीं नाच रहा है। एंगल-बेएंगल थोपड़ा लिये फेसबुक पर अपनी किस्मत की कव्वाली करने पर तुले हैं। अब कौन समझाए कि कव्वाली और घरवाली में क्या फर्क है? कव्वाली में एक बार के लिए जुगलबंदी हो सकती है, लेकिन घरवाली के सामने जुबानबंदी के सिवाय कुछ नहीं। जुबान खुली कि नहीं बंदा जान से अनजान, नाम से गुमनाम और पल में शमशान तक पहुँचने में देर नहीं लगती। बावजूद इसके बहुत सारे फेसबुकिया शूर-वीरों में लाइककिंग बनने की ऐसी मराड़ मची है कि न उन्हें दिन का होश है और न रात का। जब देखो तब एक ही भूत सवार है- कपल चैलेंज। कपल चैलेंज न हुआ ऑस्कर अवार्ड हो गया। नौकर से लेकर तस्कर तक, जोकर से लेकर ब्रोकर तक और छुटकर से बड़कन तक सब में नाशपिटिया ससुरा फेसबुकिया का हव्वा सवार है। जो देखो वही मुँह उठाए चला आता है। मानो गैरों की शादी में अब्दुल्ला की जगह कपल को दीवाना बनना है। एक दिन अचानक फेसबुकिया के मुँह पर लड़की के नाम से किसी लड़के ने कपल चैलेंज का पोस्टर चेप दिया। लिखा था- जो कोई माई का लाल है, उससे यह सवाल है कि आ जाना फलाना तारीख और टाइम को फेसबुकिया चैलेंज लेने। फेसबुकिया बाँकुरों के बीच सवाल ने ऐसा बवाल मचाया कि सबकी चाल बदली-बदली सी लगने लगी। सभी बताए तारीख और टाइम को फेसबुकिया अखाड़े में पहुँचे। कमाल की बात यह थी कि सबके सब चेहरे पर मुखौटा लगाए पहुँचे थे। कोई अपना चेहरा दिखाना नहीं चाहता था उन्हें डर था कि कोई उनकी नकल न कर ले। सभी अपने-अपने कपल के साथ कैट, डॉग, बुल वॉक करते हुए अपनी तस्वीरें चेपने लगे। चूँकि कोरोना काल था इसलिए कपल चैलेंज पर इसका असर साफ-साफ दिखायी दे रहा था। पहले एक कपल ने अपनी तस्वीर ऐसे चेपी जैसे उसे अमेरिका में प्रचार प्रसार के लिए बुलाया गया हो। तस्वीर में युवक अपनी पत्नी के पैर दबा रहा था और पत्नी रिमोट से चैनल। यह कपल तस्वीर कोरोना काल की आधी आबादी की सच्चाई बयान कर रही थी।

# योजनाओं का लाभ गरीबों तक पहुंचाएं : राजीव



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेरा बूथ** सबसे मजबूत कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बूथ के 10 लाख कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए आह्वान किया कि हर कार्यकर्ता की पहचान राजनैतिक कार्यकर्ता से ज्यादा एक समाज सेवक की ज्यादा होनी चाहिए और सरकारी योजनाओं का लाभ गरीब से गरीब व्यक्ति तक पहुंचाएं तभी 2024 में बड़े बहुमत के साथ पार्टी जीतेगी !

शहीद भगत सिंह मंडल, सुभाष चंद्र बोस मंडल तथा महाराजा अग्रसेन मंडल में एल0ई0डी0 स्क्रीन पर बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित पूर्व मंत्री डॉक्टर कविता जैन ने कहा नरेन्द्र मोदी ने हमें संदेश दिया कि हमारी पहचान जब तक अपने बूथ में सुख दुःख के साथी के रूप में नहीं होगी तब तक आपका नेतृत्व बेकार है।

आप के जरिये मिलने वाले फीडबैक से हमें योजनाओं को बनाने में मदद मिलती है, उज्वला योजना इसी का परिणाम है। नरेन्द्र मोदी ने उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हमारा कार्यकर्ता ऐयर कण्डीशनर में बैठकर नहीं बल्कि हर परिसिथिति में अपने आप को खपाता है।

> 8 हमारा कार्यकर्ता ऐयर कण्डीशनर में बैठकर नहीं बल्कि हर परिसिथिति में अपने आप को खपाता है

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का यह संदेश कि हमें तुष्टिकरण कि राजनीति की बजाये जनता के सन्तुष्टिकरण के लिए काम करना है, हर कार्यकर्ता के लिए बूथ जीतने का मूल मन्त्र है।! उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को प्रधानमंत्री के निर्देश अनुसार स्वछता, पर्यावरण, सौर ऊर्जा, ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूल भेजने जैसे काम अपनाकर मतदाताओं के जन जीवन से जुड़ेंगे तो कोई वजह नहीं कि मतदाता हमारे साथ पारिवारिक रूप से ना जुड़े ! राजीव जैन ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता विपक्षी दलों द्वारा सुविधाओं के गारंटी कार्ड बाँटने के प्रपंच से जनता को बताना होगा कि यह 20 लाख करोड़ रुपए के घोटालों का गारंटी कार्ड है ! कार्यकर्ताओं में डॉक्टर ओम प्रकाश अत्रे, योगेश पाल अरोड़ा, पार्षद हरी सैनी, महेश लूथरा, इंदु वलेचा, मुकेश सैनी, नवीन मंगला, मंडल अध्यक्ष मुकेश बत्रा, नरेश वर्मा, सुरेश कथूरिया, एम० एल० आहूजा, ईश्वर शर्मा, नीरज सोनी, प्रेमा तिवारी, सुनीता लोहचब, समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

# 'बेरोजगारी को लेकर हरियाणा भाजपा का करते हैं तिरस्कार'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**रेस्ट हाउस** में आम आदमी पार्टी की प्रेस वार्ता हुई जिसमें मुख्य रुप से प्रदेश इवेंट प्रभारी नवीन गौड़ को आमंत्रित किया गया जिस पर गौड़ ने नेशनल स्टेटिस्टिक्स आफिस की रिपोर्ट के आधार पर बताया कि हरियाणा महंगाई देश मे पहले स्थान पर है दूसरे स्थान पर उत्तराखंड व तीसरे पायदान पर उत्तर प्रदेश है जब कि तीनों प्रदेशो में भाजपा की सरकार है। हरियाणा इस रिपोर्ट के आधार पर पहले पायदान पर खड़ा है जो कि युवाओं के भविष्य को अंधकार में डुबो रहा है जो बहुत भयंकर स्थिति उत्पन्न करने वाली है।

खट्टर पर तंज कसते हुए कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर पंजाब की तरह हर युवा को रोजगार देने का कार्य पहली कलम से करेगी ओर हरियाणा में सरकारी स्कूलों की दशा पर बड़ी निंदा की। जिसमे ग्रामीण जिला अध्यक्ष महेंद्र छिक्कारा ने कहा की

हरियाणा बेरोजगारी में भी नंबर वन है और महंगाई में भी नंबर वन है।आज प्रदेश का हर वर्ग खट्टर सरकार की गलत नीतियों से परेशान है।

**हरियाणा में हर तीसरा ग्रेजुएट बेरोजगार, कुल संख्या 24.80 लाख बेरोजगार:** सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के मुताबिक, हरियाणा में हर 3 में से एक युवा ग्रेजुएट है। इनमें से एक बेरोजगार है।कुल संख्या देखें तो 24.80 लाख बेरोजगार हैं. 20 से 24 वर्ष की आयु में से 19.22 लाख बेरोजगार हैं।वर्ष के मध्य में है।स्नातक और उच्च योग्यता रखने वाले युवाओं की संख्या 6.02 लाख है जो बेरोजगार हैं। दसवीं से बारहवीं पास बेरोजगार युवाओं की संख्या 18.24 लाख के करीब है.

**हर साल पांच हजार कर्मचारियों का रिटायरमेंट:** हरियाणा में आबादी और कार्यभार के हिसाब से करीब नौ लाख कर्मचारी होने चाहिए, लेकिन कुल नियमित कर्मचारियों की संख्या 3,38,921 है। हर साल करीब साढ़े पांच हजार कर्मचारी रिटायर होते हैं, लेकिन नई भर्ती की संख्या कम होती है।हरियाणा में 1.82 लाख पद खाली हैं और खट्टर सरकार ने 1 अप्रैल 2023 को 13000 पद खत्म कर दिए। आबादी के हिसाब से हरियाणा में 10 हजार डॉक्टर होने चाहिए।फिलहाल राज्य में करीब 4,000 डॉक्टर ही कार्यरत हैं, जबकि 6,000 पद खाली पड़े हैं। राज्यों में एमडी के कुल 241 पदों में से 191 पद खाली हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञों के 193 पदों में से 98 खाली हैं। सौंदर्यशास्त्र के कुल 231 पदों में से 131 पद रिक्त हैं। शिशु रोग विशेषज्ञों के 146 पदों में से 81 पद रिक्त हैं।वहीं सर्जन के 143 पदों में से 68 पद खाली हैं।हरियाणा में सीईटी को लेकर युवाओं में खटटर सरकार के खिलाफ काफी विरोध और गुस्सा है, पिछले साल से खटटर सरकार की कोई भी भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। सरकार को सभी योग्य अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने का मौका देना चाहिए। पहले सरकार ने सीईटी को सिर्फ पात्रता परीक्षा मानने की बात कही थी. इसलिए सीईटी को ही परीक्षा बना देना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### गठबंधन सरकार से छुटकारा चाहती है प्रदेश की जनता : मलौर

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पूर्व विधायक** एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य जसबीर मलौर ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा जजपा गठबंधन की सरकार से छुटकारा चाहती है ।पिछले 9 वर्षों में सरकार ने जूठी घोषणाओ,महंगाई, औ? बेरोजगारी के सिवाय कुछ नही दिया। हर वर्ग इस जूठ और लूट की सरकार से परेशान है और कांग्रेस को सत्ता सौंपकर भूपेंद्र सिंह हुड्डा को मुख्यमंत्री बनाने का मन बना चुका है।

मलौर ने कहा कि शहर विधानसभा के विभिन्न गांवों में जनता से संपर्क कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा और जजपा के नेता 9 वर्षों तक भ्ष्टार्चार के माध्यम से मलाई चाट कर अब चुनाव आते ही एक दूसरे के विरुद्ध ब्यानबाजी करके जनता को गुमराह करना चाहते है ।प्रदेश के जागरूक मतदाता इन दोनों दलों की वास्तविकता को जान चुके है और 2024 के चुनाव वादाखिलाफी का बदला लेने को तैयार है ।उन्होने कहा कि 2019 में एक दूसरे को गालियां देने वाले भाजपा व जजपा के नेता सत्ता की मलाई चाटने के लिये इकट्ठा हुये थे । दोनों दलों ने जनता से किया हुआ एक भी वायदा पूरा नही किया । अब चुनाव सामने देखकर नई नॉटंकी शुरू कर दी है। पूर्व विधायक ने कहा कि हरियाणा सहित पूरे देश मे जनता कांग्रेस पार्टी को एकमात्र विकल्प के रूप में देख रही है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में भारी बहुमत से कांग्रेस ने सत्ता में वापिसी की है और अब लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी भाजपा को सत्ता से बाहर करने में अग्रणी भूमिका अदा करेगी । तेलंगाना सहित देश के सभी राज्यों में अन्य दलों के बड़े नेता पुर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान, औ? सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे है।

### समाजसेवी संदीप गर्ग ने दी ग्राम पंचायत व ब्लॉक समिति को लाइटें

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)**
**लाडवा के** गांव लौहारा में ग्राम पंचायत एवं ब्लाक समिति सदस्यों द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की। मुख्यातिथि समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्का उनका अपना हल्का है और हल्के के हर व्यक्ति की समस्या उनकी अपनी समस्या है। उन्होंने गांव लौहारा में पिछले काफी दिनों से सड़कों पर लगाने के लिए लाइटों की जरूरत थी, जो कि एक बहुत बड़ी जरूरत थी। उसको देखते हुए उन्होंने फाउंडेशन की ओर से ग्राम पंचायत व ब्लॉक समिति सदस्यों को गांव में लाइट लगाने के लिए लाइटें भी सौंपी और कहा कि यदि और भी कोई समस्या होगी तो उसका भी समाधान करने का पूरा प्रयास करेंगे। वहीं ब्लॉक समिति सदस्य मुख्तयार सिंह ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा हल्के के समस्याओं को बिना किसी पद पर हुए भी उठा रहे हैं और हल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग सत्ता में बैठे हैं या विपक्ष में बैठे हैं वह अब गांव में आकर देखते भी नहीं कि क्या हो रहा है, वोट के समय में ऐसे लोगों को वोट न देकर वोट की चोट से जवाब दिया जाएगा। मौके पर सरपंच बिन्दर, पंच बलबीर सिंह, पंच मुख्तयार सिंह, रमेश कौर, सुच्चा सिंह, बलदेव सिंह, जगमाल सिंह, गुरमीत सिंह, राजकुमार, दर्शनी कौर, अनिता कौर, सर्वजोत कौर आदि मौजूद थे।

### चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**पानीपत:** उपायुक्त वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की यह प्रक्रिया 8 जुलाई 2023 तक जारी रहेगी। स्नातक पाठ्यक्रमों में छह वर्षीज्य बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर में दाखिला दसवीं के बाद एग्रीकल्चर एप्टीट्यूड टेस्ट जबकि चार वर्षीज्य पाठ्यक्रम जिसमें बीएससी (आनर्स) एग्रीकल्चर, बीएफएससी (बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस), बीएससी (आनर्स) कम्युनिटी साइंस व बीएससी (आनर्स) एग्रीबिजनेस मैनेजमैंट में दाखिले के लिए 12वीं के बाद एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) व बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एलईईटी) में दाखिला हरियाणा राज्य काउंसलिंग सोसायटी द्वारा ज्वाइंट एंट्रेस टेस्ट(मैन)2023 और एलईईटी 2023 की मेरिट के आधार पर होगा। दाखिला प्रक्रिया संबंधी सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट एचएयूडाटएसीडॉटइन और एडमिशनडाटएचएयूडाटएसीडाट इन पर है।

# दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी भाजपा : डॉ. संजय शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर विधानसभा के शहरी मंडल में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरा बुथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम के निमित्त अम्बाला के जी आर एस डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल, जींद के विधायक डॉ कृष्ण मिड्ढा, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रमुख एवं सोसल मीडिया प्रमुख डॉ संजय शर्मा व अन्य पदाधिकारियों ने पार्टी कार्यकताओं के साथ सुना। इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश मीडिया प्रमुख एवं सोशल मीडिया प्रमुख डॉ संजय शर्मा ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत पार्टी कार्यकर्ता हैं और पार्टी कार्यकताओं के दम पर ही भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। डॉ संजय शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती से आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल रैली के माध्यम से देशभर से भाजपा के लगभग दस लाख कार्यकताओं को संबोधित किया और संवाद कर सवाल जवाब किए । नरेन्द्र मोदी ने कार्यकताओं को जनता में जाकर देश से परिवार वाद की राजनीति को समाप्त करने का आह्वान किया।

# प्रदेश में तैयार हो रही बेरोजगारों की फौज : मनीष यादव

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष यादव**
**नारनौल। आम** आदमी पार्टी के युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव ने कहा कि मौजूदा प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने में बिल्कुल विफल है। अभी भी सरकार के पास 1 साल का समय बचा हुआ है, अगर सरकार युवाओं को रोजगार नहीं देती है तो आम आदमी पार्टी इसके विरोध में सड़कों पर उतरेगी। जिसके तहत 28 जून को सभी जिलों में प्रदर्शन करेगी। वह आज यहां आम आदमी पार्टी के सचिव नरेंद्र राव इंजीनियर के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के युवा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राता और एडवोकेट कुलदीप भरगढ़ भी थे। आम आदमी पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में 9 लाख सरकारी नौकरियां हैं। जिनमें से आधे से ज्यादा नौकरियों पर रिक्त पद हैं। ऐसे में इन रिक्त पदों को जल्दी से जल्दी सरकार द्वारा भरा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है। युवाओं के पास काम करने के लिए कोई साधन नहीं है। सरकार भी नौकरियां नहीं निकाल रही है। युवाओं को केवल कभी ग्रुप सी तो कभी ग्रुप डी के टेस्ट में उलझा कर रखा हुआ है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार युवाओं को नौकरी देने के मामले में विफल साबित हुई है।

# रोटरी क्लब अंबाला द्वारा गवर्नर विजिट कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) मॉडल टाउन**
अंबाला क्लब में रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल का गवर्नर विजिट का कार्यक्रम शुरू किया गया , जिसमें वर्तमान वर्ष के गवर्नर बीपी काल्टा अस्वस्थ होने के कारण बोर्ड मीटिंग में नहीं आ पाए उनकी अनुपस्थिति में ऑसिस्टेंट गवर्नर शुभादेश मित्तल बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे । रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल द्वारा सारे साल की हुई गतिविधियों के बारे में सभी आए हुए मेंबर तथा मेहमानों को अवगत कराया गया । वर्तमान प्रधान रोटेरियन बीके ओबरॉय जोकि इस समय अमेरिका में है उन्होंने भी अपना सारे साल का लेखा जोखा लिख कर भेजा जिसको कार्यवाहक प्रधान रोटेरियन मनमोहन मैनी ने पढ़कर सुनाया । वर्तमान सचिव सुनील दत्त ने भी क्लब के प्रोजेक्ट के बारे में तथा आने वाले वर्ष के बारे में अपने विचार रखे । रोटेरियन शुभादेश मित्तल जोकि असिस्टेंट गवर्नर की हैसियत से क्लब की मीटिंग में आए हुए थे उन्होंने भी क्लब की गतिविधियों को अपने भाषण में जिक्र किया तथा खूब प्रोत्साहित किया । अंत में नई रोटेरियन योगिता कालरा को क्लब की फीमेल रोटेरियन गीता गुलाटी हेमलता कुलविंदर मान तथा अमनप्रीत कौर ने पिन लगाकर सदस्यता ग्रहण करवाई। कार्यक्रम के अंत में आने वाले वर्ष के प्रधान रोटेरियन सुनील दत्त ने धन्यवाद किया तथा सभी मेंबर को डिनर के लिए आमंत्रित किया । इस अवसर पर रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल ने खालसा हाई स्कूल कोर्ट रोड अंबाला सिटी को छह अलमारियाँ खरीदने के लिए चेक प्रदान किया ।

### नशे व नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बच्चों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) गतदिवस नशे** व नशीले पदार्थो की तस्करी के खिलाफ अन्तराष्ट्रीय दिवस को मिशन क्राइम फ्री इण्डिया की अम्बाला निवासी अध्यक्ष रचना वशिष्ठ ने राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान गौतम बुद्ध नगर में मनाया। जिसमें उनके अनुरोध पर किरण बेदी पूर्व उपराज्यपाल पुडुचेरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहीं नशे की कुरीति को स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक द्वारा पेश किया गया तथा कार्यक्रम में आये आरबी शर्मा सलाहकार गृह मंत्रालय भारत सरकार, पूर्व सचिव भारत सरकार कमल टौवरी, स्नेहलता मौजूद रहे।

# मुख्य सड़कों पर बरसात के समय होने वाली जल भराव की समस्या होगी दूर



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मेयर निखिल** मदान शहर के सामान्य अस्पताल के साथ बने पैदल पथ की सड़क धँसने की घटना का जायजा लेने मंगलवार सुबह मौके पर निगम अधिकारियों के साथ पहुंचे और उन्होंने स्तिथि का जायजा लिया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि उपरोक्त सड़क के नीचे से गुजर रही हुडा विभाग की पुरानी सीवरेज लाइन के अवरुद्ध होने और बीच में से टूटने के चलते सड़क धँसने की समस्या पैदा हुई है। उन्होंने आज अपने सामने पूरी लाइन का महाराणा प्रताप चौक तक निरीक्षण किया है औ? मौके पर ही जेसीबी मँगवाकर सीवरेज लाइन को साफ करवाया गया। ड्रेन 6 को जाने वाली इसी सीवरेज लाइन में सेक्टर 15 की स्टॉर्म वाटर लाइन जुडी है, साथ ही सेक्टर 14 की स्टॉर्म वाटर लाइन को भी इससे जोड़ा जा रहा है। साथ ही सीवरेज लाइन के पूरी तरह से मरम्मत करने औ? इसके नव निर्माण के आदेश अधिकारियो को दिए गए है। इसके बाद सेक्टर 14-15 में डाली गई स्टॉर्म वाटर लाइन के माध्यम से बरसाती पानी की निकासी की जाएगी। जिससे स्थानीय निवासियों को बरसात में होने वाले जल भराव से निजात मिलेगी। मौके पर नगर निगम कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी, एस डी ओ नरेंद्र कुमार, एस डी ओ सुरेश लोहान,जेई परविंदर कुमार, जेई सचिन राठी,नगर निगम सफाई निरीक्षक साहब सिंह,सतेंद्र सिंह, हुडा विभाग से जेई रोहित कुमार,हरपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# एनडीआरए के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आदेश पहुंचे एसडी कॉलेज



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला छावनी** के एस डी कॉलेज का आज एनडीआरआई करनाल से आए प्रधान विज्ञानिक डाक्टर आदेश कुमार शर्मा ने भ्रमण किया और अपनी पुरानी यादों को ताजा किया साथ ही एस डी कॉलेज का ए प्लस प्लस सिजीपी ए 3.72 ग्रेड आने पर शुभकामनाएं भी दी।

डॉक्टर आदेश कुमार ने बताया कि वह भी इसी कॉलेज के छात्र रहे हैं उन्होंने बताया कि डॉक्टर नवीन गुलाटी एवं प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र सिंह 1987 मे कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में सहपाठी रहे हैं तब के समय में और अब कॉलेज में काफी अंतर देखने को मिल रहा है उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि वह कॉलेज में रहकर किस प्रकार शिक्षा लेते थे तथा कौन कौन से अध्यापक उन्हें यहां पढ़ाया करते थे आज भले ही वह उच्च पदों पर आसीन हो लेकिन कॉलेज के साथ यादें आज भी पहले की तरह जुड़ी हुई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एस डी कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में सदा ही अग्रणीय रहा है तथा यहां से हजारों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदों पर आसीन है। डॉक्टर नवीन गुलाटी द्वारा केंद्र सरकार द्वारा लागू की जा रही नई शिक्षा नीति पर भी चर्चा की गई।नई शिक्षा नीति में वैदिक गणित को शामिल किया गया है इससे छात्र छात्राएं वैदिक गणित संबंधी जानकारी हासिल कर सकेंगे।उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति देश को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएगी । डॉक्टर आदेश कुमार ने नई शिक्षा नीति को बहुत ही फायदेमंद बताते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा एक आधुनिक सोच के साथ नई शिक्षा नीति लागू की जा रही है इससे आने वाले समय में युवा आत्मनिर्भर बनेंगे तथा उनके ज्ञान में भी कई गुना बढ़ोतरी होगी।

टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) योगा फेडरेशन द्वारा जिला , राज्य और राष्ट्रीय स्तरीय योगा प्रतियोगिता की तैयारी के लिए शाम को 5:00 से 7:00 तक 9 वर्ष से 19 वर्ष के योगा बच्चों के लिए फ्री एडवांस योगा की कोचिंग चलाई जा रही है। जिसकी ट्रेनिंग राष्ट्रीय स्तरीय योगा शिक्षक अभिषेक द्वारा योगा की एडवांस्ड कोचिंग दी जा रही है और सुबह 5.30 बजे से 6.30 बजे तक राष्ट्रीय योगा विजेता भावना द्वारा दी जा रही है।

# भाजपा के शासनकाल में हरियाणा बेरोजगारी में नंबर 1 : जगबीर

## बढ़ती बेरोजगारी को लेकर 28 जून को उपायुक्त के माध्यम से सौंपेंगे मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र( दलबीर मलिक )आज आम आदमी** पार्टी जिला कुरुक्षेत्र ने एक निजी होटल में हरियाणा में बढ़ रही बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर प्रैस कॉन्फ्रेंस की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आम आदमी पार्टी जिला प्रधान जगबीर सिंह ने बताया कि जब से हरियाणा में बीजेपी की सरकार बनी है तब से लगातार बेरोजगारी की दर बढ़ती जा रही है। आज हरियाणा में खट्टर सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। हरियाणा में शिक्षित युवा बेरोजगार घूम रहे हैं ।हर तीसरा युवा बेरोजगार है । आज हरियाणा में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या लगभग पच्चीस लाख के करीब है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी की रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा में प्रत्येक तीन स्नातक युवाओं में एक बेरोजगार युवा है। बीस वर्ष से चौबीस वर्ष तक के पढ़े-लिखे युवा बेरोजगारों की संख्या लगभग बीस लाख है। जो युवा स्नातक हैं और इस से भी ऊपर की योग्यता रखते हैं उनकी संख्या छ लाख से ऊपर है । जो खट्टर सरकार में इस समय बेरोजगार है। दसवीं से बारहवीं पास बेरोजगार युवाओं की संख्या 19 लाख के करीब है। हर साल 5000 कर्मचारियों की रिटायरमेंट होती है। हरियाणा में



आबादी और वर्क लोड के अनुसार लगभग नौ लाख कर्मचारियों की जरूरत है जबकि नियमित कर्मचारियों की संख्या तीन लाख चालीस हजार के करीब है ।हर साल हरियाणा में साढ़े पांच हजार कर्मचारी रिटायर होते हैं लेकिन नई भर्ती का आंकड़ा बहुत कम है। हरियाणा में दो लाख के करीब पद खाली पड़े हैं और खट्टर सरकार ने 1 अप्रैल 2023 को तेंरह हजार पदों को बिल्कुल खत्म कर दिया। हरियाणा में आबादी के हिसाब से दस हजार डॉक्टर होनी चाहिए अभी प्रदेश में चार हजार डाक्टर ही काम कर रहे हैं जबकि छः हजार डॉक्टर के पद खाली पड़े हैं । प्रदेश में एम डी डाक्टर के 241 पदों में से 91 पद खाली, महिला रोग विशेषज्ञ 193 में से 98 पद खाली है, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों के 146 पदों में से 81 पद खाली है, वही सर्जन के 143 पदों में से 68 पद खाली है, हरियाणा में सी ई टी को लेकर खट्टर सरकार के खिलाफ युवाओं में बहुत गुस्सा है। पिछले 4 साल से खट्टर सरकार की कोई भी भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है । आम आदमी पार्टी हरियाणा सरकार से मांग करती है कि सभी पद जो खाली है उन पदों पर पढ़े लिखे युवाओं को परीक्षा में बैठने का मौका दें ।खट्टर सरकार ने किस नियम के आधार पर 4 गुना अभ्यर्थियों को बुला रही है ।यह हरियाणा के पढ़े-लिखे युवा खट्टर सरकार से पूछता है।

कुरुक्षेत्र लोकसभा के अध्यक्ष सुमित हिंदुस्तानी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन बोर्ड हाईकोर्ट में चुनौती देकर इस भर्ती को लटकाना चाहता है इसलिए युवाओं को हाई कोर्ट जाने पर हरियाणा सरकार मजबूर कर रही है।

# दिल्ली में 42 ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू

## २मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया उद्घाटन, दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर साधा निशाना

**ई-स्टेशन**

**8 सीएम ने कहा कि दिल्ली को 42 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन मिले हैं। अब कुल 53 ईवी चार्जिंग स्टेशन हो गए**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली में** किफायती ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन शुरू हो गए हैं। आज अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में 42 और ईवी चार्जिंग स्टेशनों का उद्घाटन किया। जहां पर 140 चार्जिंग प्वाइंट्स होंगे। बता दें कि दिल्ली सरकार ने बीते वर्ष पीपीपी मोड पर 100 चार्जिंग स्टेशन खोलने की घोषणा की थी। इस मौके पर सीएम केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली को 42 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन मिले हैं। जिसके बाद अब कुल 53 ईवी चार्जिंग स्टेशन हो गए हैं। पिछले आठ साल में प्रदूषण में भारी कमी आई है। 2014 में जो पीएम 10 और पीएम 2.5 प्रदूषण का लेवल था, वो 30% कम हो गया है। आपकी सरकार के द्वारा उठाए कदमों के फल दिखाई दे रहे हैं।

केजरीवाल ने कहा कि 2020 में हमने देश की पहली पहली ईवी पॉलिसी बनाई। हमारा लक्ष्य था कि 25 प्रतिशत ईवी वाहन खरीदे जाएं। आज दिल्ली में 13 प्रतिशत ईवी वाहन खरीदे जा रहे हैं। नीति आयोग ने कहा दिल्ली की ईवी पॉलिसी बेस्ट है और बाकी राज्य भी सीखें।

दिल्ली सरकार ने शहर के हर हिस्से में शानदार और सुलभ ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का लक्ष्य रखा है।

### 'केंद्र के पास नहीं कानून-व्यवस्था सुधारने के लिए सॉलिड प्लान'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री इन दिनों लगातार उपराज्यपाल और केंद्र सरकार पर दिल्ली की कानून व्यवस्था के लिए हमलावर हैं। इसी कड़ी में उन्होंने मंगलवार को फिर केंद्र पर दिल्ली में बढ़ते अपराध का ठीकरा फोड़ा।

**'हम सुधार देंगे दिल्ली का लॉ एंड ऑर्डर'**: मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा 'केंद्र सरकार के पास



दिल्ली के लॉ एंड ऑर्डर को सुधारने को लेकर कोई सॉलिड प्लान नहीं है। केवल मीटिंग करने से हल नहीं निकलेगा। दिल्ली में दिनदहाड़े खुले आम सड़कों पर लूटपाट हो रही है। अगर केंद्र सरकार से लॉ एंड ऑर्डर नहीं संभल रहा तो पुलिस हमें दे दें, हम दिल्ली को सुरक्षित करके दिखा देंगे।' बता दें कि मुख्यमंत्री 42 ईवी चार्जिंग स्टेशन की शुरुआत के लिए गए हुए थे। इसी कार्यक्रम में पत्रकारों के सवाल के जवाब देते हुए अरविंद केजरीवाल ने यह बात कही

### 'यूपी-हरियाणा में पावर कट लग रहे हैं'

**केजरीवाल** ने आगे कहा कि एक-एक कर दिल्ली का हर क्षेत्र के अंदर नाम हो रहा है। पहले दिल्ली में अच्छे-अच्छे स्कूल बने और शिक्षा के क्षेत्र में हमारा नाम हुआ। फिर मोहल्ला क्लीनिक बने और स्वास्थ्य में नाम हुआ। इसके बाद दिल्ली में लोगों को 24 घंटे मुफ्त बिजली मिलनी शुरू हुई और यहां भी दिल्ली का नाम हुआ। दिल्ली के सटे राज्यों उत्तर प्रदेश और हरियाणा में चले जाएं तो नोएडा और गुरुग्राम जैसे शहरों में पावर कट हो रहे हैं मगर दिल्ली में ऐसी स्थिति नहीं है। दिल्ली में जनता को 24 घंटे मुफ्त बिजली दी जाती है। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में रहने वाले लोग अक्सर प्रदूषण से परेशान रहते हैं। खासकर साल के कुछ महीने ऐसे आते हैं, जब प्रदूषण बढ़ जाता है और पूरे देश में यह चर्चा का विषय बन जाता है कि दिल्ली का प्रदूषण स्तर बढ़ गया। इसको ध्यान में रखते हुए कई साल से दिल्ली सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

# आईजीआई एयरपोर्ट में शुरू हुई सेल्फ बैगेज ड्रॉप सेवा

**राहत**

**8 यात्रियों को सामान पास कराने में लगने वाला समय बचेगा। यात्रियों के 15 से 20 मिनट की बचत होगी**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इंदिरा** गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट से घरेलू उड़ान के यात्रियों को अब सामान को लेकर परेशान नहीं होना पड़ेगा। आईजीआई टर्मिनल-3 पर सेल्फ बैगेज ड्रॉप सेवा शुरू की गई है। यात्रियों को सामान पास कराने में लगने वाला समय बचेगा। इससे यात्रियों के 15 से 20 मिनट की बचत होगी। यात्रियों की सहूलियत के लिए एयरपोर्ट में 14 सेल्फ बैगेज मशीन लगाई गई हैं, जिसमें 12 मशीनें स्वचालित व दो हाइब्रिड हैं। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) की ओर से मशीनें स्थापित की गई हैं।
इन मशीनों से यात्री अपना बैग सीधे जमा कर सकेंगे। यहां से उनका बैग विमान में पहुंच जाएगा।

### 'फर्जी' वेब सीरीज देख छापे 2000 के नकली नोट

**नई दिल्ली**: दिल्ली पुलिस ने नकली भारतीय मुद्रा को छापने और खपाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि ये आरोपी कथित तौर पर भारतीय नोटों को छापने थे और राजधानी दिल्ली सहित एनसीआर के शहरों में सप्लाई करते थे।
आरोपी 'फर्जी' सीरीज देखकर प्रभावित हुए थे और दोनों ने भारत की नकली मुद्रा को छापने की योजना बनाई, ताकि वो जल्दी से रुपये कमा सकें। आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के कैराना जिले के ताजीम और इरशाद के रूप में हुई। दोनों के पास से पांच लाख 50 हजार रुपये की मुद्रा बरामद की गई है और सभी नोट 2000 रुपये के थे।

# सीएम के बंगले के रेनोवेशन का होगा कैग ऑडिट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले के रेनोवेशन में कथित तौर अनियमितताओं की कैग स्पेशल ऑडिट करेगा। गृह मंत्रालय ने कथित गड़बड़ी की स्पेशल कैग ऑडिट करने की सिफारिश की थी। सीएजी बंगले के रेनोवेशन में कथित तौर पर गड़बड़ी की हर पहलू से जांच करेगा। आवास के नवीनीकरण में गड़बड़ी का आरोप बता दें कि दिल्ली के सीएम के आवास के रेनोवेशन पर खर्चे को लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर कई आरोप लगाए थे। भाजपा और कांग्रेस ने आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास के नवीनीकरण में करोड़ों रुपये खर्च किए गए। आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार पर भाजपा ने नवीनीकरण में कथित गड़बड़ी का आरोप लगाया था।

**171 करोड़ रुपये खर्च हुए**: भारतीय जनता पार्टी का आरोप है कि मुख्यमंत्री के बंगले के रेनोवेशन में कुल 45 करोड़ रुपये खर्च हुए। वहीं कांग्रेस पार्टी ने कहा कि केजरीवाल के महल पर 45 करोड़ नहीं, बल्कि जनता का 171 करोड़ रुपये खर्च हुए। कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा था कि दिल्ली की जनता का 171 करोड़ रुपये का खर्चा कोविड के समय में, जब दिल्ली के लोग आक्सीजन के लिए तरस रहे थे, हॉस्पिटल को और बेड को तरस रहे थे।

### एलजी की चिट्ठी की बड़ी बातें सामने आईं

- रीकंस्ट्रक्शन के नाम पर पीडब्ल्यूडी द्वारा एक नई इमारत का पूर्ण निर्माण/पुनर्निर्माण किया गया था
- काम शुरू करने से पहले लोक निर्माण विभाग ने संपत्ति के स्वामित्व का पता नहीं लगाया गया था
- लागू भवन उपनियमों के संदर्भ में भवन योजनाओं की अनिवार्य और पूर्व-आवश्यक मंजूरी पीडब्ल्यूडी की भवन समिति से प्राप्त नहीं की गई थी
- शुरूआत में मुख्यमंत्री आवास में अलग से निर्माण कराना था, हालांकि बाद में मौजूदा इमारत को हटाकर पूरी तरह से नए निर्माण के प्रस्ताव को मंत्री ने मंजूरी दे दी

# बृजभूषण सिंह मामले में 1 जुलाई को होगी सुनवाई

**मामला**

**8 भाजपा नेता और पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ छह महिला पहलवानों ने शिकायत पर मामला दर्ज हुआ था**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए कहा कि अब इस मामले में 1 जुलाई से आरोपपत्र पर बहस होगी, जिसके बाद कोर्ट आरोपपत्र पर संज्ञान लेगा। भाजपा नेता और पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ छह महिला पहलवानों ने शिकायत पर मामला दर्ज हुआ था।

**जांच की निगरानी वाली याचिका को कोई औचित्य** नहीं: पहलवनों ने इस मामले की जांच के लिए कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने कोर्ट की निगरानी में मामले की जांच कराने की मांग थी। अब महिला पहलवानों की इस याचिका को वापस लेने की मांग की है। इस अदालत ने कहा कि मामले में आरोपपत्र दाखिल हो चुका है।

# करंट से शिक्षिका की मौत पर एनएचआरसी का नोटिस

**लापरवाही**

**8 बिजली अधिकारियों के अलावा, रेलवे भी इस तरह की चूक को लेकर निगरानी रखने में विफल रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन परिसर में करंट लगने से एक महिला शिक्षिका की मौत के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष, दिल्ली सरकार और शहर पुलिस प्रमुख को नोटिस भेजा है। एनएचआरसी के अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि बिजली अधिकारियों के अलावा, भारतीय रेलवे भी इस तरह की चूक को लेकर निगरानी रखने में विफल रहा है। एनएचआरसी ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें 25 जून को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर में एक महिला की बिजली के करंट से मौत हो गई थी। बता दें कि 25 जून को राजधानी में रविवार तड़के हो रही बारिश के दौरान शिक्षिका साक्षी अपने दो मासूम बच्चों और परिवार के सदस्यों के साथ चंडीगढ़ जाने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंची ही थी कि अचानक उसका सामना पानी में उतरी मौत से हो गया। पानी में पैर रखते ही शायद साक्षी को भी अहसास हो गया कि उसकी मौत आ गई है। उसने करंट लगने के बाद भी अपने दोनों जिगर के टुकड़ों को धक्का देकर अपने से दूर कर दिया था। पानी में गिरते ही साक्षी छटपटाने लगी। कुछ ही देर की छटपटाहट के बाद बच्चों के सामने ही उसकी सांसें थम गई थीं।
परिजन चाहकर भी उसकी मदद नहीं कर सके, जब तक साक्षी के पास मदद पहुंची, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# कस्टम ऑफिसर बन सऊदी अरब के यात्री से लाखों की ठगी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई दिल्ली** के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फर्जी सीमा शुल्क अधिकारी बनकर आए दो लोगों ने सऊदी अरब से आ रहे एक यात्री से 19 हजार रियाल और उसके सामान की ठगी कर ली। आरोपियों ने फर्जी कस्टम अधिकारी बनकर यात्री को एयरपोर्ट से अपनी कार में बैठाया और फिर रास्ते में उसे धमकाकर पीड़ित के 19 हजार रियाल और उसका सामान लेकर फरार हो गए। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर दर्ज एफआईआर के मुताबिक, पीड़ित मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि वह पिछले दो साल से सऊदी अरब में रह रहा था और मजदूरी करता था। सुलेमान रविवार को सऊदी अरब के रियाद से फ्लिनास एयरलाइंस से दिल्ली आए। फ्लाइट सोमवार सुबह करीब 3.30 बजे लैंड हुई। सुबह करीब चार बजे जब एयरपोर्ट से बाहर निकले तो डिपार्चर एरिया तक पहुंचने के लिए उन्होंने लिफ्ट ली। जैसे ही वह लिफ्ट से बाहर निकला, दो लोग वहां आए और उसे लिफ्ट से नीचे आने के लिए कहा और दावा किया कि वे सीमा शुल्क विभाग से हैं और वरिष्ठ अधिकारियों ने उसे बुलाया है। फिर दोनों ने उसका पासपोर्ट ले लिया। वे उसे पार्किंग स्थल की ओर ले गए और वहां एक ड्राइवर पहले से मौजूद था। पीड़ित का आरोप है कि वे उसे दिल्ली के महिपालपुर गांव ले गए। पीड़ित ने बताया कि उसने कई बार पूछा कि वे लोग किस विभाग के हैं और उसे जबरदस्ती कहां ले जा रहे हैं।

### कोचिंग सेंटर आग: एबीवीपी कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बीते** दिनों मुखर्जी नगर में स्थित कोचिंग सेटर में आग लगाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा। अब मंगलवार को कोचिंग क्लासेस की एक इमारत में आग लगने से घायल हुए छात्र-छात्राओं को मुआवजा देने और फायर एनओसी की अनिवार्यता को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में छात्र प्रदर्शन कर रहे थे।

**छात्रों ने तोड़ा बैरिकेड**: छात्रों को मुख्यमंत्री आवास की ओर जाने से रोकने के लिए पुलिस ने बैरीकेडिंग की थी, जिसको प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने तोड़ दिया और अब छात्र महात्मा गांधी रोड से चंदगीराम अखाड़े के पास मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

# दिनदहाड़े लूट के मामले में पांच गिरतार

## बंदूक के दम पर वारदात को दिया था अंजाम, सीसीटीवी फुटेज में दिखे सभी बदमाश

**शिकंजा**

**8 प्रगति मैदान टर्नल में हथियारबंद बदमाशों ने बहते ट्रैफिक के बीच बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दिया था**



### ओवरटेक कर कैब रुकवाई और तान दी थी पिस्टल

**गुजरात** के मेहसाणा के रहने वाले साजन कुमार लाल किले से कैब बुक कर रिंग रोड से निकले। प्रगति मैदान से टनल में प्रवेश किया और उन्हें इंडिया गेट की तरफ निकलना था। टनल के अंदर दो बाइक सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक कर हथियारों के बल पर उनकी कैब रुकवा ली।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के प्रगति मैदान टनल में कैब रोककर बंदूक के बल पर दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। इंडिया गेट व रिंग रोड को जोडने वाली प्रगति मैदान टर्नल में हथियारबंद बदमाशों ने बहते ट्रैफिक के बीच बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दिया था। बदमाशों ने जिस तरह वारदात को अंजाम दिया उससे लग नहीं रहा था कि उनके अंदर कोई डर है। बदमाशों ने ओवरटेक कर कैब रूकवाई और कैश से भरा बैग लूटकर ले गए। बदमाशों ने कुछ ही सेकंड में इस वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार और एलजी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कल दिनदहाड़े प्रगति मैदान के पास लूट हुई है। यह तो जंगलराज हो गया है। क्या देश की राजधानी में इस तरह की कानून व्यवस्था होनी चाहिए? इसका एक ही कारण है कि केंद्र सरकार और उपराज्यपाल अपनी पूरी ऊर्जा दिल्ली सरकार के काम रोकने में लगाते हैं। आपसे नहीं संभलती कानून व्यवस्था तो हमें दे दीजिए हम दिल्ली को सबसे सुरक्षित शहर बना देंगे।

**सीसीटीवी फुटेज में दिखे सभी बदमाश**: लूट की वारदात की सामने आई सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि बेखौफ बाइक सवार बदमाश लूट को अंजाम द रहे हैं। जरात के मेहसाणा के रहने वाले साजन कुमार का चांदनी चौक में सोने चांदी के आभूषण का कारोबार है।

वह दोस्त जितेंद्र पटेल के साथ कैब से गुरुग्राम स्थित एक फर्म को दो लाख रुपये देने के लिए जा रहे थे।

**अतिक्रमण हटेगा**

## मेट्रो स्टेशनों व इसके आसपास मौजूद मेट्रो की संपत्तियों में अतिक्रम का पता लगाया जाएगा

# मेट्रो ड्रोन से दिल्ली-एनसीआर में करेगी अपनी संपत्ति का सर्वे

**तकनीक**

**8 इसके लिए निजी एजेंसी की मदद लेगा। सर्वे के लिए निजी एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) जल्द ही दिल्ली-एनसीआर में अपनी संपत्ति का ड्रोन से सर्वे शुरू करेगा। मेट्रो स्टेशनों व इसके आसपास मौजूद मेट्रो की संपत्तियों में अतिक्रमण का पता लगाया जाएगा। इसके लिए वह निजी एजेंसी की मदद लेगा। सर्वे के लिए निजी एजेंसी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एजेंसी का ड्रोन सर्वे अलग-अलग चरणों में पूरा करना होगा। मेट्रो प्रबंधन के मुताबिक इस सर्वे का उद्देश्य मेट्रो स्टेशन के आसपास के इलाके व संपत्ति को अतिक्रमण मुक्त कराना है। देश जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहा है, जिससे यहां विभिन्न देशों से मेहमान आएंगे और वह मेट्रो में सफर भी कर सकते हैं।

**सर्वे के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई**: इस सर्वे में पूरे नौ मेट्रो कॉरिडोर की संपत्तियां शामिल हैं। इसमें पता लगाया जाएगा कि जब स्टेशन, परिसर बना था तो तब क्या स्थिति थी और मौजूदा स्थिति का पता लगाया जाएगा। ड्रोन सर्वे के आधार पर डीएमआरसी मेट्रो की संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू करेगा। दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क करीब 354 किलोमीटर है। इसमें कुल 254 स्टेशन है। इसमें एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन भी शामिल है। ड्रोन से कॉरिडोर के पूरे हिस्से, मेट्रो स्टेशन व पार्किंग स्थलों समेत का फोटो व वीडियो बनाया जाएगा। इसकी मदद से डीएमआरसी अपनी संपत्तियों को चिह्नित कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा।

### येलो लाइन पर होगा सबसे पहले सर्वे

**डीएमआरसी** सबसे पहले येलो लाइन (समयपुर बादली-हुडा सिटी सेंटर) पर सर्वे शुरू करेगा। इसके बाद रेड लाइन (रिठाला-न्यू बस अड्डा गाजियाबाद), ब्लू (द्वारका सेक्टर 21-इलेक्ट्रोनिक सिटी नोएडा/वैशाली), वायलेट (कश्मीरी गेट-बल्लभगढ़), पिंक (मजलिस पार्क-शिव विहार), मजेंटा (जनकपुरी पश्चिम-बोटेनिकल गार्डन), ग्रे लाइन (द्वारका-ढांसा बस स्टैंड) व ग्रीन (इंद्रलोक-बहादुरगढ़) शामिल है। मेट्रो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि येलो व ब्लू लाइन में सबसे अधिक अतिक्रमण की शिकायतें मिलती हैं।

# अक्षरधाम मंदिर के पास ड्रोनः जांच एजेंसियों के होश उड़े

**महिला काबू**

**8 मंदिर परिसर के नजदीक ड्रोन देखकर सुरक्षा कर्मियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी** दिल्ली स्थित अक्षरधाम मंदिर के पास सोमवार ड्रोन उड़ने की खबर मिलने के बाद हड़कंप मच गया। मंदिर परिसर के नजदीक ड्रोन देखकर सुरक्षा कर्मियों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही जिले के तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। छानबीन के दौरान पता चला कि ड्रोन रिमोट की मदद से एक बांग्लोदशी महिला उड़ा रही थी। फौरन ड्रोन और रिमोट को कब्जे में लेकर महिला को हिरासत में ले लिया गया। इस बीच सूचना मिलने के बाद स्पेशल सेल, आईबी समेत तमाम खुफिया एजेंसियों के लोग भी वहां पहुंच गए। महिला को मंडावली थाना लाकर उससे गहन पूछताछ की जा रही है। शुरूआत में महिला खुद को स्वतंत्र फोटो पत्रकार (फोटोग्राफर) बता रही थी। महिला की पहचान मोमो मुस्तफा (33 वर्ष) निवासी ढाका, बांग्लादेश के रूप में हुई है। मोमो मुस्तफा बीबीए पास है और अब बांग्लादेश में फोटोग्राफी करती है। मई 2023 में उसे छह महीने के लिए पर्यटक वीजा मिला है। महिला अनुमति के बिना वहां ड्रोन उड़ाते पकड़ी गई है। थाना मंडावली ने आईपीसी की धारा 188 के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच जारी है।
इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा था कि महिला की अक्षरधाम मंदिर के पास ड्रोन उड़ाने की क्या मंशा थी। पुलिस ने देर शाम बांग्लादेश दूतावास को भी इस संबंध में जानकारी दे दी थी। पुलिस ने महिला का मोबाइल फोन व बाकी दस्तावेज भी अपने कब्जे में लिये हैं। फिलहाल देर रात तक उससे पूछताछ जारी थी।

बता दें कि दिल्ली का अक्षरधाम मंदिर हमेशा ही आतंकवादियों के निशाने पर रहा है। अक्सर उस पर हमला करने की धमकी भी मिलती रही हैं। ऐसे में अक्षरधाम मंदिर के पास हमेशा ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बंदोबस्त रहते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### वालमार्ट ने वालमार्ट वृद्धि के तहत 32,000 से ज्यादा एमएसएमई को किया प्रशिक्षित

**पानीपत।** वालमार्ट ने अपने सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम वालमार्ट वृद्धि के माध्यम से 32,000 से ज्यादा एमएसएमई को प्रशिक्षित किए जाने की घोषणा की है। इस प्रोग्राम की शुरूआत दिसंबर, 2019 में की गई थी। इनमें से 6,000 से ज्यादा एमएसएमई को फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस पर ऑनबोर्ड किया गया है और वे इस पर एक्टिव हैं। इससे उन्हें देशभर के उपभोक्ताओं के बीच पहुंचने का मौका मिला है। देश की जीडीपी वर्ष 2028 तक 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। उस समय तक एमएसएमई सेक्टर के 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसलिए यह सेक्टर भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास का अहम स्तंभ बन रहा है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। 2019 में कार्यक्रम के लॉन्च के बाद से वॉलमार्ट एमएसएमई को ऑन-डिमांड लर्निंग मॉड्यूल से लैस कर रहा है। इन मॉड्यूल में मार्केटिंग, फाइनेंस, सप्लाई चेन मैनेजमेंट को व्यवस्थित करना, सही निर्णय में सक्षम बनाने के लिए डाटा-आधारित जानकारी देना, इनोवेशन एवं विस्तार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए नए ट्रेंड्स को पहचानने में मदद जैसे कदम शामिल हैं। वॉलमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट- सप्लायर डेवलपमेंट जेसन फ्रेमस्टैड ने कहा, ' वृद्धि के माध्यम से हम एमएसएमई समुदाय को सीखने के व्यापक अवसर के साथ सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि न केवल उन्हें समान अवसर मिलें, बल्कि यह भी सुनिश्चित हो कि एमएसएमई आगे बढ़ने के साथ-साथ फल-फूल भी सकें। अब तक 30,000 से अधिक एमएसएमई ने डिजिटल स्वरूप को अपनाया है। यह भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें स्किल से लैस करने के महत्व को दशार्ता है।' फ्लिपकार्ट समूह के चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, 'फ्लिपकार्ट में हम एमएसएमई के विकास और एक सक्षम एवं समावेशी ई-कॉमर्स इकोसिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। एमएसएमई भारत के विकास की रीढ़ हैं और डिजिटलीकरण उन्हें विकास के नए अवसर तलाशने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वॉलमार्ट वृद्धि और फ्लिपकार्ट समर्थ के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों को ई-कॉमर्स का लाभ उठाने में सक्षम बनाने की हमें खुशी है। हम पूरे भारत में स्थानीय व्यवसायों के लिए अवसर बढ़ाते हुए संबंधित पक्षों के साथ अपने जुड़ाव को और गहरा करने की दिशा में प्रयासरत रहेंगे।'

### ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की ने अपने 35 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लिमिटेड-एडिशन स्कॉच लॉन्च की

**पानीपत।** ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की के निमार्ता, एलाइड ब्लेंडर्स एण्ड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी इंडिया) ने अपने 35 वर्षों की यात्रा पूरी करने के उपलक्ष्य में ऑफिसर्स चॉइस ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की लिमिटेड एडिशन की खास पेशकश की है। इस प्रोडक्ट की डिस्टिलिंग, ब्लेंडिंग और बॉटलिंग स्कॉटलैण्ड में की गई है और यह लिमिटेड एडिशन पैक उपभोक्ताओं के प्रति प्यार और सम्मान का प्रतीक है। ऑफिसर्स चॉइस ने वर्ष 2013 से लगातार 10 वर्षों तक दुनिया की टॉप 3 व्हिस्कीज में अपनी जगह बना रखी है। एलाइड ब्लेंडर्स एण्ड डिस्टिलर्स लिमिटेड ने लिमिटेड-एडिशन ऑफिसर्स चॉइस ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की का सिर्फ एक बैच लॉन्च किया है, जिसमें स्कॉटलैण्ड से आयात की गईं 12156 बॉटल्स हैं। यह ब्लेंड स्वीट एवं स्पाइसी होने के साथ ही बहुत लाइट है और एक शानदार अहसास देता है। यह ब्राण्ड भारत के चुनिंदा राज्यों के एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर उपलब्ध होगा।

इस अवसर पर एबीडी इंडिया के एक्जीक्यूटिव डिप्टी चेयरमैन शेखर राममूर्ति ने कहा, ह्ल1988 में लॉन्च के बाद से, ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की ने निरंतर अपने स्तर को ऊँचा किया है और अपने लाखों उपभोक्ताओं का दिल और भरोसा जीता है। हमें इस बात का गर्व है कि यह हमारे देश के मास प्रीमियम व्हिस्की सेगमेंट में मार्केट लीडर बनी हुई है और दुनिया की टॉप व्हिस्कीज में शामिल है। लिमिटेड-एडिशन ऑफिसर्स चॉइस ब्लेंडेड स्कॉच व्हिस्की की पेशकश इसकी 35 साल की सदाबहार यात्रा का उत्सव है।

### वी बिजनेस ने एमएसएमई के विकास में मदद करने के लिए लॉन्च किया रैडी फॉर नेक्स्ट 2.0

**गुरुग्राम।** विश्व एमएसएमई दिवस के मौके पर आज भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया की एंटरप्राइज शाखा वी बिजनेस ने अर्थव्यवस्था के समावेशी विकास के लिए एक बार फिर से एमएसएमई के डिजिटलीकरण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। वी बिजनेस ने भारत के एमएसएमई सेक्टर का सबसे बड़ा मूल्यांकन किया, जिसके तहत 16 उद्योगों से तकरीबन 1 लाख उत्तरदाताओं को कवर किया गया- वी बिजनेस ने एमएसएमई की डिजिटल तैयारियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। एमएसएमई की डिजिटल परिपक्वता एवं डिजिटल अडॉप्शन के उनके स्तर को समझना इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य है। इन 16 उद्योगों में मीडिया एवं एंटरटेनमेन्ट, मैनुफैक्चरिंग, आईटी एवं आईटीईएस, शिक्षा, लॉजिस्टिक्स, पेशेवर सेवाएं, बैंकिंग, निर्माण, खनन आदि शामिल हैं।

# 'गोहर में गार्डरूम, गेट बनवाने का हो रहा कार्य'

## ग्रीन बेल्ट पर डीटीपी विभाग द्वारा जमीनों को बिकवा कर उसमें कंक्रीट के मिल्क बूथों का निर्माण करवा दिया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**अंसल एपीआई** पानीपत मे विवादों का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा पिछले काफी समय से अंसल मैनेजर और मालिकों द्वारा डीटीपी अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके सैकड़ों करोड़ की यूडीलैंड को बिना प्लानिंग के ही चोर दरवाजे से बेचकर सरकार को मोटी चपत लगाने का कार्य किया वहीं दूसरी तरफ लोगों की सुविधा के लिए छोड़ी जाने वाली ग्रीन बेल्ट पर डीटीपी विभाग द्वारा जमीनों को बिकवा कर उसमें कंक्रीट के मिल्क बूथों का निर्माण करवा दिया गया जिसका काफी समय से सामाजिक कार्यकर्ता जोगेंद्र स्वामी द्वारा विरोध किया जाता रहा अब नया विवाद अंसल एपीआई में बांके बिहारी मंदिर के सामने सत्येंजा बिल्डर्स द्वारा सरकारी गोहर में गार्डरूम और गेट बनवाने का कार्य किया जा रहा है इस मामले में शिकायतकर्ता जोगेंद्र स्वामी ने कहा कि उनके द्वारा 26 जून को डीटीपी पानीपत को शिकायत देकर मामले से अवगत करवाया गया था लेकिन विभाग द्वारा ना तो अवैध निर्माण ध्वस्त करवाने की कार्रवाई की गई और ना ही हो रहे अवैध निर्माण को रोकने का कार्य किया गया

उन्होंने कहा कि कंट्री एंड टाउन प्लानिंग विभाग मुख्यमंत्री जी के अधीन है उसके अंदर भी इतना बड़ा घोटाला हो रहा है तो फिर और जगह कितने बड़े भ्रष्टाचार होंगे इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है उन्होंने कहा कि अंसल मैनेजर तेजेंद्र पाल सिंह, अंसल मालिक और डीटीपी विभाग के अधिकारियों द्वारा पहले तो पूरे हरियाणा में डीटीपी हेड क्वार्टर के साथ सांठगांठ करके सभी यूडी लैंड को बिना प्लानिंग के चोर दरवाजे से बेचने का कार्य किया जब हमने इसकी शिकायतें पानीपत से लेकर चंडीगढ़ हेड क्वार्टर निदेशक तक की तो डीटीपी द्वारा इनके खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने के आदेश दिए गए उसके बाद मोटी सांठगांठ करके चंडीगढ़ हेड क्वार्टर के उच्च अधिकारी इतनी बड़ी चोरी को दबाने के लिए मामले को कंसीडर कर अपराधियों को बचाने का कार्य कर रहे हैं और अब उस षड्यंत्र के बाद बिल्डर्स को सरकारी रास्तों पर कब्जा करवाने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि सरकारी रास्तों का किसी भी प्रकार से कोई बिल्डर्स अधिग्रहण या उस पर भवन निर्माण नहीं कर सकता इसके लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी आदेश पारित किए गए हैं लेकिन यह अधिकारी बिल्डर के साथ मिलीभगत करके माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों को भी ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं।

# प्राइवेट गार्ड न पहने पुलिस या सेना की खाकी वर्दी: एसपी



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**अंबाला** के एस पी जशनदीप सिहँ रंधावा ने कहा है कि व्यापारिक प्रतिष्ठानोंए निर्माण स्थलोंए होटलए शॉपिंग मॉलए कालेज आदि में तैनात निजी सिक्योरिटी गार्ड या पर्यवेक्षक पुलिस की खाकी वर्दी अथवा सेना वायुसेना नौसेना या पुलिस के किसी भी अन्य सशस्त्र बलों की वर्दी न पहने। उन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारियों सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि अम्बाला जिले में पुलिस की खाकी वर्दी या आर्मी की ड्रैस पहने निजी सिक्योरिटी गार्ड पर्यवेक्षक दिखाई नहीं देने चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान जो निर्धारित नियमों की अनदेखी कर निजी सिक्योरिटी गार्ड रखते हैए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। एसपी ने कहा कि ज्यादातर निजी संस्थानों द्वारा प्राईवेट सिक्योरिटी गार्ड रखे जाते है जिन्हें अर्धसैनिक बलों, खाकी, आर्मी, नेवी, एयरफोर्स की वर्दी या इनके जैसी दिखने वाली वर्दी पहनाकर तैनात कर दिया जाता है। जबकि इनमें से कुछ उस कार्य के योग्य भी नहीं होते है।

# राजयोग का प्रचार कर वापिस लौटे बीके भारतभूषण का पानीपत में भव्य स्वागत किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**ब्रह्माकुमारीज के** ज्ञान मान सरोवर निदेशक बीके भारतभूषण ने केवल पानीपत ही नही बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। हाल ही में करीब 10 देशों में जाकर भारत के सबसे प्राचीन और मशहूर राजयोग का प्रचार-प्रसार कर वापिस पानीपत लौटेने पर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। अपनी इस लंबी यात्रा की जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमार भारतभूषण ने बताया कि मैं जिस देश मे भी जाता वहीं हमारी संस्था के सेवाकेंद्र मिलते और वहां की निमित सेवाधारी भाई-बहनों को साथ लेकर उस देश के पदाधिकारियों, राजनेताओं व भारतीय राजदूतों से मिलता गया। इनके अलावा रोमानिया की सबसे बड़ी चर्च के मुख्य पादरी से भी मुलाकात हुई और उन सभी को राजयोग का महत्व सुनाया। बीके भारत भूषण ने बताया कि अब तक मैं करीब 50 देशों में ईश्वरीय सेवार्थ जा चुका हूं। विदेशी लोगों में एक बदलाव यह भी देखा गया कि अब उनमें भी आध्यात्मिक के प्रति बहुत रूचि आ चुकी हैं परन्तु उनको राह बताने वाला कोई नही हैं। जब हमने उनको ध्यान योग की विधि सुनाई और अभ्यास कराया तो ऐसा लगा जैसे उन प्यासी आत्माओं की तृप्ति हो रही हो। इस दौरान अनेक सावर्जनिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। जिसमें राजयोग का कोर्स कराया और मेडिटेशन की अनुभूति भी कराई। उन्होंने बताया कि इसी बीच भारत देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू जी से भी मिलना हुआ। उन्हें भी इश्वरीय सौगात भेंट की। विशेष- जैसे-जैसे विश्व में तनाव और हिंसा का माहौल बढ़ता जा रहा है वैसे ही सभी देशों में भारत की संस्कृति, सभ्यता और आध्यात्मिकता जानने व सीखने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। ऐसा लगता है अब वो दिन दूर नही जब भारत सबको जीवन जीने की कला सिखाएगा और विश्व गुरु कहलायेगा।

# निगम की टीम ने पुलिस लाइन क्षेत्र से हटवाया अवैध अतिक्रमण

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अम्बाला** शहर में पुलिस लाइन एरिया के पास निगम की टीम ने पुलिस लाइन ऐरिया में कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमणों को हटवाया है। इसके साथ ही निगम की ओर से भवनों के मालिकों को चेतावनी भी दी है कि अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई कि जाएगी। निगम अधिकारी ने बताया कि लोगो ने अपने घरों व संस्थानों के सामने जमीन पर अवैध निर्माण किए हुए हुए है। जिनके कारण आने जाने वाले लोगो को परेशानी होती है।

आज उन्होनें शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई कि है। जिसके बाद निगम आयुक्त की टीम द्वारा आर्य चौंक से शुरू होकर शौर्य चौंक तक दुकानों व संस्थानों से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया है।

# हकेवि में चार वर्षीय बीए बी.एड पाठ्यक्रम में दाखिले की प्रक्रिया शुरू

## राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा आयोजित होगी एनसीईटी -2023 की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़ । हरियाणा**
केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के शिक्षक शिक्षा विभाग में उपलब्ध चार वर्षीय इंटीग्रेटिड बीए बी.एड पाठ्यक्रम में दाखिले के इच्छुक आवेदकों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय इस पाठ्यक्रम में दाखिले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की जा रहे नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी) -2023 के आधार पर करेगा, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.टंकेश्वर कुमार ने कहा कि शिक्षण के क्षेत्र में भविष्य तलाश रहे युवाओं के लिए चार वर्षीय इंटीग्रेटिड बीए बी.एड पाठ्यक्रम एक अच्छा विकल्प है। विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा पीठ में उपलब्ध इस पाठ्यक्रम के लिए आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई और आवेदक आगामी 18 जुलाई, 2023 तक आवेदन कर सकते हैं। शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो.सारिका शर्मा ने बताया कि बीए बी.एड पाठ्यक्रम के अतंगर्त आगामी शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कुल 50 सीटें उपलब्ध है जिसमें दाखिल के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास निर्धारित है। आवेदन जोकि शिक्षण के क्षेत्र में रूचि रखते है और इसमें आगे बढ़ने के इच्छुक है वो इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में इस कोर्स के लिए नियुक्त समन्वयक व शिक्षक शिक्षा विभाग में प्रोफेसर नंद किशोर ने बताया कि एनटीए की ओर से एनसीईटी -2023 की परीक्षा के लिए शुरू ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ हो गई है। आगामी 18 जुलाई, 2023 तक चलने वाली इस आवेदन प्रक्रिया 25 जुलाई को परीक्षा के लिए उपलब्ध परीक्षा केंद्र के शहरों की घोषणा की जाएगी।

# 'सरकार की गलत नीतियों से हरियाणा बनता जा रहा है बेरोजगारी में नं. 1'




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आम आदमी** पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने कहा कि खट्टर सरकार की गलत नीतियों के चलते हरियाणा प्रदेश बेरोजगारी व महंगाई में नंबर वन बनता जा रहा है। प्रदेश में बेरोजगारों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनामी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के अनुसार हरियाणा में हर तीसरा ग्रेजुएट युवा आयु के बेरोजगारों की संख्या 19.22 लाख है। जो युवा स्नातक है और उससे भी उपर की योगयता रखते है, उनकी संख्या 6.02 लाख है। दसवी से लेकर बाहरवी पास बेरोजगारों की संख्या करीब 18.24 लाख है। राकेश चुघ मंगलवार को सनौली रोड स्थित आप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर आप के प्रदेश संयुक्त सचिव सुखबीर मलिक, प्रदेश संयुक्त सचिव कृष्ण अग्रवाल, प्रदेश संयुक्त सचिव(एससी सैल) राजकुमार मुंडे और जिला उपाध्यक्ष विरेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे। वहीं राकेश चुघ ने कहा कि हरियाणा में वर्क लोड के अनुसार 9 लाख कर्मचारी होने चाहिये पर हरियाणा में कर्मचारियों की संख्या करीब 3.40 लाख है। जबकि हर साल 5 हजार कर्मचारी रिटायर होते है पर नई भर्ती की प्रक्रिया कम है। हरियाणा में 1.82 लाख कर्मचारियों के पद खाली पड़े है और खट्टर सरकार ने एक अप्रैल 2023 को करीब 13000 पदों को ही समाप्त कर दिया है। राकेश चुघ ने कहा कि हरियाणा में आबादी के हिसाब से 10000 डाक्टरों की जरूरत है जबकि प्रदेश में अभी 4 हजार डाक्टर ही काम कर रहे है और 6 हजार डाक्टरों के पद खाली पड़े है। प्रदेश में एमडी के कुल 241 पदों में से 191 खाली पड़े है। महिला रोग विशेषज्ञों के 193 में से 98 पद खाली पड़े है। बाल रोग विशेषज्ञों के 146 में से 81 पद खाली है। डाक्टरों की कमी से कैस लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा सकती है। राकेश चुघ ने कहा कि सीईटी को लेकर प्रदेश के युवाओं में भारी रोष है। पिछले चार साल में खट्टर सरकार ने सही से कोई भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं की है। सरकार को सभी क्वालीफाई उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने का मौका देना चाहिये। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा का युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है। प्रदेश सरकार नौकरियां समाप्त कर रही है। जबकि प्रदेश में करीब 2 लाख पद खाली पड़े हुए है। उन्होंने कहा कि केंद्र की यूपीएससी, एसएससी सहित अन्य परीक्षाओं में 10 गुणा अभ्यार्थियों को मुख्य परीक्षा में बैठने का मौका दिया जाता है लेकिन खट्टर सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड कर रही है।

# नए नायका मैट टू लास्ट पोर के साथ सिर्फ 15 मिनट में पाएँ इंस्टेंट पोरलेस मैट फिनिश

**गुरुग्राम :** नायका कॉस्मेटिक्स ब्रांड द्वारा वर्ष 2018 में लॉन्च की गई मैट टू लास्ट लिक्विड लिपस्टिक को मिली अभूतपूर्व प्रक्रिया को देखते हुए, अब नायका अपनी नई मैट टू लास्ट फाउंडेशन रेंज की पेशकश के साथ देश में तहलका मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसकी क्राँतिकारी लिक्विड से पाउडर तकनीक, सुबह से लेकर शाम तक ज्यों की त्यों बने रहने का वादा करती है। यह फाउंडेशन एक पोरलेस मैट फिनिश प्रदान करेगा, जो त्वचा पर 12 घंटों तक टिका रहेगा। सेबस्टॉप से समृद्ध यह क्राँतिकारी फाउंडेशन 15 शेड्स में उपलब्ध है, जो न सिर्फ भारतीय स्किन टोन के पूरक हैं, बल्कि मैट टू लास्ट, मेड फॉर यू के अपने वादे पर भी खरा उतरते हैं। मैट टू लास्ट पोर मिनिमाइजिंग फाउंडेशन को जो बात सबसे खास बनाती है, वह है इसमें अपनाई गई एक बेहद अनूठी तकनीक, जो महज 15 मिनट में पोर्स और फाइन लाइन्स के दिखाव को कम कर देती है, जिसके परिणामस्वरूप त्वचा स्मूद बनती है। चेहरे की रंगत में यह फाउंडेशन इस तरह घुल जाता है कि त्वचा के रंग और फाउंडेशन के रंग में कोई अंतर दिखाई नहीं देता। शानदार इंग्रेडिएंट्स से बनाया गया यह फाउंडेशन, 2% सेबस्टॉप, चीनी पौधों से प्राप्त एक फाइटो-सक्रिय यौगिक, अपने एस्ट्रिंजेंट प्रभावों के माध्यम से बैक्टीरिया के प्रसार, अतिरिक्त तेल और पोर्स के आकार को कम करने में कारगर सिद्ध होता है। यह फाउंडेशन रेंज तैलीय और मिश्रित त्वचा के लिए उपयुक्त है, जो पूरी तरह से शाकाहारी है और डमेटोलॉजिकल रूप से इसकी जाँच की गई है। साथ ही, यह पैराबेन-मुक्त है, जिसका जानवरों पर परीक्षण नहीं किया गया है।


# संस्कृति स्कूल के अद्वय मिश्रा बने एशियन एकेडमिक चैंपियनशिप 2023 विजेता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड की एक अग्रणी शैक्षणिक पहल, माइंड वॉर्स ने संस्कृति स्कूल, चाणक्यपुरी, दिल्ली के कक्षा 7 के मेधावी छात्र अद्वय मिश्रा की असाधारण जीत की घोषणा की है। अद्वय ने प्रतिष्ठित एशियन एकेडमिक चैंपियनशिप, 2023 में प्रारंभिक श्रेणी की सभी चार प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया। उसकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में एकेडमिक बी, साइंस बी, हिस्ट्री बी और जियोग्राफी बी में प्रथम स्थान प्राप्त करना शामिल है। अद्वय मिडिल स्कूल डिवीजन के अंतर्गत हिस्ट्री बाउल टीम इवेंट में भी विजयी बनकर उभरे और इसमें प्रभावशाली दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# सेफ इंडिया फाउंडेशन ने की जरूरतमंद कन्या की शादी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**की अग्रणी समाज** सेवी संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा अपने जरूरत मंद कन्या विवाह प्रकल्प के तहत आज दिनांक 27 जून 2023 को सुबह 11 बजे अग्रसेन भवन सेक्टर 14 सोनीपत मे एक जरूरतमंद कन्या का विवाह करवाया गया, सेफ इंडिया के चेयरमैन वाई के त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर जरूरतमंद कन्याओं की शादी करवाई जाती है जो की अब तक 100 से ऊपर जरूरत मंद कन्याओ की शादी संस्था द्वारा करवाई जा चुकी हैं इसमें संस्था दान दाताओं के सहयोग से कन्या की पूरी शादी करवाती है जरूरत का सारा सामान दिया जाता है एवं भोजन की व्यवस्था भी करवाई जाती है, संस्था की खासियत यह है कि इस शादी समारोह मे संस्था का कोई बैनर आदि नहीं लगाया जाता एवं ना ही संस्था का कोई व्यक्ति शादी मे नहीं जाता तथा लड़की व लड़के के साथ कोई भी फोटो आदि नहीं खिचवाये जाते, वर वधु और उनके परिवारों की पहचान गुप्त रखी जाती है ताकि उनके मान सम्मान को कोई ठेस ना पहुंचे, आज की शादी की को ऑर्डिनेटर शालू त्यागी ने बताया की कन्या को बेड, अलमारी, ड्रेसिंग टेबल, कुर्सी मेज, सिलाई मशीन, गद्दे, चद्दर, चांदी का सामान, साड़ी, संदूक, प्रेस, स्टील बर्तन सेट, लड़के व लड़की की घड़ी, कपड़े, सूटकेश, दिवार घड़ी, कुककर,साड़ी, सोने की नथ आदि दिया गया है, इस शादी मे जतिन गोयल, जे पी सैनी, नरेंद्र गोयल,विनोद गुलिया,अजय गर्ग बबलू , रिंकू, प्रदीप खन्ना,मंजीत आंतील, श्याम बत्रा,राजेश जैन, अविनाश सेठी, सुनील चावला, नरेंद्र बंसल, दिनेश कुच्छल, महावीर बिल्डिंग मटेरियल गनौर, केटर मनोज बत्रा, प्रमोद जैन, किरण देवी कुच्छल, राजेश आर्य, कपिल गोयल, अर्पणा इलेक्ट्रिकल, विकास नशीयर, सुमंत गुप्ता, सोमवीर मलिक, सन्नी सिंगला,राजू फूल वाला आदि ने सहयोग किया,संस्था की महिला प्रधान शालू त्यागी ने बताया कि पूरी जाँच पड़ताल के बाद ही शादी कराई जाती है, अब तक अनेको शादी संस्था द्वारा करवाई जा चुकी है।

# प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए रेहड़ी-फड़ी वालों ने किया हवन




**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) रेहड़ी फड़ी** वालों के धरने को कई दिन हो गए हैं। उनके द्वारा हवन किया गया ताकि शासक व प्रशासन को सद्बुद्धि आए और उनकी समस्याओं पर सरकार विचार करे ऐसे में रेहड़ी फड़ी वालों को कई राजनीतिक पार्टियों का भरपूर समर्थन भी मिला रहा है और अब डिप्टी मेयर राजेश मेहता भी अपना समर्थन देने धरना स्थल पहुंचे। अंबाला शहर कपड़ा मार्किट के बाहर रेहड़ी फड़ी वाले पिछले कई दिनों से धरने पर है और प्रशासन से रेहड़ी फड़ी लगाने की जगह की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक प्रशासन ने कोई हल नही निकाला जिसके बाद रेहड़ी फड़ी वालों ने हवन यज्ञ कर प्रशासन को जगाने की कोशिश की। आज कई पार्षदों व डिप्टी मेयर ने रहेड़ी फड़ी वालों को समर्थन दिया और हवन में आहुति भी डाली।

इस मौके पर इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार सिंह भी विशेष तौर पर शामिल हुए। मीडिया से बात करते हुए वार्ड 1 के पार्षद जसबीर सिंह व वार्ड 19 के पार्षद राकेश सिंगला ने कहा रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा हवन की आग इसलिए जलाई जा रही है ताकि उनका चूल्हा जल सके मौजूदा सरकार आंखें मूंदे बैठी है उसे इन गरीब वह मजदूर रेड़ी फड़ी वालों की तकलीफ नजर नहीं आ रही। सरकार से यही गुजारिश करते हैं यदि सरकार रेहड़ी फड़ी वालों को रोजगार दे नहीं सकती तो उनका रोजगार छीने भी ना यदि वे इनका चूल्हा जला नहीं सकती तो बंद भी ना करें। वहीं डिप्टी मेयर राजेश मेहता ने कहा कि वे राजनीति से ऊपर उठकर इन गरीब रेहड़ी फड़ी वालों का साथ देने धरना स्थल पर पहुंचे हैं। मेयर शक्ति रानी शर्मा ने संदेश दिया है कि उनकी हरियाणा जन चेतना पार्टी पूरी तरह से रेहड़ी फड़ी वालों के साथ है और जहां तक बात कपड़ा मार्केट में लगे ऐसे होर्डिंग्स हैं जिन पर साफ तौर पर लिखा है कि जो राजनीतिक पार्टियां इन रेहड़ी फड़ी वालों को समर्थन देने पहुंच रही ह ैवह वोट मांगने ना आए। इस पर उनका कहना है कि किसी एक पक्ष का समर्थन करने से कोई दूसरे पक्ष का विरोधी नहीं होता वह उनकी समस्याओं को भी अच्छी तरह समझते हैं यदि बात ट्रैफिक की है तो ऐसे में मल्टीपार्किंग का मुद्दा उन्हें आज से ही उठाना चाहिए क्योंकि मल्टीपार्किंग से दुकानदारों को ही नहीं बल्कि कपड़ा मार्केट में रेहड़ी फड़ी लगाने वालों व अंबाला शहर के सभी लोगों को काफी लाभ होगा रेहड़ी फड़ी वाले कोई आज के नहीं बल्कि सालों से यहां रेहड़ी फड़ी लगा रहे हैं।

# काजीवाड़ा में कुत्तों के आतंक से लोग हुए परेशान

**8 निगम को चाहिए कि वह उनके क्षेत्र में कर्मचारियों की टीम भेजे जिससे अवारा कुत्तों को पकड़ा जा सके**



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला शहर** के काजीवाड़ा क्षेत्र में कुत्तों का आंतक बढ़ता जा रहा है। लोगों का अवारा कुत्तों के कारण घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो रहा है। स्थानीय निवासी अवतार सिंह, रविन्द्र सिंह, हरजिन्द्र सिंह, ममता रानी, संगीता, स्वतंत्र सिंह ने बताया कि उनके क्षेत्र में अवारा कुत्ते आए दिन किसी न किसी व्यक्ति को काटते हैं। बच्चें कुत्तों के कारण घर के बाहर नहीं जा सकते। कई बार तो कुत्ते लोगों के पीछे इस कदर पड़ जाते है कि कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह कई बार इस संबंध में गुहार भी लगा चुके है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। उन्होंने कहा कि निगम को चाहिए कि वह उनके क्षेत्र में कर्मचारियों की टीम भेजे जिससे अवारा कुत्तों को पकड़ा जा सके।

# नरेला में कार्यशाला के समापन पर कार्यक्रम का आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली ए.जी.शिक्षा फाउंडेशन** की ओर से नरेला के राजधानी पब्लिक स्कूल में चल रहे 6 दिवसीय डांस एजुकेशन कार्यशाला का समापन हो गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों ने पंजाबी लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, क्लासिक नृत्य, बॉलीवुड डांस व गायन आदि विधाओं में उत्कृष्ट प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व अति विशिष्ट अतिथि नरेला विधायक शरद चौहान, नरेला एसीपी सुरेश कौशिक, नरेला से निगम पार्षद पति कमल खत्री, बांकनेर वार्ड से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, होलंबी वार्ड से निगम पार्षद नेहा मिश्रा मौजूद रहे। मंच संचालन प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता शालिनी अग्रवाल ने किया। बाहरी दिल्ली के नरेला स्थित प्रतिष्ठित राजधानी पब्लिक स्कूल में ए.जी.शिक्षा फाउंडेशन की ओर से 6 दिवसीय डांस म्यूजिक और शिक्षा कार्यालय का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाग लेने वाले 100 प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक विधाओं में दक्षता हासिल की। कार्यशाला में 6 दिनों तक हाइट डांस स्टूडियो व बीएमडी म्यूजिक स्टूडियो के माध्यम से योग्य शिक्षक पारस जैन व राजीव चावला द्वारा पंजाबी लोक नृत्य, नृत्य नाटिका, क्लासिक नृत्य, बॉलीवुड डांस आदि विभिन्न विधाओं के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए उन्हें इन विद्याओं में पारंगत किया। कार्यशाला के समापन के अवसर पर राजधानी पब्लिक स्कूल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व अति विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से धूम मचा दी। बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साह बढ़ाया। साथ ही बच्चों ने ज्ञानपरक नाटकों की शानदार प्रस्तुति भी दी। रंग-बिरंगे परिधानों में छोटे बच्चों ने फिल्मी गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दे उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान दैनिक एक्शन इंडिया के बाहरी दिल्ली ब्यूरो चीफ रामा खत्री व वसीम के जन्मदिन के अवसर पर नरेला विधायक शरद चौहान, पार्षद पति कमल खत्री, निगम पार्षद नेहा मिश्रा, राजधानी पब्लिक स्कूल के एमडी हाजी अब्बास अली की मौजूदगी में केक कटवा कर जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया और जन्मदिन की बधाई दी। हाजी अब्बास अली ने जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि मेरे लाडलो को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई, शुभकामनाएं आपके जीवन में आने वाला हर दिन ढ़ेर सारी खुशियां लेकर आए यही मेरी दुआ है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व अति विशिष्ट अतिथियों का प्रतीक चिन्ह पुष्पगुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया गया। मंच संचालन कर रही शालिका अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में करीब 100 बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार प्रतिदिन बॉलीवुड डांस, पंजाबी डांस, क्लासिक नृत्य, गायन आदि में पारंगत किया गया।

कार्यक्रम में प्रतीक बंसल (हाइट डांस स्टूडियो) पारस जैन (सीपी इवेंट प्लानर) हाजी अब्बास अली (एमडी राजधानी पब्लिक स्कूलल वसीम जी चेयरमैन राजधानी पब्लिक स्कूल ने विशेष सहयोग किया।

इस दौरान नरेला विधायक शरद चौहान, नरेला एसीपी सुरेश कौशिक, कमल खत्री, निगम पार्षद नेहा मिश्रा, निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, प्रसिद्ध समाजसेवी हेमराज बंसल, एनडी अरोड़ा, बंटी गर्ग, राजेंद्र राठधानिया, रियासत अली, मनोज बंसल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।





# जहांगीरपुरीः निगम पार्षद अजीत यादव ने किया क्षेत्र का दौरा







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली बादली** विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में मंगलवार को वार्ड-17 (भलस्वा वार्ड) के निगम पार्षद अजीत यादव ने क्षेत्र का दौरा किया और लोगों की समस्याएं भी सुनी। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि जहांगीरपुरी के सी ब्लॉक के कई ब्लॉको में सफाई अभियान चलाया गया। निगम पार्षद अजीत यादव ने यह भी बताया कि क्षेत्र के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। निगम पार्षद ने आगे बताया कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# बिजली की दरों में बढ़ोत्तरी का निर्णय सरकार तुरंत वापस ले: कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के नेतृत्व में दिल्ली में बिजली दरों की बढ़ोत्तरी को वापस लेने की मांग को लेकर भारी संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम आदमी पार्टी कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा से सांठगांठ कर बिजली महंगी करने वाले अरविन्द केजरीवाल ने दिल्लीवालों को धोखा दिया है। बिजली दरों में बढ़ौत्तरी के लिए जिम्मेदार मुख्यमंत्री तुरंत प्रभाव से इस्तीफा दें और दिल्लीवालों से माफी मांगे।

प्रदर्शनकारियों में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार के साथ दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा.नरेन्द्र नाथ, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जय किशन, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन व पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, विजय लोचव, मालाराम गंगवाल और वीर सिंह धींगान, निगम पार्षद मोहम्मद जरीफ, दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष रणविजय लोचव, डा. नरेश कुमार, जिला अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश कुमार, सुखबीर शर्मा, धर्मपाल चंदेला, राजेश चौहान, विष्णु अग्रवाल, लीगल सेल चेयरमैन एडवोकेट सुनील कुमार, अनुज आत्रेय, सोशल मीडिया चेयरमैन हिदायतुल्लाह मौजूद रहे।

# वजीरपुर के पार्कों का हो रहा है सौन्दर्यीकरण





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली के** वजीरपुर वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके वजीरपुर जेजे कालोनी में वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी के प्रयासों से पार्क का सौन्दर्यकरण करवाया जा रहा है। पार्षद प्रतिनिधि प्रेम कुमार विद्यार्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड के सभी पार्कों में सौन्दर्यकरण का कार्य जारी है, जल्द ही पार्क पहले से और अधिक बेहतर नजर आयेगें। उन्होंने आगे बताया कि आज मेन रोड़ वाले पार्क में सौन्दर्यकरण करवाया जा रहा है। जिससे की क्षेत्र की जनता को बेहतर से बेहतर पार्क मिल सके। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि प्रेम कुमार विद्यार्थी के अलावा हनुमान कोली व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सतीश गर्ग और देवराज कोली ने चलाया अभियान





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली** के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके वजीरपुर जेजे कॉलोनी के ब्लॉक जे-थर्ड और एच ब्लॉक में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस मौके पर भाजपा दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता सतीश गर्ग, जिला केशवपुरम भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और पूर्व निगम पार्षद देवराज कोली, पूर्व मंडल अध्यक्ष लाखन सिंह कुशवाहा, भाजपा नेता महेन्द्र तोमर, उमाकांत सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता सतीश गर्ग ने बताया कि भाजपा ने देश में विकास करके दिखाया है, यही कारण है कि देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है। हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे है, जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद देवराज कोली ने बताया कि इस अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष की उपलब्धियां का पत्रक वजीरपुर जेजे कॉलोनी में घर-घर जाकर बाटां गया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गुरु नानक देव कॉलोनी में सीवर लाईन डालने के कार्य का शुभारंभ









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली के** बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में युवराज यादव एवं निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा वार्ड-18 की गुरुनानक देव कॉलोनी में सीवर लाईन डालने के कार्य का उद्घाटन किया गया। उक्त जानकारी आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने दी। इस मौके पर गुरुनानक देव कॉलोनी के स्थानीय निवासी एवं दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी वादे की पक्की है, जो वादे आम आदमी पार्टी करती है, उसे पूरा करके दिखाती है। यही कारण है आज दिल्ली विकसित दिल्ली नजर आ रही है। उन्होंने आगे बताया कि आज गुरुनानक देव कॉलोनी में सीवर डालने के कार्य का उद्घाटन किया गया है। इस दौरान कई गणमान्य लोगों ने कई समस्याओं से भी अवगत कराया है। उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना गया और जल्द ही उनकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनता को किया जाएगा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भजन, नाटकों द्वारा नशे के दुष्प्रभावों के बारे लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि प्रदेश को नशा मुक्त बनाया जा सके। इसके लिए सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष प्रचार अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री पंचकूला में नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर सोमवार देर सायं नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत आयोजित लोक रंग सांझ




कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा चलाए जाने वाले प्रचार अभियान की विवरणिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नशा मुक्त अभियान में लोक कलाकारों द्वारा फोक, रागिनी एवं नाटक के माध्यम से हरियाणवी भाषा में लोगों को नशे की आदत को छोड? के लिए प्रेरित किया जायेगा। इस विशेष प्रचार-प्रसार अभियान में गांवों के सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों और कॉलेजों में भजन एवं नाटक मण्डलियों द्वारा लगातार कार्यक्रम किए जाएँगे। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि विशेष प्रचार अभियान के तहत जिला फरीदाबाद में भी निरंतर भजन मंडलियां व ड्रामा यूनिट द्वारा सभी गांवों व शहरी क्षेत्रों में नशे के खिलाफ तथा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में आज मंगलवार को जिला स्थित गाँव पुरानी भूपानी, महाबतपुर, बस्कोला में हरिकिशन भजन पार्टी द्वारा तथा तिगांव में शत्रुघन नागर ड्रामा पार्टी सहित अन्य 4 भजन पार्टियों द्वारा जिला के विभिन्न गाँवों में ग्रामवासियों को नशे के खिलाफ तथा प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं बारे नाटकीय रूप में आमजन का मनोरंजन करते हुए जागरूक किया गया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने बताया कि इस विशेष प्रचार अभियान के माध्यम से आमजन को सरकार द्वारा पिछले नौ वर्षों में किए गए विकास कार्यों व सरकार द्वारा लागू की गई विभिन्न जन हितैषी योजनाओं जैसे मेरी फसल मेरा ब्यौरा, ई खरीद पोर्टल, ई-नाम कृषि उपज मंडियां, किसान मित्र योजना, धान के स्थान पर अन्य फसलों जिनमें मक्का, कपास, बाजरा, दाल चना व चारा को प्रोत्साहित करने के लिए फसल विविधीकरण के तहत सात हजार रुपये की सब्सिडी, स्वामित्व योजना, अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, चिरायु कार्य, परिवार पहचान पत्र से मिलने वाले लाभ, हर घर नल से जल, चिरायु योजना सहित आमजन को लाभ देने के लिए शुरू की गई सैकड़ों योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

# पत्नी पर शक होने पर युवक ने की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी में पत्नी पर शक होने पर एक युवक ने उसके सिर में टाइल मारकर हत्या कर दी। थाना डबुआ में ग्राम अनबोला थाना जहानगंज जिला फरुखाबाद (उ.प्र. ) के रहने वाले आनंद कुमार दी शिकायत में बताया कि बहन गीता देवी (सुधा) की शादी करीब साढे छह वर्ष पहले डबुआ कॉलोनी के रहने वाले दीपक कुमार के साथ की थी। दीपक मूल रूप से ग्राम अस्योली थाना कोतवाली मैनपुरी जिला मैनपुरी (उ.प्र.) के रहने वाला है। उनकी बहन के एक पांच साल का बेटा योगेश है। दीपक यहां गाड़ी चलाता है। वह अक्सर बहन के साथ मारपीट करता था। उसे काफी बार समझाया था लेकिन वह नहीं माना। कुछ दिन पहले



दीपक ने फोन कर उसे बताया कि तुम्हारी बहन किसी अन्य आदमी से फोन पर बातचीत करती है। इसी वजह से वे उसकी बहन से रंजिश रखता था। अब दीपक ने उसकी बहन गीता के सिर पर इंटरलॉकिंग टाइल मार दी, जिससे बहन की मौत हो गई। इस घटना की सूचना पाकर वह फरीदाबाद पहुंचे। बहन के पड़ोस में रहने वालों से घटना के बारे में जानकारी ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। गीता लहूलुहान फर्श पर पड़ी थी। पुलिस ने शव को बादशाह खान नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मौके से दीपक फरार हो गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित दीपक की तलाश शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### बागवानी विभाग द्वारा गाँव सिराही, जसाना व खंडावली में किसानों के लिए जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया: डॉ. रमेश कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेंश कुमार ने बताया कि आज वीरवार को जिला स्थित गाँव पावटा, जाजरू तथा मधावली में ग्राम स्तरीय जागरूकता कैम्प आयोजित किए गए। उन्होंने आगे बताया कि इस जागरूकता कैम्प में गाँवों के किसान सरपंच/पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इन जागरूकता कैम्प में मेंरी फसल मेंरा ब्यौरा, मेंरा पानी मेंरी विरासत, मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना, भावान्तर भरपाई योजना व विभागीय योजनाओं के पंजीकरण करने हेतू व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने व जल शक्ति अभियान के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। उक्त कैंप में बागवानी अधिकारियों द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं से रूबरू करवाया गया। इसके अतिरिक्त बागवानी विभाग द्वारा किसानों को योजनाओं के पम्पलेट्स भी वितरित किए गए ताकि किसान ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ ले सके। तथा विभाग की सभी योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। इसी प्रकार से जिला फरीदाबाद के सभी गाँवों में जागरूकता कैम्प आयोजित किए जाएँगे। तथा जिला फरीदाबाद के सभी गाँवों में कैम्प्स माह अगस्त तक किए जाएँगे। डॉ. रमेंश कुमार ने कहा कि किसानों से आहवान किया की किसान विभागीय योजनाओं को ज्यादा से ज्यादा अपनाएँ। जिससे किसान बागवानी फसले लेकर अपनी आय बढा सकें। उन्होंने किसानों से आहवान किया की विभागीय योजना मेंरा पानी मेरी विरासत को अपनाकर धान की फसल को छोडकर बागवानी फसलें अपनाएँ जिससे पानी की बचत हो सके तथा अधिक आय प्राप्त कर सकें। खेतों में फलदार पौधे के बाग लगाने वाले किसानों को बागवानी विभाग अब ज्यादा अनुरान देगा। अब विभाग ने किसानों को मिलने वाली अनुदान राशि को 50प्रतिशत तक कर दिया है। बाग लगाने वाले किसानों को अनुदान राशि तीन भागों में दी जाएगी। अधिक अनुदान राशि देकर सरकार का मकसद किसानों की आय व फलों के उत्पादन को बढ़ाना है। एक किसान को अधिकतम 10एकड़ बाग तक अनुदान राशि दी जा सकती है। बाग लगाने वाले किसानों को चार श्रेणियों में अलग-2 मिलेगी अनुदान राशिः- पहली श्रेणी में एक एकड़ में छः सात मीटर की दूरी पर 95 पौध लगाए जाएँगे। इसमें अमरूद, बेर, नींबू, मौसमी के पौधे हो सकते है। इसमें जो किसान धान की फसल की जगह बाग लगायेंगें उन्हें 32500/- रुपए प्रति एकड़ व जो किसान सामान्य जगह पर बाग लगायेंगें उन्हें 25500/- रुपए प्रति एकड़ अनुदान राशि विभाग द्वारा दी जाएगी। पहले साल जो किसान धान की फसल की जगह बाग लगाएँगे उन्हें 19500/- रुपए व सामन्य जगह पर बाग लगाने वाले किसानों को 12500 रुपए दिये जाएँगे। दूसरे व तीसरे साल 6500-6500/- रुपए विभाग द्वारा किसान को मोहिया कराये जाएँगे। दूसरी श्रेणी में छह-छह मीटर पर एक एकड़ में 110 या इससे ज्यादा पौधे अमरूद, निम्बू आदि के फलदार पौधे लगेंगे। इसमें जो किसान धान की फसल की जगह बाग लगायेंगें उन्हें 50000/- रू0 प्रति एकड़ व जो किसान सामान्य जगह पर बाग जगायेंगें उन्हें 43000/- रू0 प्रति प्रति एकढ के हिसाब से विभाग द्वारा अनुदान राशि दी जाने का प्रवाधान है। पहले वर्ष किसान को धान की फसल की जगह बाग लगाने वाले पर 30000/-रू0 व सानान्य जगह पर बाग लगाने पर 23000/- रू0 दिये जाएगें। दूसरे व तीसरे साल 10-10हजार रू0 प्रति एकड़ किसानों को मिलेंगे। चैथी श्रेणी में 8-8 मीटर दूरी पर टिश्यू कल्चर खजूर के बाग लगाने पर 1लाख 40हजार रू0 किसान को दिये जाने का प्रवाधान किया गया है। पहले साल किसान को 84000/- रू0, दूसरे व तीसरे साल किसान को 28-28 हजार रू किसान को अनुदान राशि के रूप में दिया जाएगा। जगरूकता कैम्प में जिला उद्यान अधिकारी कर्यालय में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारीयों ने विभाग की मुख्य योजनाओं के बार में किसानों को विस्तार से जानकारी दी जिनका ब्यौरा इस प्रकार से हैः- ब्ब्क् (फसल कलस्टर विकास प्रोग्राम) योजना के अंतर्गत सब्जी उत्पादन पर 15000/-एकड़, मल्चिंग 6400/-रुपए एकड़, प्लास्टिक टनल पर रुपए 14.50प्रति वर्ग मीटर (कवर्ड क्षेत्र के आधार पर) , बांस स्टैकिंग पर 31250/-रुपए प्रति एकड़, आयरन स्टैकिंग पर 70500/-रुपए प्रति एकड़, अनुदान बागवानी विभाग द्वारा किसानों को दिया जाता है।

## जींद : व्यक्ति की ईंट मार कर हत्या

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
गांव सिवाहा में मंगलवार सुबह एक व्यक्ति के शव मिलने की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक का शव खून से सना हुआ था। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर दो युवकों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार गांव सिवाह निवासी सत्यवान अपने दो दोस्तों मनजीत और खेड़ी तलोढा निवासी शील्लू के साथ गांव की चौपाल के पास ही बैठकर शराब पी रहे थे। आधी रात तक आसपास के लोगों ने तीनों को ऊंची आवाज में बातें करते सुना। इसी बीच शील्लू सत्यवान की बाइक लेकर चला गया।

# मातृ शक्ति के विकास व उत्थान के लिए सरकार प्रतिबद्ध: कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2017 में शुरू की गयी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (ढटट्श ) का लाभ पूरे देश भर में लगभग 3 करोड़ 32 लाख से अधिक माताओं बहनों को मिला है। मातृ शक्ति के विकास तथा नारी उत्थान के लिए केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की मनोहर सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। जिला फरीदाबाद की 40 हजार से ज्यादा माताओं व बहनों को इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। केंद्रीय भारी उद्योग



एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर आज मंगलवार को सेक्टर-12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन हॉल में आयोजित ह्लमातृ वंदना योजना लाभार्थी उत्सवह्व में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर लोगों को संबोधित कर रहे थे। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मिनाक्षी चौधरी द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गयी इस योजना का मुख्य उद्देश्य है कि माताओं व बहनों के गर्भ में पल रही हमारी आने वाली पीढ़ी स्वस्थ रहे। हमारी माताओं व बहनों को सही पोषण मिले, सरकार ने इस योजना के माध्यम से यह सुनिश्चित किया है। किसी भी परिवार में पहली बार गर्भवती हुई महिला को अच्छा स्वास्थ्य और सही खान-पान देने के लिए सरकार द्वारा किश्तों में सहायता राशि उक्त योजना के तहत प्रदान की जाती है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि पात्र महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ अवश्य उठाना चाहिए। योजना के तहत कुल 5 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसमें पहली किश्त एक हजार रुपये की है। दूसरी किश्त 2 हजार रुपये की व तीसरी किश्त भी 2 हजार रुपये की निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला का किसी भी सरकारी स्वास्थ्य इकाई में 150 दिनों के भीतर पंजीकरण पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करवाने पर पहली किश्त का भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही उक्त महिला के पास आवेदन प्रपत्र 1ए, एमसीपी कार्ड, पहचान प्रमाण पत्र, बैंक, पोस्ट ऑफिस अथवा अकाउंट पासबुक का होना भी जरूरी है।

# मां ने डांटा तो युवक ने नहर में कूदकर दी जान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** झगड़े से नाराज युवक ने गुरुग्राम नहर में कूद कर आत्महत्या कर ली। सेक्टर-तीन के रहने वाले 27 वर्षीय विजय का सेक्टर-सात में लेबर चौक पर किसी मिक्की नाम के व्यक्ति के साथ झगड़ा हो गया। इस दौरान उसे चोट लग गई थी और खून निकला हुआ था। वह अपने घर पहुंचा, तो उसकी मां शारदा ने उससे खून निकलने क कारण पूछा। उसने बताया कि उसका किसी से झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान चोट लग गई। इस बात पर मां ने उसे डांट दिया कि हर समय झगड़ा करता रहता है। इस बात पर उसने अपनी मां से कहा कि फिर वह आज मर ही



जाता है। इतना कह कर वह गुरुग्राम नहर की तरफ भाग लिया। उसकी मां भी उसके पीछे-पीछे भाग रही थी। उसने गुरुग्राम नहर में छलांग लगा दी। इसके बारे किसी ने सेक्टर-तीन पुलिस चौकी में सूचना दे दी। सूचना के बाद पुलिस ने उसकी नहर में तलाश शुरू कर दी। चौकी इंचार्ज सीमा का कहना है कि जहां पर उसने छलांग लगाई थी, उससे 100 मीटर की दूरी पर विजय का शव मिल गया है। शव को बादशाह खान अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। पोस्टमार्टम मंगलवार को किया जाएगा।

## सांड ने व्यक्ति को सिर के बल पटका, मची भगदड़

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
कैथल की सब्जी मंडी में एक आवारा सांड ने सब्जी बेचने वाले एक व्यक्ति को उठाकर सिर के बल पटक दिया। व्यक्ति हवा में उछल कर नीचे गिरा और उसे गंभीर चोटें लगी हैं। घटना मंगलवार सुबह की है। मंडी में सांडों का आतंक देखकर भगदड़ मच गई। आवारा सांडों के आतंक के कारण सब्जी मंडी के व्यापारियों में रोष है। सब्जी मंडी में आए शहर के लोगों ने भी इस घटना पर नाराजगी जाहिर की। घटना का सीसीटीवी फुटेज शहर में खूब वायरल हो रहा है। गांव बुढ़ाखेड़ा निवासी 38 वर्षीय भाग सिंह अपनी गाड़ी में प्रतिदिन सब्जी मंडी कैथल में सब्जी बेचने के लिए आता है।

# किशन सिंह ठाकुर बने विश्व हिन्दू तख्त के राष्ट्रीय प्रचारक व उत्तर प्रदेश के प्रभारी



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** विश्व हिन्दू तख्त के प्रमुख एवं एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य मंगलवार को दो दिवसीय फरीदाबाद दौरे पर पहुंचे यहाँ उन्होंने बल्लभगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अयोध्या में संतों के आह्वान पर गठित विश्व हिन्दू तख्त बारे जानकारी दी और फरीदाबाद से किशन सिंह ठाकुर को विश्व हिन्दू तख्त का राष्ट्रीय प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया ' इस अवसर पर आनंद सिंघ तोमर, केशव प्रदान, गौरव ठाकुर भी मौजूद रहे ' विश्व हिन्दू तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य का किशन सिंह ठाकुर समेत कई स्थानीय गणमान्यों ने जोरदार स्वागत किया और शांडिल्य को पगड़ी पहनाकर सम्मान दिया ' विश्व हिन्दू तख्त के प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने देश के सौ करोड़ हिन्दुओं से आह्वान किया कि वह हर मंगलवार को अपने इष्ट देवी-देवता के मंदिर में जाने की आदत डाले। उन्होंने कहा कि शाम को 7 से साढ़े 7 के बीच हिन्दू कहीं भी हो, वह मंदिर अवश्य जाए, क्योंकि वह समय पूजा-अर्चना व आरती का होता है। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि अगर सनातन को मजबूत होना है तो हर हिन्दू को मंदिर जाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे शुक्रवार को मुसलमान मस्जिद जाता है और रविवार को ईसाई चर्च जरूर जाता है। इसी तरह सौ करोड़ हिन्दुओं को भी मंदिर जाना चाहिए। आज हर जगह मंदिर है। तब जाकर हिन्दू संगठित, शक्तिशाली और सनातन से जुड़ेगा और सनातन में फैली कुरीतियाँ दूर होंगी। विश्व हिन्दू तख्त ने आह्वान किया है कि अब सौ करोड़ हिन्दुओं को माथे पर तिलक, जनेऊ का धारण करना होगा और घरों में त्रिशुल, परसे रखने होंगे। सौ करोड़ हिन्दुओं को आने वाले समय में अपनी रक्षा के लिए हथियारों के लाइसेंस बनवाने चाहिए। ताकि हिन्दू धर्म की रक्षा व अपने स्वाभिमान की रक्षा की जा सके। अपनी सनातन संस्कृति की रक्षा की जा सके। विश्व हिन्दू तख्त ने आह्वान किया है कि जैसे मुसलमान जहां होता है, जिस स्थान पर होता है, वहीं नमाज पढ़नी शुरू कर देता है। वहीं अब हिन्दुओं को भी मंदिर जाने का संकल्प लेना चाहिए।

# विधायक राजेश नागर ने संतोष नगर में सुनीं लोगों की समस्या

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
विधायक राजेश नागर ने तिगांव विधानसभा क्षेत्र के संतोष नगर में स्थानीय लोगों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें जल्द से जल्द राहत देने की बात कही। विधायक राजेश नागर का संतोष नगर निवासियों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर नागर ने उनसे स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। जिनमें पावर कट और कुछ गली खडंजे की मांग प्रमुख रूप से शामिल रहीं। विधायक ने बिजली कटों से जल्द मुक्ति मिलने की बात कही। उन्होंने कहा कि सेक्टर 37 में बन रहे बिजली सब स्टेशन से भरपूर बिजली मिलने वाली है।



जिसके बाद पावर कट बीते जमाने की बात हो जाएगी। वहीं जरूरी जगहों पर तारों, जम्फर, ट्रांसफार्मर आदि की क्षमता बढ़वाने के लिए भी उन्होंने कहा। इसके अलावा आधार कार्ड बनवाने एवं उनमें सुधार की मांग पर भी उन्होंने कहा कि सेक्टर 37 कार्यालय में 30 जून से 30 जुलाई तक आधार कार्ड कैंप लगाया जा रहा है, जिसमें लाभ उठाएं। वहीं स्ट्रीट लाइट के लिए भी विधायक ने जल्द समाधान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसका टेंडर लगवाया जा रहा है। जल्द ही आपके यहां भी लाइटें लगाने का काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने मौके पर ही बिजली निगम के अधिकारियों को इसके लिए निर्देश दिए।
इसके अलावा संतोष नगर में सीवर लाइन के लिए जल्द सर्वे करवाने की बात भी विधायक ने कही जिससे स्थानीय निवासी बड़ा प्रसन्न नजर आए और उन्होंने विधायक राजेश नागर जिंदाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर भाजपा नेता गिर्राज शर्मा, पूर्व पार्षद राजेश तंवर, बासुदेव भारद्वाज, बिरजू शर्मा, मनीष झा, रजनीश राठौर, लालजी मिश्रा, विरेंद्र यादव, टीटू भाई, मास्टर राजेश, गुड्डन प्रधान, हासिम खान, पतिराम यादव, राजू सिंह, विरेंद्र लाल, श्याम मंडल प्रधान, गणेश आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# फरीदाबाद के भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सुना मोदी जी का मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, 27 जून (हरपाल सिंह यादव )।** आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के "मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद" कार्यक्रम को जिला फरीदाबाद के सभी वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं व नेताओं द्वारा बूथ स्तर पर भाजपा कार्यकताओं के साथ फरीदाबाद के सभी 20 मंडलों में सुना गया । केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने तिगांव विधानसभा के सराय मंडल स्थित सेक्टर 28 कार्यालय पर प्रदेश स्थानीय निकाय सह संयोजक और निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी, पार्षद अजय बैसला, जितेन्द्र यादव, जिला मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता, सोशल मीडिया संयोजक अमित मिश्रा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राजबाला सरधाना, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र



यादव,डाटासंकलन विभाग जिला संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा,जिला संयोजक,जल संरक्षण विभाग मुकेश शर्मा और बूथ कार्यकत्ताओं के साथ सुना। जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने अजरौंदा मंडल स्थित भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर "मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद" कार्यक्रम को महाजनसंपर्क अभियान फरीदाबाद लोकसभा के सह संयोजक सोहनपाल सिंह, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, जिला विस्तारक मंजीत जांगड़ा,जिला सह मिडिया प्रमुख राज मदान, जिला प्रशिक्षण प्रमुख प्रवीण चौधरी,मनीष रावत,सत्येन्द्र दुग्गल,अश्वनी गुलाटी,आशा राणी,विष्णु शर्मा व अन्य कार्यकत्ताओं के साथ सुना और बल्लभगढ़ मंडल में वरिष्ठ भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, मंडल अध्यक्ष कैलाश वशिष्ठ, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ईश्वरचंद गोयल के साथ मोदी जी के मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम को सुना। विधायक सीमा त्रिखा ने बडखल मंडल के ब्लू बर्ड स्कूल एसजीएम नगर में मंडल अध्यक्ष सतेन्द्र पाण्डेय और भाजपा कार्यकताओं के साथ सुना और विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने अजरौंदा मंडल के सामुदायिक भवन सेक्टर 16 फरीदाबाद में मोदी जी के ह्लमेरा बूथ सबसे मजबूत संवादह्व कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल,मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहनी व कार्यकताओं के साथ सुना । गोपाल शर्मा ने बताया कि भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं, मंत्री, विधायक, जन प्रतिनिधियों और भाजपा के सभी प्रदेश, जिला और मंडल के कार्यकताओं ने किसी ना किसी मंडल में आयोजित कार्यक्रम में मोदी जी के "मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद" अपने मंडल के बूथ पर बड़ी स्क्रीन लगाकर सुना गया । भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधनमंत्री मोदी जी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित रहे । इस कार्यकम में सम्पूर्ण भारत से आये अल्पकालिक विस्तारक उपस्थित रहे, मोदी जी का "मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद" पूरे देश में 10 लाख से ज्यादा कार्यकताओं द्वारा सुना गया ।
जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी का बूथ के कार्यकताओं के साथ संवाद बहुत ही प्रेरणादायक और कार्यकताओं में उर्जा भरने वाला रहा । मोदी जी ने कहा कि भाजपा की बूथ कमेटी की पहचान सेवा से होनी चाहिए, सेवा भाव से होनी चाहिए । बूथ के अन्दर संघर्ष की जरुरत नहीं होती, सेवा ही एकमात्र माध्यम है । बूथ के लोगों की सेवा करना ही बूथ को मजबूत करने का मंत्र है । देश के अलग अलग प्रदेशों से कार्यकताओं के सवालों के जवाब देते हुए माननीय प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा तुष्टिकरण नहीं संतुष्टिकरण और सेवा की राजनीति करती है । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विपक्षी पार्टियाँ देश के गरीब और मध्यम वर्ग की जेब काटकर लाखों करोड़ों के घोटाले कर देश की गरीब जनता को लुटने का काम करती हैं । उन्होंने कहा की विपक्षी दल भ्रष्टाचार की गारंटी है तो मोदी की भी एक गारंटी है कि एक भी घोटालेबाज को बक्शा नहीं जायेगा । अगर अपने बेटे बेटी और परिवार का भला करना है तो सिर्फ भाजपा को वोट दें । आज भारत हमारे संस्कार अलग हैं, हमारे संकल्प बड़े हैं और हमारी प्राथमिकता दल से पहले देश है । हमारा लक्ष्य किसी लाभार्थी को एक योजना का लाभ देना नहीं है, हमारा लक्ष्य २३४१३ङ्क्ल्ल का है... शत-प्रतिशत कवरेज का है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 28 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### ईद-उल-अजहा की नमाज को लेकर बदला रहेगा लखनऊ का यातायात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व गुरुवार को मनाया जाएगा। ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह छह बजे से अदा की जाएगी। इसके मद्देनजर यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सुबह छह बजे से नमाज की समाप्ति तक यातायात डायवर्ट किया गया है। पुलिस उपायुक्त यातायात कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, सीतापुर रोड की तरफ से आने वाला यातायात डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग तिराहे से कोई भी यातायात पक्का पुल, टीले वाली गस्जिद की ओर नहीं जाने दिया जायेगा, बल्कि यह वाहन डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग ओवरब्रिज से बाएं मुड़कर चौराहा नम्बर आठ निरालानगर से आईटी की ओर होकर जा सकेंगे।

### मिजोरम में 1.33 करोड़ की हेरोइन बरामद

**आइजोल:** मिजोरम में असम राइफल्स, एक्साइज और एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड टीमों ने संयुक्त रूप से आइजोल शहर से सटे इलाके में छापेमारी कर 1.33 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन बरामद की है। यहां से म्यांमार के दो नागरिकों को गिरफ्तार भी किया गया है। असम राइफल्स के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर असम राइफल्स, एक्साइज और एंटी-नारकोटिक्स स्क्वाड की एक संयुक्त टीम ने सोमवार की शाम को आइजोल शहर से सटे इलाके में छापेमारी की। इस दौरान ड्रग्स की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों लोग म्यांमार के नागरिक हैं। उनके कब्जे से 15 साबुनदानी में 191 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। बरामद हेरोइन की अनुमानित कीमत 1 करोड़, 33 लाख 70 हजार रुपये आंकी गई है।

### उत्तर बस्तर में 45.9 मिमि वर्षा हुई दर्ज

**कांकेर।** जिले में लगातार दो दिनों से बारिश हो रही है, कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने सतर्कता बरतने के लिए सभी एसडीएम, तहसीलदारों को निर्देशित किया है, साथ ही वर्षा मापी यंत्र को दुरुस्त रखने के निर्देश दिये गये हैं। अधीक्षक भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिले में मंगलवार को 45.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कांकेर तहसील में 38.9 मिली मीटर,चारामा में 60.4 मिली मीटर, अंतागढ़ में 21.1 मिली मीटर, पखांजूर में 41.8 मिली मीटर, नरहरपुर में 51.7 मिली मीटर और सरोना तहसील में 10.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# बारिश ने मचाई भारी तबाही...

### उत्तर-पश्चिमी राज्यों में 12 गुना तक ज्यादा बारिश, मानसून के एक्टिव होने से बिजली गिरने के मामले भी बढ़ सकते हैं, मौसम विभाग ने एडवायजरी भी जारी की है

**सावधानी बरतें**

**ß उत्तर-पश्चिमी राज्यों में 24 घंटे में सामान्य से 2 से 12 गुना तक अधिक बारिश हुई है**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कुछ दिनों की** सुस्ती के बाद मानसून लगभग पूरे उत्तर और उत्तर पश्चिम भारत में पहुंच गया है। उत्तर-पश्चिमी राज्यों में 24 घंटे में सामान्य से 2 से 12 गुना तक अधिक बारिश हुई है। सोमवार को मानसून पंजाब और गुजरात में और आगे बढ़ा। देश के पूर्वी, मध्य, उत्तर-पश्चिम व पश्चिमी राज्यों में पांच दिन मानसून सक्रिय रहेगा। अगले 24 घंटे में 24 राज्यों में भारी बारिश का अनुमान है। दो दिन में बारिश और भूस्खलन जैसी घटनाओं से आठ राज्यों में 33 लोगों की मौत हुई है। इनमें से 9 हिमाचल प्रदेश में, 6 मुंबई में, 6 राजस्थान में, 2-2 हरियाणा और पंजाब में हुईं। मंगलवार को उत्तराखंड के अल्मोड़ा में उफनती नदी में 16 और 17 साल के भाई-बहन बह गए। छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हुई है। दिल्ली में करंट लगने से 1 महिला की जान गई है। हिमाचल के मंडी जिले में 48 घंटे में भूस्खलन की दो घटनाएं हुईं। इसके चलते चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे-21 दो जगहों पर घंटों बंद रहा। इस रूट पर लगा जाम 20 घंटे बाद खुला। अब भी यहां 150 रोड बंद हैं। ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में 102.5 करोड़ रुपए के नुकसान की आशंका है।

मानसून के एक्टिव होने से बिजली गिरने के मामले भी बढ़ सकते हैं। मौसम विभाग ने एडवायजरी भी जारी की है। मध्य प्रदेश में 24 जून को मानसून की एंट्री मंडला जिले से हो गई। सोमवार को 16 जिलों में तेज और रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। मंगलवार को भी ऐसा ही मौसम रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने बैतूल, हरदा, बुरहानपुर और खंडवा में अति भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। वहीं, भोपाल, विदिशा समेत 20 जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

**राजस्थान: पाली-राजसमंद में 4 इंच तक बरसात; 14 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट:** राजस्थान में एंट्री के साथ ही मानसून जोर पकड़े हुए है। 24 घंटों में जयपुर, झुंझुनूं, सीकर, राजसमंद, अलवर, पाली समेत कई शहरों में 2 से लेकर 4 इंच तक पानी बरसा। राज्य में लगातार हो रही बारिश से कई छोटे डैम ओवरफ्लो हो गए। बरसाती नदियां, झरने बहने लगे हैं।

हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग ने 6 दिन बारिश का अलर्ट जारी किया है। चंबा, किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य सभी जिलों को ऑरेंज अलर्ट और कल से अगले 72 घंटे के लिए यलो अलर्ट दिया गया है। प्रदेश में 3 दिन से हो रही भारी बारिश के बाद 150 से ज्यादा सड़कें यातायात के लिए बंद पड़ी हैं।

### जब मानसून आ गया तो बारिश क्यों नहीं हो रही..

**पटना** मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी आशीष कुमार के मुताबिक बिहार की तरफ आने वाला मानसून सिस्टम मध्य भारत की तरफ चला गया है। इसकी वजह से प्रदेश में मानसून का मजबूत सिस्टम नहीं बन पाया है। मानसून का जोर नहीं पकड़ने का दूसरा बड़ा कारण नमी है।

### छत्तीसगढ़: बारिश से कई बस्तियां, कॉलोनियां जलमग्न



**रायपुर** शहर में पूरे दिन और रातभर बारिश होती रही। इस वजह से कई जगहों पर जल जमाव हो गया। तेलीबांधा आनंद विहार और आनंद नगर में तो जरा सी बारिश में किसी की गाड़ी डूब गई तो किसी का बेडरूम। लोगों के किचन, डायनिंग एरिया में नाली का पानी भर गया। घर में बदबूदार पानी में सोफा, फर्नीचर सब डूबा रहा। वार्ड के पार्षद कामरान अंसारी ने बताया कि जब लोगों के घरों में पानी भरा तो हमने निगम आयुक्त को इसकी जानकारी दी। वो भी मौके पर आए और इस संबंध में कार्रवाई की बात कही। हमने कुछ जगहों से खउइ से नाला खुदवाकर पानी बाहर निकालने का प्रयास किया मगर बारिश की वजह से जेसीबी भी दलदली मिट्टी में फंस रही थी। एक दो दिन और बारिश हुई तो परेशानी बढ़ेगी।

# प्लास्टिक प्रदूषण से नदियों की भयावह स्थिति



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**उत्तर प्रदेश में** नदियों की स्वच्छता के दावे करने वाले सिंचाई व जलसंसाधन विभाग के प्लास्टिक प्रदूषण पर सारे दावों की पोल खुल जाती है। प्लास्टिक प्रदूषण से नदियों की स्थिति भयावह हो चुकी है। अब विभागीय अधिकारियों की प्लास्टिक प्रदूषण पर नींद टूटी है।

उत्तर प्रदेश से लगे हुए पहाड़ी क्षेत्र में बारिश के बाद गंगा, घाघरा नदियों में जल प्रवाह तेज है। इसके कारण छोटी नदियों में भी जल भराव की स्थिति है। नदियों में जल की मात्रा बढ़ने पर उसमें पड़ी गंदगियां और प्लास्टिक के टुकड़े ऊपर आ गये है। नदियों के किनारे एकत्रित होते मिल रहे हैं। गोरखपुर में राप्ति नदी में जल बढ़ा हुआ है और उसके कारण नदी किनारे मिट्टी में दबी हुई प्लास्टिक की थैलियां, पुरानी बोतलें तैरती हुई ऊपर आ गयी है। लखनऊ में गोमती नदी में प्लास्टिक प्रदूषण ही है कि पक्का पुल से डालीगंज पुल के बीच नदी में प्लास्टिक तैरती हुई दिख जाती है। प्लास्टिक से फैलने वाले प्रदूषण को दूर करने के लिए सामाजिक संगठन बार बार अपील करते रहे हैं, बावजूद आजतक गोमती नदी में प्लास्टिक प्रदूषण रोकने पर ठोस कार्य नहीं हो सका।

**विभाग जागा**

**ß नदियों में जल की मात्रा बढ़ने पर उसमें पड़ी गंदगियां और प्लास्टिक के टुकड़े ऊपर आ गए**

# नशा निवारण: राज्यपाल ने सरकार के प्रयासों को सराहा

**नशा मुक्ति**



**ß राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हरोली से कांगड़ ब्रिस्क वॉक को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने ऊना जिला के हरोली से कांगड़ तक नशे के खिलाफ आयोजित ब्रिस्क वॉक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी उपस्थित थे। वॉक में समाज के हर वर्ग, विभाग और शिक्षण संस्थानों के लोग भी शामिल हुए। इस नई पहल के साथ राज्यपाल ने हरोली से करीब दो किलोमीटर पैदल चलकर नशे के विरूद्ध जन जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री की पत्नी प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री, वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। शुक्ल ने कहा किए मुझे खुशी है कि जिस भावना के साथ मैं हिमाचल में नशे के विरूद्ध अभियान चला रहा हूं, उसे सरकार, प्रशासन और समाज के सभी वर्गों का समर्थन और सहयोग प्राप्त हो रहा है। उप-मुख्यमंत्री ने नशे के विरूद्ध मेरे अभियान को और मजबूत किया है। मुझे यकीन है कि हिमाचल अब नशे के विरूद्ध निर्णायक लड़ाई लडने के लिए तत्पर है। पदयात्रा के अंतिम पड़ाव कांगड़ में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने नशे के विरूद्ध नई पहल के साथ कार्यक्रम आयोजित करने के लिए उप-मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना की और कहा कि हिमाचल को नशामुक्त बनाना हमारा कर्तव्य है।

### कोई मार खाकर चुप नहीं रहेगा : दिलीप घोष

**टीम एक्शन इंडिया/जयनगर**

कोई मार खाकर चुप नहीं रहेगा। मंगलवार को दक्षिण 24 परगना जिला अन्तर्गत जयनगर इलाके में चुनाव प्रचार के दौरान दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यह बात कही। उल्लेखनीय है कि सोमवार शाम मुर्शिदाबाद जिले के डोमकल इलाके में हुई गोलीबारी में चार तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता घायल हो गये थे। इसी आधार पर दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। अब तक तृणमूल पोषित गुण्डावाहिनी अकेले ही इलाके में विरोधी पार्टी के कार्यकर्ताओं व समर्थकों को डराया धमकाया करते थे।

### बकरीद में सरकारी आदेशों का पालन करते हुए करें कुर्बानी: मदनी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने मंगलवार को एक एडवाइजरी जारी कर मुस्लिम भाईयों को बकरीद का त्योहार शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बकरीद पर मुस्लिम समाज के लोग प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी से बचें। कुर्बानी करते समय सरकारी आदेशों का पूर्णतः पालन करें। जमीयत उलमा-ए-हिन्द के प्रेस सचिव फजलुर्रहमान की तरफ से मौलाना अरशद मदनी का बयान जारी किया है। इसमें कहा है कि इस्लाम में कुबार्नी का कोई विकल्प नहीं हैं। यह एक धार्मिक जिम्मेदारी है, जिसका पालन करना हर क्षमता रखने वाले मुसलमान पर अनिवार्य है। इसलिए जिस व्यक्ति पर कुर्बानी अनिवार्य है, उसे हर हाल में इस कर्तव्य को निभाना है। मौलाना मदनी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जरूरी है कि मुसलमान खुद सावधानी से काम लें। सोशल मीडिया पर कुबार्नी के जानवरों की फोटो आदि शेयर न करें। प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी से बचें और चूंकि मजहब में इसके बदले काले जानवर की कुर्बानी जायज है। प्रभावशाली लोगों द्वारा स्थानीय प्रशासन को भरोसे में लेकर कुर्बानी की जाए। अगर फिर भी इस धार्मिक कर्तव्य को निभाने का कोई रास्ता न निकले तो जहां लोगों को परेशानी न हो।

# लव जिहाद के आरोपित के घर चला बुलडोजर

**सख्ती**

**ß कार्रवाई की है। लापरवाही के आरोप के बाद घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सख्त कार्रवाई की है**

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर**

**लव** जिहाद मामले में मंगलवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपित के घर को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। । परिजनों ने इस मामले में पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है। लापरवाही के आरोप के बाद घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सख्त कार्रवाई की है।

हिन्दू संगठन भी इस घटना से नाराज हैं और मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ज्वालागंज में आरोपित सिकंदर के घर व ब्रदर्स ट्रैवेल्स ऑफिस को आज भारी पुलिस के साथ प्रशासन ने बुलडोजर चला ध्वस्त कर दिया। लव जिहाद की शिकार युवती का शव राधानगर थाना क्षेत्र के उमरी गाँव पहुंचने पर बजरंगदल और विश्व हिन्दू परिषद् के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और आरोपित सोनू उर्फ सिकंदर के घर परिजनों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग की।

जघन्य घटना की सीबीआई जाँच कराये जाने की मांग करते हुए पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की है।

गौरतलब है कि कि बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर गाँव में एक गेस्ट हाउस से 500 मीटर की दूरी पर एक खंडहर में मरणासन्न हालत में युवती को देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। नाजुक हालत देख पुलिस ने कानपूर हैलट में भर्ती करवाया, जहां युवती ने दम तोड़ दिया था।

**स्वीकृति** निम्नवर्गीय लिपिक- 593, उच्च वर्गीय लिपिक - 42, प्रधान लिपिक 31 एवं कार्यालय अधीक्षक के 09 पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई

# बिहार कैबिनेट: पंचायती राज विभाग में 675 पदों पर होगी बहाली


**कैबिनेट फैसला**



**ß कुल दो करोड़ दो लाख पचास हजार रुपये पर कर सेवा लिये जाने की स्वीकृति दी गई है**

**टीम एक्शन इंडिया/पटना।**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न मंत्रिपरिषद् की बैठक में पंचायती राज विभाग में 675 पदों पर बहाली सहित 25 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। कैबिनेट सेक्रेटरी एस सिद्धार्थ ने मंत्रिपरिषद के निर्णय के बाद प्रेस वार्ता में बताया कि क्षेत्रीय कार्यालयों में लिपिकीय संवर्ग नियमावली, 2018 के गठन के फलस्वरूप विभाग के नियंत्रणाधीन क्षेत्रीय कार्यालय में लिपिक संवर्ग के विभिन्न पद सोपान के पूर्व से सृजित पदों के अतिरिक्त 67 पद जिनमें निम्नवर्गीय लिपिक- 593, उच्च वर्गीय लिपिक - 42, प्रधान लिपिक 31 एवं कार्यालय अधीक्षक के 09 पदों के सृजन को स्वीकृति दी गई है। कुल दो करोड़ दो लाख पचास हजार रुपये पर कर सेवा लिये जाने की स्वीकृति दी गई है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत संचालित लक्ष्यित जन वितरण प्रणाली के तकनीकी आधुनिकीकरण के लिए अप्रैल, 2023 से मार्च, 2026 तक की अवधि के लिए लागू केन्द्र - प्रायोजित योजना सार्वजनिक वितरण प्रणाली में तकनीक के माध्यम से आधुनिकीकरण के लिए केन्द्र सरकार के साथ एमओयू हस्ताक्षरित करने की स्वीकृति दी गई है।



MARUTi
nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546